फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 13, वर्ष 14, अंक 21, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार 26 फरवरी, 2025

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

हर हर महादेव

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
स्वयंत्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर): 9696544217
SUNDAY OPEN
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद

## बाप-बेटे हत्याकांड में कांग्रेस नेता को सजा, कोर्ट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन्हें एक नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दंगा, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था।जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गईं। इसमें 2,733 लोग मारे गए थे। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया था, वहीं दूसरी तरफ 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। 587 एफआईआर में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई, जिनमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया।

सज्जन कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। कांग्रेस के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे सज्जन कुमार पर 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में भी आरोप लगाया गया था। इस मामले में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। ट्रायल कोर्ट ने कुमार को बरी किए जाने के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक और अपील लंबित है, जबकि चौथे मामले में दिल्ली की एक अदालत वर्तमान में सुनवाई कर रही है।

### इस मामले में कब-कब क्या-क्या हुआ

1991: मामले में एफआईआर दर्ज की गई।

8 जुलाई, 1994: अदालत को अभियोजन शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले। कुमार के खिलाफ आरोपपत्र दायर नहीं किया।

12 फरवरी, 2015: सरकार ने एसआईटी का गठन किया।

21 नवंबर, 2016: एसआईटी ने कहा कि मामले में आगे की जांच की जरूरत है।

6 अप्रैल, 2021: सज्जन कुमार को गिरफ्तार किया गया।

5 मई, 2021: दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया।

26 जुलाई: दिल्ली कोर्ट ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया।

1 अक्तूबर: कोर्ट ने आरोपों पर दलीलें सुनना शुरू किया।

16 दिसंबर: कोर्ट ने हत्या, दंगा, अन्य अपराधों के आरोप तय किए।

31 जनवरी, 2024: कोर्ट ने अंतिम दलीलें सुनना शुरू किया।

8 नवंबर: कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा।

12 फरवरी, 2025: कोर्ट ने कुमार को दोषी ठहराया।

25 फरवरी: कुमार को आजीवन कारावास की सजा मिली।

### अब जगदीश टाइटलर और कमल नाथ की बारी: मनजिंदर सिंह सिरसा

दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। मैं एसआईटी गठित करने और मामले को फिर से खोलने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। ये मामले 35 साल से बंद थे और सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, कमल नाथ जैसे लोग मुख्यमंत्री और सांसद के रूप में खुलेआम घूमते थे। हम मृत्युदंड की उम्मीद कर रहे थे। अब जगदीश टाइटलर और कमल नाथ की बारी है। दिल्ली के एडवोकेट एच.एस. फूल्का ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर कहा कि दो आजीवन कारावास भी बहुत बड़ी बात है। जज ने अपने फैसले में लिखा है कि हमारी और सरकार की मांग थी कि सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाई जाए। मगर वह नहीं दी गई क्योंकि उनकी उम्र 80 साल है। वे बीमार हैं और खुद को संभाल भी नहीं सकते हैं। यह कानून है कि 80 साल के ऊपर और बीमार व्यक्ति को फांसी की सजा नहीं सुनाई जाती।

### मौत की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं: गुरलाद सिंह

सिख नेता गुरलाद सिंह ने कहा कि हमें मौत की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। हम अदालत के फैसले से खुश नहीं हैं। हम सरकार से अपील करेंगे कि वे उच्च न्यायालय जाएं और सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की घोषणा करें।

# महाशिवरात्रि पर दिखेगा श्रद्धालुओं का महाज्वार

**महाकुंभ**

पूरे प्रयागराज को किया नो व्हीकल जोन



**प्रयागराज।** महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर बुधवार को संगम में स्नान के लिए फिर भीड़ उमड़ेगी। इसे लेकर पूरे प्रयागराज को एक दिन पहले नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया। प्रशासन ने भीड़ की सुचारू आवाजाही के लिए ये प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, जरूरी वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को छूट रहेगी।

कुंभ मेला पुलिस के मुताबिक प्रशासन ने सभी आगंतुकों से दिशा-निर्देशों का पालन करने और अधिकारियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। इसमें कहा गया है कि श्रद्धालुओं को अपने प्रवेश बिंदु के आधार पर नजदीक के घाटों पर ही स्नान करना चाहिए। दक्षिणी झूंसी मार्ग से आने वाले अरैल घाट का इस्तेमाल करें, जबकि उत्तरी झूंसी मार्ग से आने वालों को हरिश्चंद्र घाट और पुराने जीटी घाट की ओर जाना चाहिए। परेड क्षेत्र के प्रवेशकों को भारद्वाज घाट, नागवासुकी घाट, मोरी घाट, काली घाट, राम घाट और हनुमान घाट की ओर जाने का निर्देश दिया है। बयान में कहा गया है कि दूध, सब्जियां, दवाएं, ईंधन और आपातकालीन वाहनों के परिवहन सहित जरूरी सेवाओं पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। डॉक्टर, पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक कर्मचारी भी आ जा सकेंगे। 26 फरवरी को महाकुंभ मेले का समापन स्नान और महाशिवरात्रि का त्योहार दोनों हैं। इसे देखते हुए भक्तों को उनके निकटतम घाटों पर स्नान करने और भीड़भाड़ से बचने के लिए स्थानीय शिव मंदिरों में पूजा करने की सलाह दी गई है।

इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भीड़ के घनत्व के आधार पर पांटून पुलों का प्रबंधन किया जाएगा। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अनावश्यक आवाजाही से बचने और अनुष्ठान पूरा करने के बाद तुरंत अपने गंतव्य पर लौटने का आग्रह किया है। मेला पुलिस प्रशासन ने सभी आगंतुकों से इन निर्देशों का पालन करने और भव्य धार्मिक आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने की अपील की है। मालूम हो कि 12 सालों बाद आयोजित होने वाला यह महाकुंभ मेला 13 जनवरी को शुरू हुआ था और 26 फरवरी को समाप्त हो रहा है। यूपी सरकार के मुताबिक इसमें 63 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्रियों की आमद दर्ज की गई है। मेला प्रशासन श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि शीघ्रातिशीघ्र निकटस्थ घाट पर स्नान एवं शिवालय में दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान करें। सभी पांटून पुलों का संचालन श्रद्धालुओं के भीड़ के दबाव के हिसाब से किया जाएगा।

## संक्षेप

### लालू के करीबी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधान परिषद से राजद सदस्य सुनील कुमार सिंह के निष्कासन को रद्द किया है। उन पर राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जुलाई 2024 से सिंह द्वारा गुजारी गई निष्कासन अवधि को निलंबन की अवधि माना जाएगा। यह फैसला न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनाया।

### सूटकेस खोलते ही उसमें से निकली महिला की लाश

**कोलकाता।** कोलकाता के कुम्हारटुली घाट के पास मंगलवार को स्थानीय लोगों ने दो महिलाओं को एक ट्रॉली बैग में महिला के शव को ले जाते हुए पकड़ लिया। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान फाल्गुनी घोष और उसकी मां आरती घोष के रूप में हुई है। दरअसल स्थानीय लोगों ने दो संदिग्ध महिलाओं को देखा और उनकी गतिविधियों पर शक हुआ, जिसके बाद उन्हें रोका तो वह घबरा गई जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### जम्मू में एक बार फिर कार से मिली लाखों की नकदी

**कठुआ।** पंजाब से कठुआ को जोड़ने वाले कीड़ियों के संयोग गंडियाल मार्ग पर, भागथली नाके पर पुलिस ने रविवार रात कार में 35 लाख रुपये बरामद किए हैं। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया जबकि पुलिस दूसरे युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उनके आदान-प्रदान में पुलिस ने जांच के लिए एक बिना नंबर कार को रोका, जिसके चालक चकमा देकर फरार हो गया। साथ ही पुलिस ने कार में बैठे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया जिसने अपनी पहचान साबित की है। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने कैश को जब्त कर लिया और उन्होंने बताया कि लगभग यह राशि 35,08,830 रुपये है।

### भ्रष्ट लोगों की नियुक्ति को मंजूरी नहीं दूंगा

**नागपुर।** सीएम देवेंद्र फडणवीस ने साफ कर दिया है कि वह मंत्रियों के कहने पर किसी भ्रष्ट निजी सहायकों और विशेष कार्य अधिकारी की नियुक्तियों को मंजूरी नहीं देंगे। कृषि मंत्री और अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे के बयान का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि चाहे कोई नाराज हो, लेकिन जिन अफसरों पर भ्रष्टाचार या गलत कामों के आरोप लगे हैं, उन्हें वह नियुक्त करने की मंजूरी नहीं देंगे।

### आजम के बेटे को जमानत

**लखनऊ।** हरदोई जेल में बंद सपा के दबंग और चर्चित नेता आजम खान के बेटे और सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान मंगलवार को रिहा हो गए। कोर्ट से उनकी जमानत मंजूर होने के बाद सोमवार को रिहाई का आदेश जेल प्रशासन को भेज दिया था। दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में सात साल की सजा सुनाए जाने के बाद से सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को जेल भेज दिया था।

# ट्रेवलर से टकराई कार, दो बच्चों और पिता की मौत

**रफ्तार की मार**

### आगरा एक्सप्रेस वे पर हादसा मां समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल

**उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कार डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर टेंपो ट्रेवलर से टकरा गई। इसमें कार सवार दो बच्चों और पिता की मौके पर मौत हो गई जबकि साथ में मौजूद मां गंभीर रूप से घायल हो गई। बताते हैं कि तेज रफ्तार के चलते यह हादसा हुआ है। वहीं हादसे के दौरान टेंपो ट्रेवलर भी पलट गया। इससे उसमें सवार कई श्रद्धालु भी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ ही शवों को मोर्चरी भेजा है। पुलिस के अनुसार कार सवार मृतक युवक की पहचान राघवेंद्र के रूप में हुई है। वह सचिवालय में दीवान पद पर तैनात थे। उनके साथ उनके दो बच्चों की भी मौत हुई है। जिसमें एक की उम्र पांच और दूसरे की एक वर्ष है।

# सपा ने आंबेडकर का सम्मान करना कब से शुरू कर दिया?

**सीएम ने कहा**

### आंबेडकर स्मारकों को तोड़कर विवाह भवन बनाना चाहती थी सपा



**लखनऊ।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी से पूछा कि समाजवादियों ने डॉ आंबेडकर का सम्मान कब से करना शुरू कर दिया? उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने अपने कार्यकाल में कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया और आंबेडकर स्मारकों को तोड़कर विवाह भवन बनाने की योजना बनाई थी।

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विधानसभा में अपने भाषण में योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए उस पर डॉ आंबेडकर, कांशीराम और अन्य दलित नेताओं के योगदान की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप समाजवादी कब से आंबेडकर को सम्मान देने लगे? आपने तो कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया था। 2012 में जब आपकी सरकार बनी थी, तब तत्कालीन सीएम ने कहा था कि आंबेडकर जी और अन्य सामाजिक न्याय के महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को तोड़कर विवाह भवन बना देंगे। उन्होंने सपा सरकार के दौरान हुए गेस्ट हाउस कांड और महिलाओं के प्रति पार्टी के रवैये की भी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 2 जून 1995 को, जब बसपा सुप्रीमो मायावती ने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की, तो सपा नेता और कार्यकर्ता गेस्ट हाउस पहुंच गए जहां वह अपनी पार्टी नेताओं से मिलने वाली थीं और कथित तौर पर उन पर हमला किया गया। मायावती को बीजेपी नेताओं ने गेस्ट हाउस से बाहर निकाला था। बाद में राज्यपाल ने मुलायम सरकार को बर्खास्त कर दिया और मायावती को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। योगी ने कहा कि सपा के कार्य को दुनिया ने अपनी आंखों से देखा है। उसको कहीं से भी क्लीन चिट मिल जाए फिर भी वे अपने पाप छुटकारा नहीं पा सकते हैं। सपा के इस आचरण से तो हर सभ्य समाज हमेशा व्यथित रहा है। उन्होंने कहा कि यह साल भारत के संविधान का अमृत महोत्सव का साल है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान के 75 साल पूरे होने के अवसर पर बाबा साहब आंबेडकर और अन्य संविधान निमार्ताओं को श्रद्धांजलि देने का अवसर पर भी है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पंच तीर्थों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिनमें लखनऊ में आंबेडकर के नाम पर एक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण और संविधान दिवस समारोह का आयोजन शामिल है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रमुख पहल में बहराइच में महाराजा सुहेलदेव का विजय स्तम्भ स्मारक और श्रृंगवेरपुर में भगवान राम के साथ निषाद राज गुहा की 56 फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण शामिल है, जो एक कॉरिडोर परियोजना का हिस्सा है। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में एक योजना और संत कबीर और संत रविदास के लिए समर्पित कार्यक्रमों सहित आगामी परियोजनाओं की भी घोषणा की।

# दिल्ली विस से आप के 21 विधायक सस्पेंड

**दूसरा दिन**

### कैग रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे खुलासा, आप की शराब नीति से 2002 करोड़ रुपये का घाटा



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में शराब नीति पर कैग रिपोर्ट पेश की गई। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट सदन में रखी। राज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि पिछली सरकार ने इस रिपोर्ट को रोककर रखा था। इसे सदन में नहीं रखा। उन्होंने संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। पॉलिसी कमजोर थी और लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिसी में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे, जिन्हें तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया। इससे पहले सदन में विपक्षी पार्टी आप ने सीएम हाउस में भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरों के मुद्दे पर हंगामा किया। राज्यपाल वीके सक्सेना जब भाषण दे रहे थे, तब आप विधायकों ने मोदी-मोदी की नारेबाजी की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत 21 आप विधायकों को 3 मार्च तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया। सदन से बाहर आने के बाद आतिशी ने कहा कि सीएम हाउस से भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरें क्यों हटाई गईं। क्या पीएम मोदी बाबा साहेब अंबेडकर से भी बड़े हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार के समय हर सरकारी दफ्तर में भगत सिंह और अंबेडकर की फोटो लगाई गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने विधानसभा का सत्र 2 दिन के लिए बढ़ा दिया है। यानी अब सत्र 28 फरवरी और 1 मार्च को भी चलेगा। इससे पहले सत्र 3 दिन यानी 24, 25 और 27 फरवरी तक ही चलाने की जानकारी सामने आई थी। 26 फरवरी को शिवरात्रि की वजह से छुट्टी है।

### बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन को आयु धोखाधड़ी मामले में बड़ी राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उनके खिलाफ चल रही जांच पर स्थगन आदेश दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाकर मामले में विशेष नोटिस जारी किया है। दरअसल भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपियन लक्ष्य सेन पर आरोप है कि उन्होंने और उनके परिवार ने जाली जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर आयु-समूह टूर्नामेंटों में भाग लिया। मामले में लक्ष्य के अलावा उनके भाई चिराग सेन, पिता धीरेंद्र सेन, मां निर्मला डी सेन, और कोच यू विमल कुमार के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ है। मंगलवार को न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और के विनोद चंद्रन की पीठ ने मामले में सुनवाई कर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ किसी भी कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी।

# लालू समेत अन्य आरोपियों को रवेन्यू कोर्ट ने भेजा समन

**नई दिल्ली।** आरजेडी प्रमुख लालू यादव को नौकरी के बदले जमीन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने झटका दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी और अन्य आरोपियों को तलब किया है। सभी नामजद आरोपियों को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया है। स्पेशल सीबीआई जज ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर आरोप पत्रों पर संज्ञान लेने के बाद आदेश दिया। सीबीआई ने मामले में 30 सरकारी कर्मचारियों समेत कुल 78 लोगों को नामजद किया है। इसमें भोला यादव, प्रेम चंद गुप्ता को तलब किया है, कोर्ट ने कहा कि आरोप है कि प्रेम चंद गुप्ता, लालू यादव के सहयोगी के तौर पर काम करते थे। यह मामला पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से उनके परिवार या सहयोगियों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं थी। सीबीआई ने 18 मई 2022 को लालू यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मिल चुकी है।

# कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 12 प्रतिशत बढ़ाया

**मुंबई ।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में पांचवें वेतन आयोग के अपरिवर्तित वेतनमान के तहत 12 प्रतिशत की वृद्धि की, जो एक जुलाई 2024 से प्रभावी होगी। सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के अनुसार, 443 प्रतिशत से संशोधित 455 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान फरवरी 2025 के वेतन के साथ नकद किया जाएगा, जिसमें 1 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक का बकाया भी शामिल है।राज्य वित्त विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डीए बढ़ोतरी से लगभग 17 लाख कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि महंगाई भत्ते के वितरण के संबंध में मौजूदा प्रक्रियाएं और प्रावधान भविष्य में भी लागू रहेंगे। आदेश में कहा गया है कि संशोधित महंगाई भत्ते पर व्यय सरकारी कर्मचारियों के लिए संबंधित वेतन और भत्ते के मद में आवंटित बजटीय प्रावधानों से पूरा किया जाएगा। अनुदान प्राप्त संस्थाओं और जिला परिषद कर्मचारियों के लिए व्यय को उनकी वित्तीय सहायता के लिए निर्दिष्ट उप-शीर्षों के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा।

# बांग्लादेश से जुड़े मामले में अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती: सुप्रीम कोर्ट

**पीठ ने याचिका खारिज की**



**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने लुधियाना स्थित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश ढांडा द्वारा दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से मना कर दिया, जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर लक्षित हिंसा से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई थी। सीजेआई खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई शुरू होते ही विदेशी मामलों और पड़ोसी देश के आंतरिक घटनाक्रमों के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से साफ इनकार कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई खन्ना ने कहा, यह विदेश का मामला है और यह अदालत दूसरे देश के मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती है? सुनवाई कर सीजेआई ने कहा, यह बहुत अजीब होगा अगर यह अदालत दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने कहा, हम कैसे मामले में दखल दे दें, वह हमारा पड़ोसी देश है, उसके मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। इसके बाद पीठ की सलाह पर याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका वापस ले ली। इसके बाद पीठ ने याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग के अलावा बांग्लादेश से भागकर आए हिंदुओं के लिए नागरिकता के लिए आवेदन देने की समय सीमा बढ़ाने की भी मांग की थी। अर्जी में भारतीय विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को बांग्लादेश में स्थित उच्चायोग के माध्यम से बांग्लादेश में निवासरत हिंदू अल्पसंख्यकों को मदद देने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। इसके अलावा पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चल रहे अत्याचारों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार बांग्लादेश पर वैश्विक दबाव बनाने की मांग भी की गई थी।

### बांग्लादेश तय कर ले कैसा रिश्ता चाहता है भारत के साथ: जयशंकर



नई दिल्ली। ओमान में पड़ोसी देश बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रशासन के अपने समकक्ष तौहीद हसन से मुलाकात के बाद, विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने भारत के खिलाफ बिल्कुल हास्यास्पद आरोप लगाने के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नेताओं को खूब सुनाया है। एस जयशंकर ने कहा कि अगर हर दिन, अंतरिम सरकार में कोई खड़ा होता है और हर चीज के लिए भारत को दोषी ठहराता है, तब इसमें से कुछ चीजें बिल्कुल हास्यास्पद हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि एक ओर आप यह नहीं कह सकते कि मैं अब आपके साथ अच्छे संबंध रखना चाहूंगा, लेकिन मैं हर सुबह उठता हूं और जो कुछ भी गलत होता है उसके लिए आपको दोषी ठहराता हूं। यह एक निर्णय है जो उन्हें अवश्य लेना चाहिए। जयशंकर ने बांग्लादेश से अपना मन बनाने के लिए कहा कि वह भारत के साथ किस तरह का रिश्ता चाहता है। इसके अलावा, जयशंकर ने भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा समस्या के दो पहलुओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहला अल्पसंख्यकों पर सांप्रदायिक हमले हैं। हमारे लिए सबसे चिंताजनक बात अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले हैं। जाहिर तौर पर यह कुछ ऐसा है जो हमारी सोच पर असर डालता है। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमें बोलना होगा, जो हमने किया है। भारत ने बांग्लादेश के साथ बार-बार मुस्लिम बहुल राज्य बांग्लादेश में सबसे बड़े अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों का मुद्दा उठाया है।

# बिल संशोधन के विरोध में कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** मंगलवार को कचहरी तो खुली रही लेकिन अधिवक्ता हड़ताल पर रहे जिसके चलते कई मामलों में अगली तारीख पड़ गई है। कई केस से जुड़े वादी भी अपने केस की पैरवी में पहुंचे थे लेकिन हड़ताल के चलते उन्हें वापस होना पड़ा।

अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में बार कौंसिल उत्तर के आह्वान पर वाराणसी सेंट्रल और बनारस बार से जुड़े अधिवक्ता आज न्यायिक कार्य से विरत रहे। पांच दिन पहले 21 फरवरी को वाराणसी के अधिवक्ता समाज ने कचहरी परिसर में जुलूस निकालने के बाद कलेक्ट्रेट में डीएम पोर्टिको पर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की थी। चेताया था कि अधिवक्ताओं के लिए काला कानून अधिवक्ता संशोधन बिल 2025₹ को समाप्त नहीं किया गया तो वे आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। वहीं पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में मनमाने ढंग से किये जा रहे संशोधन के विरोध में जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और जुलूस के रूप एसडीएम पोर्टिको पहुचकर ज्ञापन सौंपा।

इसके पूर्व लाइब्रेरी भवन में बार कॉउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बैठक आयोजित कर अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल के विरोध करने की रणनीति पर विचार विमर्श करने के बाद बाँह में काली पट्टी बांधकर जुलूस के रूप में तहसील परिसर में भ्रमण किया और नायब तहसीलदार श्वेता पटेल को पत्रक सौंपा और सरकार से मांग किया कि अधिवक्ता हितों को यदि ध्यान में रखकर संशोधन नही किया गया तो अधिवक्ता अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। इस दौरान पूरे दिन अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान पत्रक देने वालों में बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल, महामंत्री सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जावेद खा, पूर्व अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा, शिवपूजन सिंह, पंधारी यादव, शैलेन्द्र सिंह, चंद्रभान पटेल, अश्वनी मिश्रा, मनोज मिश्रा, सतीश पांडेय, छोटेलाल, दीपक सैनी, आशीष दुबे, रामभरत यादव, श्याम मोहन उपाध्याय, दिनेश पटेल , तेजबहादुर, विंदु सोनकर, श्यामसुंदर पटेल व अजय गुप्ता समेत अनेक वकील रहे।

# वाराणसी नाइट मार्केट बंद होने से दुकानदारों में हाहाकार

**मांग**

**प्रधानमंत्री मोदी से हस्तक्षेप की गुहार**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में स्थापित नाइट मार्केट को बंद करने के प्रशासनिक निर्णय से जहां छोटे व्यापारियों के सामने रोजी- रोटी का संकट खड़ा हो गया है,वहीं प्रशासन के इस रवैये से उनमें आक्रोश व्याप्त है। छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा कि उनकी ही प्रेरणा से यह नाइट मार्केट शुरू किया गया था। जिससे सैकड़ों गरीब व मध्यमवर्गीय दुकानदारों को रोजगार मिला। इस बाजार में कई छोटे व्यापारियों ने अपने व्यवसाय को स्थापित किया और मेहनत कर अपनी दुकानदारी को आगे बढ़ाया, लेकिन दुकान खड़ा हो जाने के बाद आज प्रशासन इनको उजाड़ रहा है, जो अनुचित है।

उन्होंने कहा कि नाइट मार्केट को बंद करने का फैसले के बाद प्रशासन द्वारा संचालनकर्ता कंपनी का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के चलते वहां के सभी दुकानदारों को बाजार छोड़ने का आदेश दिया गया, जिससे वे बेरोजगारी के कगार पर आ गए हैं । उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया कि यदि संचालक कंपनी ने किसी प्रकार की अनियमितता की है, तो उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन निर्दोष और मेहनतकश दुकानदारों को उनके रोजगार से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है। छावनी परिषद् के पूर्व उपाध्यक्ष ने पीएम से स्थानीय प्रशासन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने, यदि कंपनी की गलती के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है, तो दुकानदारों को किसी वैकल्पिक योजना के तहत राहत दिए जाने और नाइट बाजार को व्यवस्थित कर पुनः संचालित करवाने का निर्देश देने की मांग की है।

## संक्षेप

### दिव्य बनारस में दिखा बनारसी अंदाज



**वाराणसी।** काशी की पहचान सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं है, अपितु यह तो अपने खान-पान के लिए भी जाना जाता है। संस्कृति से जुड़े पारंपरिक खानपान के इसी निराले स्वाद में बाटी चोखा भी शामिल है। बाटी चोखा दिवस पर मंगलवार को 26 वीं वर्षगांठ मनाया गया, इस दौरान बनारस की पौराणिकता और उसके इतिहास पर एक लघु फिल्म लोगों तक पहुंचायी गयी। जिसका नाम है दिव्य बनारस। फिल्म में भगवान शंकर के काशी चुनने की कहानी तो है ही इसके अलावा रावण की लंका और बनारस से उसके संबंध के बारे में बताया गया है। कुल मिलाकर कहे कि बनारस के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को दशार्ती हुई फिल्म लोगों को बनारस से जोड़ती हुई दिखी।

### महाशिवरात्रि पर वीडीए परिसर मंदिर में रामायण पाठ



**वाराणसी।** वीडीए परिसर स्थित मंदिर में मंगलवार को भव्य रामायण हुआ। जिसमें वीडीए के अधिकारी और सभी कर्मचारी शामिल रहे। महाशिवरात्रि पर्व पर हुए इस विशेष कार्यक्रम में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने जहां पूजा अर्चना के साथ प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर वीडीए सचिव डा.वेद प्रकाश मिश्रा,अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानन्द यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीना

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के कछवां-कपसेठी मार्ग पर स्थानीय चौराहे के निकट मंगलवार की दोपहर अपाचे बाइक सवार दो बदमाशो ने साइकिल से मोबाइल पर बात करते हुए कछवांरोड चौराहे से घर जा रहे छतेरी गांव निवासी जगदीश बिन्द का ऐंड्रॉयड मोबाइल छीनकर चौराहे की तरफ भाग निकले।साइकिल सवार युवक के आवाज देने पर जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते बाइक सवार बदमाश भाग निकले।भुक्तभोगी जगदीश बिन्द ने मोबाइल छिनैती की सुचना स्थानीय चौकी पर दिया।भुक्तभोगी का आरोप है कि कछवांरोड चौकी प्रभारी मिजार्मुराद थाने ले जाकर मोबाइल छिनैती के जगह मोबाइल जेब से गिर जाने की तहरीर लिखवाकर तहरीर लिया। भुक्तभोगी ने बताया कि छिनैती हुई मोबाइल की कीमत लगभग 16 हजार है।

### व्यापारी का मोबाइल छीन कर भागे बाइक सवार

**चौबेपुर।** क्षेत्र में इन दिनों राह चलते वाहन चालकों से मोबाइल छीनकर भागने वाले मोबाइल झपटमार गिरोह सक्रिय हैं।इसी क्रम मे सोमवार को चौबेपुर के किराना व्यापारी महेन्दर जायसवाल देर शाम वाराणसी से अपना काम निपटा कर अपने घर चौबेपुर आ रहे थे कि डुबकिया बाजार के समीप सुनसान जगह पर अज्ञात अपाचे बाइक सवार दो लुटेरों ने रोककर उनके ऊपर वाले जेब से जबरदस्ती धमका कर मोबाइल छीन लिए भुक्तभोगी जब लुटेरों से मोबाईल न लेने की विनती की तो लुटेरे उनको गाली गलौज के साथ धमकी देते हुए मोबाइल लेकर भाग गए।पीड़ित व्यपारी महेन्दर जायसवाल के अनुसार उन्होंने चौबेपुर थाना पहुंचकर छीनैती का लिखित तहरीर दिया लेकिन स्थानीय पुलिस ने गुमसुदगी का रिपोर्ट लिखकर दे दिया।वही पिछले दिनो क्षेत्र के शाहपुर से दो लोगो रेलवे कर्मचारी अभयनाथ चौबे और वरुण कुमार सिंह निवासी तुलसी विहार कालोनी नवलपुर शिवपुर से मोबाइल को झपटमार गिरोह छीन चुके हैं। लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा अभी तक नहीं किया इसे लेकर कभी-कभी पीड़ित व्यक्ति थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराते हैं।अधिकांश पीड़ित तो प्रशासन को जानकारी देना भी वाजिब नहीं समझते। इस प्रकरण को लेकर व्यापारी नेता एन पी जायसवाल नन्हे और स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष प्रदीप सेठ राजू ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लुटेरों की गिरफ्तारी हो वही थानाप्रभारी जगदीश कुशवाहा ने बताया कि जल्द ही लुटेरे पकड़े जायेगे।

### पार्किंग की अवैध वसूली में एक गिरफ्तार

**वाराणसी।** सारनाथ प्रयागराज महाकुंभ से आये श्रद्धालुओं की बस से अवैध वसूली करते सारनाथ पुलिस ने एक युवक को फर्जी टिकट के साथ गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि प्रयागराज महाकुंभ से गुजरात, नेपाल, बिहार,महाराष्ट्र सहित अन्य जगहों से लेकर आने वाली श्रद्धालुओं की बसों को सारनाथ सिंहपुर रिंगरोड पर रोकने की वजह से पार्किंग के लिए सिंहपुर में डंडन बाबा के खाली मैदान में खड़ी बसों से सिंहपुर के अरुण पटेल फर्जी टिकट लेकर पर्यटक की बसों से पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करते वक्त सारनाथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली में अरुण पटेल को गिरफ्तार किया गया है।

### सीएम सामूहिक विवाह के तहत 31 जोड़ों का विवाह

**चांदमारी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजन के तहत मंगलवार को हरहुआ विकास खंड के 31 जोड़ों की शादी ब्लाक मुख्यालय परिसर में रीति रिवाजों के साथ संपन्न हुई। मुख्यातिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने नव दम्पत्तियों को साफल जीवन की शुभ आशीष दी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को गरीब परिवारों तक पहुच रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजन इसके जीता जागता उदाहरण है। एडीओ समाज कल्याण निर्मला देवी ने बताया कि 32 जोड़े का पंजीकरण कराया गया था जिसमे 31 का विवाह संपन्न हुआ। एक मुस्लिम जोड़े का निकाह कराया गया। खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। नव दम्पत्तियो को गृहस्थी की सामग्री भेंट की। ब्लाक प्रमुख विनोद कुमार उपाध्याय, जिला महामंत्री प्रधान संघ मधुबन यादव, ग्राम प्रधान मुर्दहा रविंदर यादव, सूर्यप्रकाश मौर्य, भगत यादव, एडीओ आईएसबी सुनील पांडेय, एडीओ कृषि देवेंद्र पांडेय, अजय चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### चोरों ने घर से उड़ाया हजारों का माल

**लोहता।** थाना क्षेत्र के भरथरा गांव में सोमवार की बीती रात चोर लोकनाथ मिश्र के घर में छत के रास्ते से घुसकर आलमारी में रखा बैग से सोने की एक अंगूठी ,एक बाली तथा दस हजार रुपए लेकर जाने लगे इस बीच काजल नामक लड़की की नींद खुल गई लेकिन चोर छत के रास्ते से सामान लेकर भाग गये। बताया जाता है कि चोर घर में घुसकर बरामदे मे सो रहे लोक नाथ मिश्र और उनका पुत्र विशाल मिश्र को भीतर से हुंडी बंदकर बल्ब को बुझा दिया था। इसके बाद घर को खंगाला। विशाल मिश्र ने बताया कि दो महीने पहले भी इस गांव में तीन घरों में चोरी हुआ था। थाने में चोरी की घटना की सूचना विशाल ने दे दिया है।

### लक्ष्य के सापेक्ष नहीं हुई खरीदारी

**चिरईगांव।** विकास खण्ड में मूल्य समर्थन योजना के तहत खुले धान क्रय केन्द्रों चिरईगांव प्रथम,चिरईगांव द्वितीय बी पैक्स जाल्हूपुर, नरायनपुर और छांही गोपपुर के लक्ष्य 72000 क्विंटल के सापेक्ष 68747.60 क्विंटल धान की खरीद कुल 944 किसानों से की गयी।जो लक्ष्य का 95 फीसदी है।धान खरीद का किसानों को भुगतना भी हो गया है। धान क्रय केन्द्र बी पैक्स जाल्हूपुर पर लक्ष्य 8000 क्विंटल के सापेक्ष सर्वाधिक 15859.60 क्विंटल धान खरीद हुयी।वहीं बी पैक्स नरायनपुर पर लक्ष्य 6000 क्विंटल के सापेक्ष 4676.40 क्विंटल और बी पैक्स छांही गोपपुर पर लक्ष्य 8000 क्विंटल के सापेक्ष 7910.40 क्विंटल धान खरीद किये जाने की बात सहायक विकास अधिकारी सहकारिता दिलीप सोनकर ने कही। खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र चिरईगांव प्रथम और द्वितीय के प्रभारी कैलाश ने बताया कि दोनों केन्द्रों का लक्ष्य मिलाकर 50000 क्विंटल था।जिसके सापेक्ष 40301.20 क्विंटल धान की खरीद हुयी है।

# गंगा में मिला युवती का शव

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र स्थित विश्व सुंदरी पुल के नीचे एक अज्ञात लड़की का शव मिला। लड़की के शव को देखकर तत्काल वहां मौजूद नविको ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने लड़की के पहचान के लिए सभी थानों को सूचना दे दी है। बताया जा रहा है कि वह गंगा में डूब गई थी 1 से 2 दिन पुराना बताया जा रहा है।वहीं सक्का घाट पर गंगा में स्नान करते समय युवक की की डूब कर मौत हो गई। स्थानीय नाविकों एवं ढअउ के जवानों की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ट्रामा सेंटर स्थित मर्चरी में रखवा दी है और लड़की के पहचान के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लंका थानाध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि सुबह नाभिकों द्वारा सूचना मिली थी की विश्व सुंदरीपुल के नीचे एक लड़की का शो मिला है तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को बाहर कराया गया। उन्होंने बताया कि यह देखकर प्रतीत हो रहा है की लड़की पानी में डूब गई थी और बहते हुए गंगा किनारे आ गई है। उन्होंने कहा कि हम सबसे पहले लड़की की पहचान करने में लगे हुए हैं। आसपास के थानों को भी सूचना दे दी गई है और उसकी तस्वीर भी सजा कर दी गई है। परिजनों के जानकारी के बाद ही लड़की का पोस्टमार्टम होगा। राजस्थान से बनारस में दर्शन पूजन करने आए अनिल स्वामी (34) पुत्र भागीरथ स्वामी निवासी गुरुदयाल कालोनी, नई मंडी घड़साना जिला श्री गंगा नगर राजस्थान काशी पहुंचे थे। मंगलवार को वह आदमपुर थाना क्षेत्र के सक्का घाट पर गंगा स्नान कर रहे थे। तभी वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मछोदरी चौकी प्रभारी विकास मिश्रा ने स्थानीय नाविकों एवं ढअउ के जवानों की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सचिव का वेतन बाधित करने को भेजा पत्र

**चिरईगांव।** विकास खण्ड के ग्रामपंचायत उमरहां में आरआरसी केन्द्र का निर्माण नहीं कराने पर डीपीआरओ ने पंचायत सचिव का वेतन बाधित करने के लिए डीडीओ को पत्र भेजा है। पत्र में लिखा है कि पंचायत सचिव आशुतोष कुमार द्वारा आरआरसी निर्माण कार्य शुरू कराने में लापरवाही बरती गयी।पूर्व में पंचायत सचिव ने अवगत करवाया था कि लेखपाल द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं करायी।वर्तमान में लेखपाल द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के बाद भी कार्य नहीं कराया गया।सचिव के इस कृत्य से मालूम होता है कि वह अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह व उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के आदि हैं। विभागीय समीक्षा बैठक में जनपद की रैकिंग पर असर पड़ने से उच्चाधिकारियों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा है। इतना समय बीतने के बाद भी आरआरसी निर्माण नहीं कराने पर पंचायत सचिव का माह फरवरी का वेतन बाधित करें।

# जीएम ने यात्री सुविधाओं का किया निरीक्षण



**वाराणसी।** महाकुम्भ मेला-2025 के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर मेला यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ के प्रबंधन, यात्रियों की सुरक्षा एवं समुचित सुख सुविधाएं प्रदान करने हेतु वाराणसी मंडल के बनारस, वाराणसी सिटी एवं सारनाथ रेलवे स्टेशनों पर भीड़ का प्रबंधन, होल्डिंग एरिया, यात्री आश्रय एवं अन्य यात्री सुविधाओं का अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह ने निरीक्षण कर समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित किया।

अपर महाप्रबंधक ने बनारस रेलवे स्टेशन पर महाकुम्भ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि से सम्बंधित विभिन्न तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने बनारस रेलवे स्टेशन निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पूर्वी एवं पश्चिमी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में बने यात्री होल्डिंग आश्रयों, शौचालय, पीने के पानी, पृथक निकास द्वार, पृथक प्रवेश द्वार,अस्थाई बैरिकेडिंग, भीड़ प्रबंधन हेतु पर्याप्त रेलवे सुरक्षा बल जवानों की तैनाती, स्टेशन परिसर के नो वेहकील जोन, यात्री सुविधाओं, आर आर आई पैनल एवं ,सी.सी. टी.वी. मॉनिटरिंग कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने महाशिवरात्रि स्नान एवं वापसी तक अपर मंडल रेल प्रबंधक(ऑपरेशन) राजेश कुमार सिंह को बनारस स्टेशन की लगातार मॉनिटरिंग का निर्देश दिया है।

इसके उपरांत उन्होंने वाराणसी सिटी एवं सारनाथ स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। वाराणसी सिटी स्टेशन निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में यात्री होल्डिंग हेतु निर्मित अस्थाई यात्री आश्रय केंद्र, शौचालय, वाटर बूथ, पैदल उपरिगामी पुल,प्लेटफार्म,स्टेशन मास्टर कक्ष,यात्री आरक्षण केंद्र एवं उसमें स्थापित विभिन्न काउंटर, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन, पृथक प्रवेश एवं निकास द्वार, अस्थाई बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण हेतु पर्याप्त सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती,यात्रियों की सुरक्षा आदि का गहन निरीक्षण किया और महाशिवरात्रि के बाद यात्रियों के पलट प्रवाह तक सभी व्यवस्था यथावत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।

### नेपाली दर्शनार्थी की गंगा में डूबने से मौत

**वाराणसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बालाजीघाट पर मंगलवार को गंगा में स्नान करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में जाने से एक व्यक्ति डूबने लगा। उसे डूबता देख लोगों ने शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग उसे बचाते वह गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने मल्लाहों की मदद से उसे बाहर निकलवाकर मंडलीय अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेश श्रेष्ठ 32 वर्ष नामक व्यति नेपाल के वक्तापुर का निवासी है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 3698742 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। शिल्पा पुत्री हरीलाल ग्राम-भुसौड़ी, पोस्ट-अरसिया, जिला-जौनपुर (उत्तर प्रदेश)।

कार्यालय में गलती से मेरा नाम मदन जी दुबे अंकित हो गया है। जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम कृष्ण कुमार दुबे है। इसी को सही माना जाय। कृष्ण कुमार दुबे पुत्र शिवसागर, ग्राम-नारायन पाली, पोस्ट-गड़वार, जिला-बलिया।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

गोपाल जी महाविद्यालय रेवती, बलिया में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत डी0एल0एड0 पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य-01, गणित-01, कम्प्यूटर-01, सामाजिक अध्ययन-01, हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यतानुसार सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति व दो फोटो सहित 15 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

**आवश्यकता है**

गौरा देवी धनई प्रसाद महिला महाविद्यालय (सम्बद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी) लखनसेनपुर, बनकट, सेवापुरी वाराणसी को स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत अतिरिक्त शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी एवं भूगोल विषय तथा वाणिज्य संकाय के अंतर्गत बी.कॉम पाठ्यक्रम विषयों हेतु प्रवक्ताओं की योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी/विश्वविद्यालय परीनियमावली अनुसार योग्य अभ्यर्थी नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ तथा समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति महाविद्यालय के पते पर 15 दिन के अंदर प्रेषित करें।
प्रबंधक - 9935367218

# ज्ञानवापी मामले की सुनवाई 19 को

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अपर जिला जज चौदहवां अभय कृष्ण तिवारी की कोर्ट में मंगलवार को ज्ञानवापी प्रकरण में मुख्तार अंसारी को पक्षकार बनाने के लिए निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च के होगी।

बता दे कि पक्षकार बनाने सबंधित मुख्तार अंसारी की अर्जी पिछले साल दो मई को सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक की अदालत ने खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ मुख्तार अंसारी ने जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल की गई है। निगरानी अर्जी में कहा गया की लोअर कोर्ट ने सरसरी तौर से और क्षेत्राधिकारी के बाहर विधिक अनुरूप नहीं सुनने हुए निगरानीकर्ता की अर्जी खारिज कर दिया। अतिप्राचीन ज्योतिर्लिंग आदिविश्वेश्वर के मूलवाद में मुख्तार अहमद अंसारी की ओर से पक्षकार बनने की अर्जी खारिज कर दी इस मामले लोहता निवासी मुख्तार अंसारी ने एक साल पहले इस मामले पक्षकार बनाने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी।



### मूलवाद में पक्षकार बनने की अर्जी पर सुनवाई टली

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) युगल शंभू की अदालत ने मंगलवार को ज्ञानवापी के1991 के मूलवाद में पूर्व के वादी स्व. हरिहर पांडेय की तीन बेटियों की ओर से पक्षकार बनाने संबंधित अर्जी पर सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई तीन मार्च की होगी। पिछले दिनों एफटीसी कोर्ट ने इन्हीं के द्वारा पिता के वारिसान के तौर पर वादी के रूप में प्रतिस्थापना की अर्जी पर पुनः सुनवाई करने के आवेदन खारिज कर दी थी। हरिहर पांडेय की मृत्यु के बाद मुकदमे को संचालित करने के लिए गत वर्ष उनकी बेटियों मणिकुंतला तिवारी, नीलिमा मिश्र, रेनू पांडेय ने वारिसान के रूप में वादी के तौर पर प्रतिस्थापित करने की गुहार लगाई गई थी। साथ ही पक्षकार बनने का भी प्रार्थना पत्र दिया था।

### आदिविशेश्वर मामले की सुनवाई चार अप्रैल को

**वाराणसी।** एडीजे सप्तम की कोर्ट में वर्ष 1991 से लम्बित अतिप्राचीन स्वयम्भू लॉर्ड आदिविश्वेश्वर पुरानेवाद में मृतक पं सोमनाथ व्यास के भतीजा योगेन्द्र नाथ व्यास की ओर से पक्षकार बनाए जाने की निगरानी अर्जी पर सुनवाई चार अप्रैल को होगी। इस मामले में लोअर कोर्ट ने जनवरी में योगेंद्र नाथ व्यास की पक्षकार बनाने संबंधित अर्जी खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ योगेंद्र नाथ व्यास की ओर से जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल की थी । अर्जी में कहा गया कि लोअर कोर्ट ने उसके अर्जी पर सरसरी तरीके से आदेश दिया जो कि कानूनी रूप मान्य नहीं । पक्षकार बनाने जाने की प्रयाप्त तत्वों होने के बावजूद भी कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। विधि व्यवस्थआ के विपरीत जाकर आदेश दिया है। लोअर कोर्ट के आदेश निरस्त करने की गुहार लगाई है।

# नौकरी के नाम पर पांच लाख की ठगी

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** नौकरी दिलाने के नाम पर एक बीटेक ग्रेजुएट से 5 लाख .78 हजार रुपये की ठगी का मामला पुलिस आयुक्त के सामने पहुँचा। पुलिस आयुक्त के आदेश पर कैंट पुलिस ने पिता पुत्र व युवतियों समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विशाल मौर्या, निवासी श्री विनायक रोज अपार्टमेंट, डीएलडब्ल्यू, वाराणसी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है।

उनकी मुलाकात आदित्य श्रीवास्तव नाम के युवक से हुई, जिसने बताया कि उसके पिता धर्मेंद्र श्रीवास्तव हिल्डाल्को (आदित्य बिरला ग्रुप) में जनरल मैनेजर हैं और वे आसानी से नौकरी दिला सकते हैं।इस लिए विशाल को कैंट थाना क्षेत्र के महावीर कालोनी अर्दली बाजार बुलाकर नौकरी की फॉर्मेलिटी के नाम पर पहले एक लाख 84 रुपये फिर इंटरव्यू के लिए 2 लाख सात हजार और अंत में जॉइनिंग के नाम पर 1लाख 87 हजार लिए गए। विशाल को फर्जी इंटरव्यू कॉल और दस्तावेज भी दिए गए।बाद में विशाल को पता चला कि अखिलेश मौर्या, सुनील कुमार मौर्या, अखिलेश प्रताप सिंह और पवन कुमार मौर्या से भी इसी तरह लाखों रुपये ठगे गए थे।आरोप है कि 12 फरवरी 2025 को जब विशाल अपने पैसे मांगने के लिए आरोपियों के घर गए तो उन्हें गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी मिली।पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने आदित्य श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, जागृति श्रीवास्तव और क्षमा श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामेश्वर मंदिर व घाट सहित मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**सेवापुरी।** काशी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध महाशिवरात्रि मेला के कुशल रूप से सम्पन्न कराने के लिए अंतिम दिन जेसीपी डा. एंजिलरसन, डीसीपी प्रमोद पटेल,एडीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल,सीडीओ हिमांशु नागपाल स्थानीय मन्दिर पुजारी ,जनप्रतिनिधियों के साथ रामेश्वर महादेव मंदिर के इर्द-गिर का डॉन कैमरा उड़कर जांच पड़ताल किया। अधिकारियों ने सम्बन्धित विभागों को गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। और स्थलीय निरीक्षण रामेश्वर मन्दिर,घाट,बाजार सहित मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। एडीसीपी गोमती जोन ने कहा कि मेला के एक दिन पहले देर रात से बड़े वाहनों के आवागमन बंद रखने , दो पहिया वाहनों का मेला क्षेत्र में प्रवेश पूर्ण रूप से बंद रखने ,जिला पंचायत द्वारा पुल पर मजबूत बैरिकेटिंग सहित बैरियर नदी में रस्सा ,ट्यूब व प्रकाश व्यवस्था ,सेवापुरी ब्लाक से सफाई कर्मी द्वारा सफाई कार्य सहित मन्दिर में फूल माला,बेलपत्र सहित अन्य सफाई के लिए अलग से सफाई कर्मी की तैनाती, रामेश्वर मन्दिर गर्भ गृह में पुरुष,महिला कांस्टेबल की तैनाती, ध्वनि विस्तारक द्वारा बराबर सूचनाएं प्रसारित करने की व्यवस्था,पेयजल ,प्रकाश, स्वास्थ्य सेवाओं संग एम्बुलेंस की दुरुस्त व्यवस्था व मन्दिर में सी सी कैमरे से निगरानी की तैयारी पर जोर दिया।

### छह सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

**पिंडरा।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के तत्वावधान में मंगलवार को किसानों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित पत्रक नायब तहसीलदार को सौंपा। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किसान उत्तर प्रदेश किसान सभा के बैनर तले मंगलवार को तहसील पिंडरा पहुँचे और अपनी मांगों को लेकर एसडीएम पिण्डरा की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार श्वेता सिंह पटेल को पत्रक सौंपा। जिसमे काशी द्वार योजना रद्द करने, आलू भंडार के बढ़ते कीमत पर लगाम लगाने , नील गायों से किसानों के फसलों को सुरक्षित करने, बिजली के निजीकरण बन्द करने समेत अन्य मांगे रखी। इस दौरान किसान सभा के सचिव श्यामलाल सिंह, श्यामबली, फतेहनारायन सिंह, नंदाराम शास्त्री, रामबली प्रजापति समेत अनेक किसान रहे।

### सारनाथ में पानी बिना श्रद्धालु परेशान

**वाराणसी।** सारनाथ महाराजा सुहेलदेव पार्क के पास लगा ट्रांसफार्मर सुबह से खराब होने से पूरे दिन चौखंडी स्तूप के सामने वाहन पार्किंग में बने शौचालय व पेयजल के लिए दूर दराज से आये श्रद्धालु पानी को लेकर भटकते रहे। बताया जाता है कि आकाशवाणी तिराहे पर लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते पूरे दिन वाहन पार्किंग में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, नेपाल, बिहार से कुम्भ स्नान कर आने वाले श्रद्धालओ को पूरे दिन पेयजल के पानी की एक एक बूंद के लिए परेशान होना पड़ा।

# राहुल गांधी की निगरानी अर्जी पर सुनवाई टली

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश ( एमपीएमल ए) यदुवेंद्र विक्रम सिंह की कोर्ट में अमेरिका में भड़काऊ बयान देने के मामले मे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के निगरानी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी।

बता दें कि निचली अदालत ने पिछले साल 28 नवंबर को राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल अर्जी खारिज कर दी। इस आदेश के विरोध में वादी तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्र ने अपने अधिवक्ता अलख नारायण राय के माध्यम से जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल किया। निगरानी अर्जी में कहा गया कि निचली अदालत ने सरसरी तरीके से खारिज कर दिया है। विधि के अनुसार आदेश नहीं दिया गया। इस मामले में दस्तावेजी साक्ष्य थे । अर्जी में कहा गया कि पिछले दिनों अमेरिका दौरे पर गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बयान देते हुए कहा था कि,₹भारत में सिक्खों के बीच असुरक्षा का माहौल है उन्हें पगड़ी और कड़ा पहनने का अधिकार नहीं है और न ही गुरद्वारों में जाने की अनुमति है। राहुल गांधी के इस बयान का जहां एक ओर खालिस्तानी आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने समर्थन किया है । इनके बयान से आंतकवादी के बढ़ा मिलेगा। उनका बयान से ऐसा लगता है कि उनका मिशन है जो भारत में गृहयुद्ध भड़काने की साज़िश है । इनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य थे। मगर निचली कोर्ट ने उसे अनदेखा कर प्राथी की अर्जी खारिज कर दी। प्राथी ने निगरानी अर्जी स्वीकार करने की गुहार लगाई।

## बाइक सवारों ने महिला का मंगलसूत्र छीना

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के राने चट्टी पिलर नंबर 1 के पास मंगलवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह महिला से मंगलसूत्र गले से छीनकर भाग निकले। लिया। महिला एक शादी समारोह से लौट रही थी और उसके साथ बच्चे भी थे। महिला उन्हें पकड़ने के लिए चीख चिल्लाती और बिलखती रही। खरगरामपुर (मिर्जामुराद) निवासिनी पूनम अपनी मां और बच्चों के साथ वाराणसी चौकाघाट में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रही थीं। मंगलवार दोपहर राने चट्टी तक बस से आने के बाद वे पैदल घर जा रही थीं। जब वे श्याम माता मंदिर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर पहुंचीं, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर लिया और फरार हो गए। घटना के बाद पूनम सड़क पर मदद के लिए चिल्लाती रही, लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी।पीड़िता के मुताबिक, मंगलसूत्र की कीमत 50 हजार से 60 हजार रुपए के बीच थी।

**कार्यालय छावनी परिषद वाराणसी**
**ई-नीलामी सूचना**

छावनी क्षेत्र में निम्नलिखित पार्किंग स्थलो को लाईसेन्स फीस के आधार पर आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जायेगा।

| क्र0सं0 | विवरण | ई-नीलामी की तिथि |
| --- | --- | --- |
| 1. | दूरसंचार मार्ग पर सर्वे स0 83 पर पार्किंग (बंगला न0 54 की चाहरदीवारी के पास) | 17.03.2025 |
| 2. | नेहरु पार्क के पास सर्वे स0 42 एवं 43 (पम्प हाउस स0 2) पर पार्किंग | 18.03.2025 |

इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र एवं रु0 50,000/- धरोहर राशि एम-कलेक्ट के माध्यम से जमा करके ई-नीलामी में भाग ले सकते है। ई-नीलामी हेतु अलग-अलग धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। बोलीदाता हेतु ई-नीलामी से सम्बन्धित प्रपत्र एवं अन्य नियम एवं शर्ते वेबसाइट www.eauction.gov.in पर दिनांक 26.02.2025 को सायं 4:00 बजे से उपलब्ध रहेगी। अन्य किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय छावनी परिषद वाराणसी से सम्पर्क कर सकते हैं।

पत्रांक-एल-17/6/पार्किंग/6804
कार्यालय छावनी परिषद,
वाराणसी-221002 25 फर0 2025।

(सत्यम मोहन)
मुख्य अधिशासी अधिकारी,
छावनी परिषद, वाराणसी।



# वाराणसी



# महाशिवरात्रि पर पुलिस व प्रशासन की टीम अलर्ट

## महाशिवरात्रि पर काशी में विशेष चौकसी, 25 घंटे तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन प्लान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर काशी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन की टीम अलर्ट मोड में है। ऐसे में विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से सात अपील की गई है। महाकुंभ पर श्रद्धालुओं के पलट प्रवाह के चलते वाराणसी में देश के विभिन्न प्रांतों से आए दर्शनार्थियों से पूरा शहर हाउसफुल है। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर महत्वपूर्ण स्नान तिथि होने के कारण विश्वनाथ धाम में भीड़ काफी बढ़ने की संभावना है। ऐसे में अधिकारियों ने लोगों से अपील किया है कि महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु अन्य शिव मंदिरों व घरों में रहकर बाबा विश्वनाथ का डिजिटल दर्शन कर लें।

दूर-दराज के क्षेत्रों से वाराणसी की तरफ आने वाले लोग महाशिवरात्रि के दिन अन्य शिव मंदिरों में दर्शन प्राप्त करें या घर पर रहकर श्री काशी विश्वनाथ का ऑनलाइन दर्शन मंदिर के सोशल मीडिया हैंडल्स, यूट्यूब, टाटा स्काई आदि पर प्राप्त कर सकते हैं। महाशिवरात्रि के दिन नागा साधुओं की शोभा यात्रा और उनके दर्शन-पूजन का कार्यक्रम होने के कारण गोदौलिया और मैदागिन से होते हुए गेट नंबर-4 की तरफ आने वाले रूट का डायवर्जन पुलिस द्वारा किया जायेगा। दोपहर 1.00 बजे तक सामान्य जनों का श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में गोदौलिया व मैदागिन के रास्ते से प्रवेश नहीं होगा। विभिन्न आखाड़ों से साधु-संतो एवं नागा साधुओं द्वारा शोभायात्रा निकाल कर बाबा का दर्शन किया जाएगा। इसके चलते गेट नंबर-4 (गोदौलिया द्वार) से सामान्य जन का प्रवेश पूरी तरह बाधित रहेगा। तेज धूप और गर्मी में देर तक इंतजार करना बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों आदि के लिए गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर मंगलवार से बुधवार तक प्रोटोकॉल दर्शन पूरी तरह बंद रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों से अपील है कि खाली पेट दर्शन के लिए लाइन में न लगें, क्योंकि महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की अधिक भीड़ होने के चलते दर्शन में ज्यादा समय लगने की सम्भावना है। ऐसे में खाली पेट रहने से स्वास्थ्य बिगड़ सकती है। महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में मोबाइल लॉकर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी तथा एकल दिशा मूवमेंट प्लान के कारण किसी दुकान इत्यादि में रखे सामान को लेने के लिए असुविधा होगी। ऐसे में श्रद्धालु मंदिर में प्रतिबंधित सामान जैसे मोबाइल, पर्स, स्मार्ट वॉच, चाभी, इयरफोन, इलेक्ट्रानिक्स व धातु आदि सामान अपने घर या होटल में ही छोड़कर आएं। महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी यानी बुधवार को काशी में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर काशी में विश्वनाथ मंदिर समेत सभी शिव मंदिर रंग- बिरंगी लाइटों से जगमग हो रहे हैं। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सुरक्षा से लेकर श्रद्धालुओं की विभिन्न सुविधाओं तक का इंतजाम किया गया है। इसे लेकर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और डीएम एस राजलिंगम निरीक्षण कर निगरानी भी कर रहे हैं।





### पांच घाटों से सात अखाड़ों की निकलेगी पेशवाई

समूह में आने वाले दर्शनार्थी अपने वापस पहुंचने का स्थल घर या होटल ही तय करके आएं। कतार या मंदिर में अलग हो जाने पर एक-दूसरे की प्रतीक्षा में अनावश्यक न रूकें। किसी प्रकार की स्थिति में भागने या दौड़ने का प्रयास न करें। सामान्य तरीके से ही आगे बढ़े। कोई स्वास्थ्य समस्या होने पर निकटतम पुलिस कर्मी, मंदिर कार्मिक या स्वयंसेवी को तत्काल सूचित करें।

**नागा साधु नाव और बग्घी पर होंगे सवार**

### महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी शिव बारात

**रामनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को रामनगर में धूमधाम से शिव बारात निकाली जायेगी। देव दीपावली एवं शिव बारात पूजा ट्रस्ट की एक बैठक मंगलवार दोपहर संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने बताया कि शिवबारात की झांकी बुधवार शाम छह बजे बलुआघाट धर्मशाला से निकाली जाएगी। लाग विमानों के साथ बारात नगर बटाऊबीर, पीएसी साहित्य नाका मोड़ के भ्रमण करेगी। उसके बाद रामनगर चौक में परिछन, महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ शिव बारात का समापन होगा। बैठक में संरक्षक राजाराम यादव, श्याम कुमार केशरी, अमरेश कुशवाहा, विमलेश सिंह, पारसनाथ गुप्ता, रघुराज सिंह, रणजीत चौहान, देवेश कुमार गुप्ता, स्नेह बन्धु गुप्ता, गोपाल प्रसाद एडवोकेट, सूर्य प्रताप सिंह, विकास रावत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर काशी में विशेष चौकसी

विभिन्न आखाड़ों से साधु-संतो एवं नागा साधुओं द्वारा शोभायात्रा निकाल कर बाबा का दर्शन किया जाएगा। इसके चलते गेट नंबर-4 (गोदौलिया द्वार) से सामान्य जन का प्रवेश पूरी तरह बाधित रहेगा। तेज धूप और गर्मी में देर तक इंतजार करना बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों आदि के लिए गंभीर स्थिति उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर मंगलवार से बुधवार तक प्रोटोकॉल दर्शन पूरी तरह बंद रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों से अपील है कि खाली पेट दर्शन के लिए लाइन में न लगें, क्योंकि महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की अधिक भीड़ होने के चलते दर्शन में ज्यादा समय लगने की सम्भावना है। ऐसे में खाली पेट रहने

**रहें सावधान**

**25 घंटे तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन प्लान**

से स्वास्थ्य बिगड़ सकती है।महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में मोबाइल लॉकर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी तथा एकल दिशा मूवमेंट प्लान के कारण किसी दुकान इत्यादि में रखे सामान को लेने के लिए असुविधा होगी। ऐसे में श्रद्धालु मंदिर में प्रतिबंधित सामान जैसे मोबाइल, पर्स, स्मार्ट वॉच, चाभी, इयरफोन, इलेक्ट्रानिक्स व धातु आदि सामान अपने घर या होटल में ही छोड़कर आएं।

# महाशिवरात्रि को ही निकलेगी शिव बारात



**वाराणसी।** काशी में 43 वर्षों से निकलने वाली शिव बारात अपनी पूर्व परम्परा के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन ही निकलेगी। यह निर्णय प्रदेश के एक मंत्री के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों के अनुरोध पर शिव बारात आयोजन समिति ने एक दिन बाद 27 फरवरी को शिव बारात निकालने का निर्णय किया था। जिस पर काशी के नागरिकों न आपत्ति जाहिर करते हुए सवाल उठाया था कि क्या सनातन परम्परा में विवाह के बाद बारात निकलेगी? इस बीच मंगलवार को देर रात जिला सूचना विभाग के ओर से जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि आयोजकों और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों से वार्ता के बाद पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए बाबा की शिव बारात महाशिवरात्रि को ही रात्रि 8:00 बजे से निकालने का निर्णय हुआ। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि आयोजन मंडल की पदाधिकारी से कहा गया है कि बारात को काशी की परंपरा के अनुसार निकाला जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि शिव बारात के दौरान दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

**निर्णय**

**प्रशासन और आयोजक मंडल के वार्ता के बाद हुआ निर्णय**

# मार्कण्डेय महादेव धाम में लाखों श्रद्धालु करेंगे दर्शन




**चौबेपुर।** गंगा गोमती संगम स्थित कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव धाम में दो दिवसीय शिवरात्रि के मेले की चहल पहल प्रारम्भ हो चुकी है। मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद है । स्थानीय निवासी, पुजारी समाज और स्वयंसेवक भी अपनी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।

मेले में लगने वाली दुकानें सज गयी हैं और सहायता शिविर की स्थापना भी हो चुकी है। गांव के युवकों द्वारा दर्शनार्थियों को विश्राम, पेयजल और चाय की व्यवस्था की गयी है । शिवरात्रि को दो दिवसीय मेले में प्रथम दिन पुरुषों की दूसरे दिन महिलाओं की बड़ी संख्या होती है। उसी के अनुसार पुलिस प्रशासन ने अपनी व्यवस्था कर ली है । भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पहिया और चार पहिया वाहनों को गांव के बाहर ही बैरियर लगा कर रोक लिया जाएगा उन्हें लगभग दो किलोमीटर पैदल चल के ही दर्शन मिल सकेगा । मंगलवार की शाम से ही भक्तों सैलाब जुटने लगा था। इस बार बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक है । हाईवे पर दर्जनों की संख्या में बाहर के राज्यों की बसे खड़ी हैं । सुगम दर्शन के लिए गर्भ गृह में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है एवं जलाभिषेक के लिए जलधारी की व्यवस्था की गयी है ।

**दो दिवसीय शिवरात्रि मेला**

**मंगलवार की शाम से भक्तों की होने लगी थी जुटान**

**गर्भगृह में नहीं हो सकेगा प्रवेश, जल धारी से होगा बाबा का जलाभिषेक**

# महापौर व नगर आयुक्त ने महाशिवरात्रि की तैयारियां देखी

**भ्रमण**

**शिवालयों के पास पॉलीथिन का प्रयोग प्रतिबंधित**

**दुकानदारों ने मार्गों पर की गंदगी तो होगी सख्त कार्रवाई**



**वाराणसी।** महापौर और नगर आयुक्त मंगलवार को एक साथ सड़कों पर उतरे। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तैयारियों को परखा। कई मंदिरों ,गलियों और मार्गो की व्यवस्था को देखा और हाल जाना। इस दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने शिवालयों के पास पालीथिन का प्रयोग जहां प्रतिबंधित कर दिया है,वहीं दुकानदारों द्वारा डस्टबिन नहीं रखे जाने और मार्गों पर गंदगी किए जाने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। इस दौरान महापौर और नगर आयुक्त अचानक सोनारपुरा पहुंचे। जहां केदारघाट स्थित केदार मंदिर मार्ग, तिलभांडेश्वर मंदिर मार्ग, चौकी घाट एवं हरिश्चंद्र घाट मार्ग के उत्कृष्ट साफ सफाई कराए जाने का निर्देश दिया। शिवरात्रि पर गालियों एवं मार्गो में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित रखे जाने, गालियों एवं मार्गों पर आवारा छुट्टा पशु का विचरण ना हो इसे ध्यान में रखे जाने के साथ महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालियों के आसपास वॉटर सप्लाई टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया। जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन हेतु शिवालयों/ मंदिरों के आसपास आवश्यकता अनुसार बैरिकेटिंग की व्यवस्था कराए जाने और मेला क्षेत्र में शिवालियों/मंदिरों के आसपास पॉलिथीन का प्रयोग किसी भी दशा में ना हो इसके लिए संबधित अधिकारियो से चक्रमण किए जाने को कहा। नगर आयुक्त ने महाशिवरात्रि पर्व पर चाय, पान, मिष्ठान भंडार एवं दुकानदारों द्वारा रोड पर दोना, पत्तल, पुरवा, कागज के गिलास किसी भी दशा में ना फेके जाने की जहां चेतावनी दी है ,वही सभी दुकानदारों को अपने दुकान के बाहर डस्टबीन नही रखे जाने पर सख्त कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर संगम लाल, अपर नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जलकल, अधिशासी अभियंता मार्ग प्रकाश, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित मुख्य सफाई निरीक्षक शामिल रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते सीडीओ

# ऋण वितरण की धीमी प्रगति पर नाराजगी

**बैठक**

**सीडीओ ने समीक्षा बैठक में बैंकों के अधिकारियों को दिया लक्ष्य पूरा करने का निर्देश**

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी एक मार्च 2025 को वाराणसी मंडल व आजमगढ़ का संयुक्त मेगा क्रेडिट कैंप पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल ,बड़ा लालपुर में आयोजित है। मेगा क्रेडिट कैंप के लिए निर्धारित लक्ष्य 1500 के सापेक्ष अब तक 2527 आवेदन बैंक शाखाओं को प्रेषित किए गए हैं, जिसमें 436 आवेदन स्वीकृत तथा 192 वितरित हैं। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने योजना के अंतर्गत धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त किया।

बैंकवार समीक्षा के क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा, बड़ौदा यूपी बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि व जनपद बैंक समन्वयक द्वारा योजना अंतर्गत 28 फरवरी तक न्यूनतम 100-100 ऋण वितरण कराने पर सहमति व्यक्त की गई। इंडियन बैंक द्वारा 50, पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 40, इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा 15, केनरा बैंक द्वारा 20, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 30, यूको बैंक द्वारा 20 तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा तीन ऋण 28 फरवरी तक वितरण कराने पर सहमति व्यक्त की गई। अन्य बैंक द्वारा भी वितरण बढ़ा ने पर सहमति दी गई। सीडीओ ने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि 28 फरवरी को पुनः इसकी समीक्षा की जाएगी तथा सभी बैंक द्वारा अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप ऋण स्वीकृत वितरण कराना सुनिश्चित करें। एक मार्च के पश्चात सभी बैंक द्वारा लंबित प्रकरणों में स्वीकृति/ वितरण के संबंध में उत्पन्न होने वाली समस्याओं की सूची कार्यालय उपायुक्त उद्योग को अनुश्रवण के लिए उपलब्ध कराई जाए। एक मार्च को आयोजित होने वाले मेगा क्रेडिट कैंप में सभी संबंधित बैंकों द्वारा अपने लाभार्थियों को प्रतिभाग कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। हथकरघा विभाग को आगामी 20 दिनों में लगाए जाने वाले कैंप के लिए रोस्टर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक का संयोजन कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र वाराणसी द्वारा किया गया।

# सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार का होगा आयोजन

**प्रेसवार्ता**

**जूना पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का होगा प्रवचन**



**वाराणसी।** प्राणीमात्र के कल्याणार्थ त्रैलोक्य से न्यारी महादेव की कल्याणी काशी में धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रभु प्रेमी संघ, काशी द्वारा सनातन धर्म में समाहित है समष्टि कल्याण के सूत्र विषयक आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। जिसे जूनापीठाधीश्वर आचार्यमहामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज अपनी मधुर एवं प्रांजल वाणी से प्रेरणा का प्रवाह प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए संघ के प्रमुख पदाधिकारियों अजीत जैन, अनमोल जैन एवं आचार्य पीयूष शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि वैदिक सनातन धर्म संस्कृति में जीवन मूल्यों का संवर्धन, पारमार्थिक प्रवृत्तियों का प्रसार एवं समष्टि कल्याण के स्वर सहज समाहित हैं। यह आध्यात्मिक प्रवचन 28 फरवरी 2025 को अपराह्न 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, वाराणसी में संपन्न होगा। प्रेस वार्ता में गौरव राठी मीडिया प्रभारी ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म की गहराइयों को समझना और आधुनिक समाज को धर्म एवं आध्यात्मिकता से जोड़ना है। जिसे सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुनीता जैन, अन्नी जैन , नीरज अग्रवाल, दीपक दुजारी, प्रफुल्ल सोमानी, गोविंद केजरीवाल, आशीष पोदार, संजय अग्रवाल अग्गु , गोपाल तुलस्यान, अमित अग्रवाल आदि को जिम्मेदारी दी गई है।































# हरहुआ ब्लॉक: लापरवाही में तीन सहायक अध्यापक निलंबित

**कार्रवाई**

### बीएसए के निरीक्षण के दौरान सोते मिले शिक्षक, बच्चों को नहीं बंटीं पाठ्य पुस्तकें

### प्राथमिक विद्यालय पुआरी खुर्द के प्रधानाध्यापक व तीन अन्य को कारण बताओ नोटिस



**वाराणसी।** जनपद के हरहुआ ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय पुआरी खुर्द अध्यापकों के लिए आरामगाह बन गया है। लगातार मिल रहीं शिकायतों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक ने मंगलवार को दोपहर में विद्यालय पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 13 कर्मचारियों में से मात्र सात लोग उपस्थित थे। अनुपस्थित छह लोगों में दो महिलाएं सीसीएल एवं चिकित्सकीय अवकाश पर थीं। शेष तीन अध्यापक हस्ताक्षर करने के बाद गायब थे। विद्यालय में अध्यापकों की अनुशासनहीनता का आलम यह था कि पीछे एक कक्षा कक्ष की रंगाई-पुताई करके उसमें कालीन एवं गद्दा बिछाकर शयन कक्ष बनाया गया था। साथ ही बगल में एक सिंगल बेड जैसा फोल्डिंग रखकर शयन कक्ष बनाया गया था।

निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक संजय कुमार, सहायक अध्यापक संतोष कुमार मिश्र व सहायक अध्यापक गिरीश प्रसाद उस कक्ष में सोते मिले। उनके कक्षा कक्ष में प्रवेश करते ही तीनों उठकर हड़बड़ा कर वहां से बाहर की ओर निकल गए। विद्यालय के निरीक्षण में भारी मात्रा में पाठ्य पुस्तकें पाई गईं, जिनका वितरण प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को नहीं किया गया था। बीएसए ने इसे घोर अनुशासनहीनता मानते हुए सहायक अध्यापक संतोष कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक संजय कुमार एवं सहायक अध्यापक गिरीश प्रसाद को निलंबित कर दिया।

प्रधानाध्यापक को दोषी मानते हुए कि बिना प्रधानाध्यापक की मिलीभगत के कोई अध्यापक विद्यालय को शयन कक्ष नहीं बना सकता एवं विद्यालय से अनुपस्थित नहीं हो सकता है। फलस्वरुप प्रधानाध्यापक को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 यथा संशोधित के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की जाती है। साथ ही अनुशासनिक कार्यवाही की जांच खंड शिक्षा अधिकारी स्कंद गुप्त द्वारा की जाएगी।

# विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट और जॉब के लिए प्रतिबद्ध




**बैठक**

### काशी विद्यापीठ के कैंपस प्लेसमेंट सेल की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विश्वविद्यालय कैम्पस प्लेसमेंट सेल, की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के स्किल्स डेवलपमेंट के लिए विभिन्न कार्यशालाओं के आयोजन, उन्हें जॉब व इंटर्नशिप का अवसर परिसर में उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई।

प्लेसमेंट सेल की समन्वयक व निदेशक प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल ने बताया कि शीघ्र ही स्थानीय प्रतिष्ठानों से संपर्क कर उनसे एमओयू हस्ताक्षर कराए जाएंगे। इस अवसर पर डा. प्रतिभा सिंह, डा. अभिषेक कुमार सिंह, डा. दिलीप कुमार सिंह, डा. धनंजय विश्वकर्मा, मदन लाल, डा. अविनाश कुमार सिंह, डा. दिनेश कुमार सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नाट्य प्रस्तुति व भाषण प्रतियोगिता

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ व संबद्ध महाविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नाट्य प्रस्तुति व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उपकुलसचिव हरीश चन्द ने बताया कि प्रतियोगिताओं को संबद्ध महाविद्यालयों में सकुशल संपन्न कराने के लिए कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार वाराणसी सहित पांच जिले के लिए प्रतियोगिता संयोजक नामित किए गए हैं। इसमें जगतपुर पीजी कालेज के प्राचार्य को वाराणसी का, लालबहादुर शास्त्री पीजी कालेज मुगलसराय के प्राचार्य को चंदौली का, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पीजी कालेज के प्राचार्य को भदोही का, केबी पीजी कालेज के प्राचार्य को मिजार्पुर एवं राजकीय पीजी कालेज ओबरा के प्राचार्य को सोनभद्र जिले की प्रतियोगिता का संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह पर प्रतिबंध, विकसित भारत की संकल्पना, वृद्धाश्रम की जरूरत क्यों एवं कृषि क्षेत्र में महिलाओं के योगदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। वहीं, अहिल्या बाई होल्कर, द्रौपदी वस्त्रहरण, श्रवण कुमार की अपने माता-पिता के प्रति भक्ति, भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश, राम वनवास एवं भरत मिलाप विषय पर नाट्य प्रस्तुति होगी।

### सभी सेमेस्टर व छूटे हुए विद्यार्थियों की परीक्षा एक मार्च को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक (स्किल डेवलपमेंट) पेपर एनजीओ मैनेजमेंट एंड वॉलंट्री एक्शन की सभी सेमेस्टर एवं छूटे हुए विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा (75 अंको की)एक मार्च को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एम.एम. वर्मा ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से समाज कार्य संकाय के स्मार्ट क्लास में आयोजित होगी।

### फोरेंसिक मेडिसिन के ख्यात विद्वान प्रो. चंद्रभाल त्रिपाठी का निधन



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व भारत के फोरेंसिक मेडिसिन के मूर्धन्य विद्वान व आईएमएस बीएचयू के पूर्व चिकित्सा अधीक्षक प्रो. चंद्रभाल त्रिपाठी (76 वर्ष) का सोमवार की शाम निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। बीएचयू अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। रात में ही हरिश्चंद्रघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र आशुतोष त्रिपाठी ने दी। उनके निधन से चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। प्रो. त्रिपाठी अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### गणित विभाग में पीएचडी प्रवेश को छह मार्च तक करें आवेदन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गणित विभाग की शोध प्रवेश परीक्षा (2023-24) उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जेआरएफ) अभ्यर्थी अपने आवेदन छह मार्च तक विभाग में जमा कर दें। विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश चन्द्र यादव ने बताया कि अभ्यर्थी को पीएचडी प्रवेश 2024 के द्वितीय चरण आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक दस्तावेज (हाईस्कूल से एमएससी तक) की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आरक्षण संबंधी प्रमाणपत्र की छायाप्रति, शोध प्रवेश परिणाम/ नेट/जेआरएफ के सर्टिफिकेट की छायाप्रति, शोध प्रस्ताव तीन प्रतियों में हस्ताक्षर सहित एवं पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के लिए प्रिंटेड प्रति (एक प्रति) जमा करना है। साथ ही विश्वविद्यालय के शुल्क काउंटर पर जमा की गयी फीस रसीद की छायाप्रति भी गणित विभाग के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। प्रो. यादव ने कहा कि आवेदन पत्र में मोबाइल नंबर (वाट्सएप नंबर एवं ईमेल एड्रेस) अवश्य लिखें। साथ ही कहा कि अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि शोध में पंजीकरण के बाद तीन वर्षों तक कहीं अन्यत्र सेवारत या अध्ययनरत नहीं होंगे। (इस आशय का शपथपत्र/एफिडेविट बाद में लिया जायेगा) अन्यथा की स्थिति में आपका पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेगा, जिसके जिम्मेदार अभ्यर्थी स्वयं होंगे। बताया कि उपरोक्त सभी बिंदुओं के अनुसार द्वितीय चरण के आवेदन को न जमा करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### विधि विभाग में पीएचडी प्रवेश को 31 मार्च तक जमा करें आवेदन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विधि विभाग की शोध प्रवेश परीक्षा 2023-24 में उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण) अभ्यर्थी द्वितीय चरण के लिए अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र दो प्रतियों में 31 मार्च तक विभाग में अवश्य जमा कर दें। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी को पीएचडी प्रवेश 2024 के द्वितीय चरण आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक दस्तावेज (हाईस्कूल से एमएससी तक) की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आरक्षण संबंधी प्रमाणपत्र की छायाप्रति, शोध प्रवेश परिणाम/ नेट/जेआरएफ के सर्टिफिकेट की छायाप्रति, शोध प्रस्ताव तीन प्रतियों में हस्ताक्षर सहित एवं पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के लिए प्रिंटेड प्रति (एक प्रति) जमा करना है। साथ ही विश्वविद्यालय के शुल्क काउण्टर पर जमा की गयी फीस रसीद की छायाप्रति भी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। प्रो. रंजन कुमार ने कहा कि अभ्यर्थी शोध में पंजीकरण के बाद तीन वर्षों तक कहीं भी सेवा में या अध्ययनरत नहीं होंगे। इस आशय का शपथ पत्र भी आरडीसी के रिजल्ट के बाद देना होगा, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। समय से आवेदन जमा न करने वाले अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# हॉकी टीम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए किया क्वालीफाई



**खेलकूद**

### गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में खेली जा रही स्पर्धा में काशी विद्यापीठ का शानदार प्रदर्शन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की हॉकी टीम ने अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय हाकी पुरुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को खेलो इडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया।

प्रतियोगिता 22 से 28 फरवरी तक गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में चल रही है। काशी विद्यापीठ की टीम ने अपने पहले मैच में बंगलौर सिटी यूनिवर्सिटी को 2-1 से, दूसरे मैच में एलएनआईपीई ग्वालियर को 4-0 से एवं लीग के आखिरी मैच में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को 5-3 से हराया। प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल मैच 26 फरवरी को होगा। इस अवसर पर काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी, कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, वित्त अधिकारी संतोष शर्मा, क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार, सचिव डा. नवरत्न सिंह, डा. राधेश्याम राय, कुमारी बिना आदि ने टीम एवं कोच मैनेजर को बधाई दी। टीम के प्रभारी डा. अमरेंद्र कुमार सिंह हैं।

# युवा महोत्सव 'उड़ान' होगा नारी शक्ति को समर्पित

**आयोजन**

### डीएवी पीजी कॉलेज में त्रिदिवसीय महोत्सव में 40 स्पर्धाओं में 240 प्रतिभागी भरेंगे हौसलों की उड़ान




**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज का युवा महोत्सव उड़ान- 2025 इस बार नारी शक्ति को समर्पित रहेगा। आइक्यूएसी के तत्वावधान में सांस्कृतिक समिति द्वारा तीन दिनों तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ प्रख्यात शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डा. सोमा घोष द्वारा होगा, वहीं विख्यात सितारविद् पं. देवब्रत मिश्रा समापन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। महोत्सव में 40 से अधिक स्पर्धाओं में लगभग 240 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे। खास बात यह है कि इसमें आधी आबादी की प्रतिभागिता ज्यादा होगी।

डीएवी पीजी कॉलेज में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया की महाविद्यालय में पूरे एक पखवारे तक नारी शक्ति को समर्पित आयोजन होंगे, जिनका प्रारंभ युवा महोत्सव के आगाज के साथ होगा। महोत्सव की शुरूआत 27 फरवरी को होगी, पहले दिन साहित्य और ललित कलाओं की स्पर्धाओं के आयोजन होंगे।

28 फरवरी को महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर एवं प्रख्यात शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डा. सोमा घोष मुख्य अतिथि होंगी। एक मार्च को समापन सत्र में विख्यात सितारविद् पं. देवब्रत मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इन तीन दिनों में नारी शक्ति को समर्पण स्वरूप बादल सरकार का प्रख्यात नाटक 'पगला घोड़ा' का मंचन होगा। इसके अलावा माइम में रानी पद्मावती पर आधारित, मोनो एक्टिंग में ट्रांस जेंडर की व्यथा, स्किट में नारी वेदना को प्रस्तुत करती 'बर्फ' की कहानी का युवाओं द्वारा मंचन होगा। साथ ही रंगोली एवं अन्य विधाओं में भी नारी शक्ति संबंधी कला दिखलाई देगी। विजयी प्रतिभागी बीएचयू के युवा महोत्सव स्पंदन में डीएवी का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रो. मिश्रीलाल ने बताया की नारी शक्ति पखवारे के अंतर्गत तीन मार्च को शारिरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता होगी। सात मार्च को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्र मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्रो. रतन शंकर का विशिष्ट व्याख्यान होगा। पखवारे का समापन आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्त्री विमर्श प्रकोष्ठ द्वारा 'मीडिया में महिलाओं की चुनौतियां' विषय पर संगोष्ठी के साथ होगा। पत्रकार वार्ता में उपाचार्य द्वय प्रो. संगीता जैन व प्रो. राहुल, आइक्यूएसी की समन्वयक डा. पारुल जैन, सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डा. तरू सिंह, प्रशासनिक अधिकारी कुंवर शशांक शेखर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# एक केंद्र पर 10 विद्यालयों के छात्र देंगे परीक्षा

**तैयारी पूरी**

### संस्कृत बोर्ड की परीक्षा आज से, 12 केंद्रों पर 3914 विद्यार्थी देंगे इम्तिहान



**वाराणसी।** संस्कृत बोर्ड की 27 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। जिले में बनाए गए 12 केंद्रों पर 79 संस्कृत विद्यालयों के 3914 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। सबसे अधिक 3336 छात्र और 578 छात्राएं हैं। खास बात यह है कि जो 12 केंद्र बनाए गए हैं, उनमें से एक केंद्र पर तो 11 विद्यालय के छात्र परीक्षा देंगे, जबकि एक अन्य केंद्र पर 10 विद्यालयों के छात्रों की परीक्षा करवाई जाएगी। अब 27 फरवरी से 12 मार्च तक संस्कृत बोर्ड के तहत पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा, उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षा कराई जाएगी। जिले में संस्कृत बोर्ड के तहत कुल 79 विद्यालय इस समय संचालित हैं। छात्र संख्या के अनुसार ही परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में केवल आठ ही विद्यालय हैं, जहां कि छात्र संख्या 100 से अधिक है। इसमें भी बस एक केंद्र पर 230 छात्र हैं और एक केंद्र पर 160 बाकी छह की संख्या 100 से 150 के अंदर है। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद को जो जानकारी भेजी गई हैं, उसमें 12 केंद्रों पर छात्र-छात्राओं की अलग-अलग संख्या भेजी गई है। जिले के जो 79 संस्कृत विद्यालय हैं, उनमें तीन में तो केवल एक छात्र हैं जबकि तीन में 12 छात्र परीक्षा देंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह ने बताया कि छात्र संख्या के अनुसार ही संस्कृत बोर्ड की ओर से केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

# शिवरात्रि पर कैंट स्टेशन पर व्यवस्था पूरी

**बोले डीआरएम**

### मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने वाराणसी स्टेशन का किया निरीक्षण



**वाराणसी।** मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ एस. एम. शर्मा ने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ वाराणसी कैंट एवं काशी स्टेशन का निरीक्षण किया एवं महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों हेतु टिकटिंग व्यवस्था, मेडिकल हेल्प डेस्क, खोया-पाया और मे आई हेल्प यू काउन्टर, पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग, खान-पान की व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन व एंट्री - एग्जिट प्वाइंट का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश पारित किये ।

मंडल रेल प्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान यात्रियों से संवाद किया तथा उनको ई-टिकट प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने यात्रियों को डिजिटल लेनदेन की सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया । बड़ी संख्या मे आने वाले श्रद्धालुओं यात्रियों को व्यवस्थित ढंग से स्टेशन में प्रवेश व सुविधा पूर्वक उनके गंतव्य स्थान तक भेजा जा सके इसके लिए स्टेशन पर एंट्री-एग्जिट प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं। वाराणसी स्टेशन पर बनाए गए तीन नए यात्री आश्रय अलग-अलग दिशा में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निर्धारित है। जिसमें आश्रय संख्या एक से गया, पटना, मोकामा, सासाराम, हावड़ा और धनबाद की ओर जाने वाले यात्री, आश्रय संख्या दो प्रयाग क्षेत्र की ओर जाने वाले तथा आश्रय संख्या तीन अयोध्या की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए रहेगा। होल्डिंग एरिया मे अनाउंसमेंट के माध्यम से ट्रेनों की स्थिति के बारे में यात्रियों को जानकारी प्रदान की जा रही है। स्टेशन परिसर में जगह-जगह टिकट काउन्टर, यात्री आश्रय ,एटीएम ,शौचालय, मे आई हेल्प यू ,मेडिकल हेल्प डेस्क आदि के साइनस लगाए गए हैं जिससे यात्री आसानी से पहुच सकें, स्काउट एण्ड गाइड एवं सिवल डिफेन्स सहायकों को स्टेशन परिसर मे यात्रियों की सहायता हेतु तैनात किया गया है। प्रतीक्षालय क्षेत्रों में बड़ी डिजिटल स्क्रीन लगाई गई हैं, जो आगामी ट्रेनों की वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करेंगी, जिससे यात्री अपने यात्रा कार्यक्रम से पूरी तरह अवगत रह सकेंगे। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयाग जाने वाली सभी ट्रेनें प्लेटफार्म संख्या 10 एवं 11 से प्रस्थान करेंगी। स्टेशन पर हो रही गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो पूरे स्टेशन परिसर की निगरानी करेगा। इस निरीक्षण के दौरान अपर मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी लाल जी चौधरी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लखनऊ कुलदीप तिवारी व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला सहित मण्डल के अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# रैगिंग में बीएचयू देश के विवि में पहले नंबर पर

**आंकड़ा**

### एंटी रैगिंग सेल के पुनर्गठन के बावजूद नहीं रोकी जा सकी घटनाएं

### विश्वविद्यालय में 60 फीसदी से ज्यादा मामले मेडिकल संस्थान से जुड़े

**वाराणसी।** रैगिंग के मामले में बीएचयू देश में नंबर एक है। दस साल में रैगिंग के कुल 72 मामले सामने आए हैं। वहीं, 53 मामलों के साथ एमएनआईटी भोपाल दूसरे और 49 मामलों के साथ एमकेसीजी ओडिशा तीसरे स्थान पर है। 2012 से 2023 के बीच बीएचयू समेत देश भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में रैगिंग के आठ हजार मामले सामने आए हैं।



इन घटनाओं में 78 विद्यार्थी अपनी जान भी गंवा चुके हैं।

बीएचयू ने 2023 में ही एंटी रैगिंग सेल का पुनर्गठन किया था। इसके बावजूद शैक्षिक सत्र 2023-24 में 12 और 2024-25 में पांच मामले सामने आए। इनमें से 60 फीसदी से ज्यादा मामले बीएचयू के मेडिकल संस्थान से जुड़े हैं। रैगिंग के मामले में जो शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, उनमें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ना, गाली-गलौज, लड़कों के कपड़े उतरवाने जैसी घटनाएं शामिल हैं। कुछ मामलों में क्लासमेट के साथ भी रैगिंग हुई है।

# काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं को नहीं होगी कोई समस्या

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के भव्य आयोजन और सुचारू व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम स्थित सभागार (बोर्ड रूम) में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी एस राज लिंगम ने की। बैठक में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और संबंधित जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सर्वोत्तम सुविधाएँ और सुरक्षा प्रदान करना था। मंडलायुक्त और पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की चेकिंग और फ्रिस्किंग को नियमों के तहत सुगम बनाया जाए, जिससे किसी को असुविधा न हो। इसके अलावा, मंदिर परिसर में भीड़ प्रबंधन और दर्शन व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष रणनीति पर जोर दिया गया।

महाशिवरात्रि पर मंदिर परिसर में प्रवेश से पहले श्रद्धालुओं की जाँच और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। चौबीस घंटे सीसीटीवी कंट्रोल रूम से सतत निगरानी की जाएगी। मंदिर परिसर में मोबाइल, कैमरा, जूते-चप्पल और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। मंदिर के बाहर लाउडहेलर के माध्यम से लगातार सूचना प्रसारित की जाएगी। लंबी कतारों में लगे श्रद्धालुओं के लिए छाया, शुद्ध पेयजल और डफ्र घोल की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की चिकित्सकीय जरूरतों को देखते हुए 24 घंटे मेडिकल टीम और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

मंदिर परिसर में नागा संन्यासियों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था होगी, जिसके दौरान गौदौलिया से गेट नंबर-4 तक आम श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अन्य द्वारों से श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा मिलेगी। महाशिवरात्रि के दौरान श्री



काशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन और प्रोटोकॉल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। धाम में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमें तैनात रहेंगी। सफाई, जल आपूर्ति, छाया और शौचालयों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा एवं अभिसूचना) सूर्यकांत त्रिपाठी, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण, डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण, विशेष कार्याधिकारी उमेश सिंह, नायब तहसीलदार मिनी एल. शेखर सहित पुलिस प्रशासन और अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ऑनलाइन ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यॉंत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यॉंत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-
**क्रम सं. :** 1, **ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण : टेण्डर नं. - "44-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2024-25"** "एडवांस्ड मैकेनाइज्ड क्लीनिंग एंड सरफेस ट्रीटमेंट आफ अंडर गियर आफ कोचेज (एसी एंड नान एसी) यूजिंग स्पेशल परपज मशीन इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर", **अनुमानित लागत :** रु. 4,85,09,409.60, **धरोहर राशि :** रु. 3,92,600/-, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि :** 17.03.2025 11.00 बजे, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य, **संविदा की अवधि :** 01 वर्ष।
उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।
उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक कारखाना
मुजाधि/यांत्रिक-125 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (सी0डि0), लखनऊ
सी0एस0 वाद सं0-2081/2023
पेशी-17.03.2025
धर्म धुरन्धर सिंह आयु 70 वर्ष पुत्र स्व0 विश्राम सिंह निवासी-4/4, विकास नगर, जिला-लखनऊ -प्रार्थी/वादी
बनाम्
1-वनप्लेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, एस-2/638ए, चन्दा चेम्बर, चौथी मंजिल क्लब रोड, वाराणसी द्वारा अधिकृत प्राधिकारी सचिव/अध्यक्ष व निदेशक
4-मेसर्स बी0एम0एस0 बिल्डटेक लि0 कारपोरेट कार्यालय पता-माखनलाल काम्प्लेक्स, मटियारी चौराहा, लखनऊ द्वारा निदेशक पता उपरोक्त (अस्तित्वहीन प्रोफार्मा पार्टी) -विपक्षीगण
हरगाह-प्रार्थी/वादी ने आपके नाम से एक नालिस बावत दावा वास्ते बावत वाद हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17.03.2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 17.03.2025 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 20.01.2024 ई0 को जारी किया जाये।
दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

# महाशिवरात्रि: आज निकलेगी शिव बारात


बाबा बालेश्वर नाथ पर चढ़ा बेलपत्र


बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर


दुल्हन की तरह सजा बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर

### कई जगह होंगे शिव-विवाह

**बलिया।** महाशिवरात्रि पर कई प्रमुख शिवालयों पर शिव-विवाह की भी व्यवस्था की गयी है। धूमधाम से शिव बारात निकलेगी। बाबा की बारात कहीं बैलगाड़ी से निकलेगी तो कहीं असवारी से। शिव बारात में विभिन्न तरह के देवी-देवताओं की झांकियां भी सजायी जायेगी। देर रात तक शिव-पार्वती विवाह उत्सव का कार्यक्रम चलेगा। इसे लेकर आयोजनकर्ताओं ने तैयारियां पूर्ण कर ली है।

### बालेश्वर मंदिर से निकलेगी शिव बारात, सजेगी झांकी

**बलिया।** पुरानी परम्पराओं का निर्वाह करते हुए शिव-पार्वती विवाहोत्सव इस वर्ष भी बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर परिसर में मनाया जायेगा। विवाहोत्सव में प्रसिद्ध बैण्ड पार्टियां भी शिरकत करती है। मंदिर की परम्परा है कि पालकी पर बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली जाती है। पालकी को सहारा देने के लिए नगरवासी भारी संख्या में उमड़ते है। धोती-कुर्ता के परिधान में पुजारी एवं पैजामा कुर्ता के परिधान में नगर के व्यापारी बारात में शामिल होते है। विवाहोत्सव में डीजे, तासा, नगाड़ा भी बजता है। बारात मंदिर से निकलने के बाद जापलिनगंज, रामलीला मैदान, मालगोदाम रोड, चौक स्टेशन रोड, लोहापट्टी, गुदरी बाजार, चमन सिंह बाग रोड होते हुए कासिम बाजार, शहीद पार्क चौक से सिनेमा रोड के रास्ते मंदिर पर पहुंचती है।

**पर्व**

### रंग-बिरंगी लाइट व झालरों से सजाये गये शिवालय

**बलिया।** महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी, बुधवार को है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। नगर से लगायत ग्रामीण अंचलों में स्थित शिवालयों की साफ-सफाई के साथ ही रंग-रोगन का कार्य पूर्ण हो चुका है। महाशिवरात्रि पर निकलने वाले शिव बारात की तैयारियां भी पूरी की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्य शिव बारात को भव्य बनाने में जुटे हुए है।

महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा शिवालयों के बाहर बैरकेटिंग आदि किया गया है। शिवालयों पर विभिन्न तरह के रंग-बिरंगे लाइट एवं झालर लगाये गये है। शिवालयों को आकर्षक रूप दिया गया है। महिलाओं ने शिव बारात से पूर्व होने वाले रस्मों को पारंपरिक तरीके से संपन्न कराया। विगत् कई दिनों से नगर स्थित बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में बाबा को हल्दी लगाने के साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। महिलाओं के मंगल गीतों से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा। बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर पर सुरक्षा का खास इंतजाम किया गया है। नगर के मिड्ढ़ी शिव मंदिर, भृगु मंदिर, कैलाश धाम, बाबा बालखंडी नाथ, असेगा का शिव मंदिर, रामगढ़ का बाबा भीमेश्वर नाथ मंदिर, लखनेश्वर डीह, फेफना का फफनेश्वर नाथ मंदिर, कारो स्थित कामेश्वर धाम इत्यादि में विशेष व्यवस्था किया गया है।

### भगवान शंकर की मूर्ति को पंचामृत से करायें स्नान

**बलिया।** आचार्य डॉ. अखिलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराएं। उसके बाद आठ लोटा केसर जल चढ़ाएं। उस दिन पूरी रात का दीपक जलाएं। चंदन का तिलक लगाएं। बेलपत्र, भांग, धतूरा, गन्ने का रस, तुलसी, जायफल, कमल गट्टे, फल, मिष्ठान, मीठा पान, इत्र व दक्षिणा चढ़ाएं। सबसे बाद में केसर युक्त खीर का भोग लगा कर प्रसाद बांटें। बताया कि इस दिन शिवजी को तीन पत्तों वाला बेलपत्र चढ़ाएं। शंकर भगवान को भांग बहुत प्रिय है। इसलिए इस दिन भांग को दूध में मिलाकर शिवलिंग पर चढ़ाएं। धतूरा और गन्ने का रस शिवजी को अर्पित करें। इससे जीवन में सुख बढ़ता है। जल में गंगाजल मिलाकर शिव लिंग पर चढ़ाएं। इससे मन की अशांति दूर होती है। दिन में न सोएं। साथ ही महामृत्युंजय मंत्र एवं रुद्र गायत्री मंत्र का जप अवश्य करें।

### महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूजन-अर्चन आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। मंदिरों की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा सुगमतापूर्वक दर्शन, पूजन-अर्चन, जलाभिषेक आदि धार्मिक अनुष्ठानों के लिए इंतजाम पूरे कर लिये गये हैं। मानस मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, बिचला पोखरा स्थित शिव मंदिर, बस स्टेशन के अलावा गुलौरा मठिया शिव मंदिर, अवधूतेश्वर मंदिर, खैराडीह, तुर्तीपार, बेल्थरा बाजार, हल्दी रामपुर समेत अनेक स्थानों पर मंदिरों में महाशिवरात्रि पर भारी संख्या में श्रद्धालु भोले बाबा का जलाभिषेक करेंगे।

### बच्चों ने सुंदर तरीके से की रामचरितमानस की प्रस्तुति


मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल में सजी भगवान शिव बारात की झांकी

**आयोजन**

#### मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल में आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न

**मझौवां।** मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में महाशिवरात्रि तथा रामचरितमानस गायन की प्रस्तुति छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ तुलसी पूजन एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसमें अयोध्या काण्ड अरण्य काण्ड, सुंदर कांड, लंका कांड आदि के साथ ही भगवान राम एवं भोले के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। स्वामी रविशंकर ने कहा कि जनपद का यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान की भी जानकारी दे रहा है। इसे देखकर मैं अभिभूत हूं। भगवान राम का व्यक्तित्व हमें मर्यादा, दया, करुणा और अनुशासन की महत्ता सिखाता है। हमें उनके जीवन से यह सीखने को मिलता है कि मर्यादा और अनुशासन में रहकर हम अच्छे इंसान बन सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या कुसुमलता सिंह ने कहा कि भगवान राम का विनम्र आचरण और सभी के प्रति सम्मान का भाव हमें सिखाता है कि हमें सबसे समान व्यवहार करना चाहिए। यह कार्यक्रम जेपी सहाय, अरविंद वर्मा, प्रदीप सिंह, रमेश के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इसमें रूची पांडेय, नेहा सिंह, पूनम सिंह, अर्चना ओझा, स्वाति मिश्रा, रवि प्रसाद केसरी, दिनेश प्रजापति, राजेश राणा आदि का योगदान सराहनीय रहा। संचालन आलोक कुमार एवं तन्नु दुबे ने किया।

## आपसी प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनायें त्योहार


बांसडीह कोतवाली में शांति समिति की बैठक करते कोतवाल संजय सिंह

**बोले संजय सिंह**

#### अराजकता व हुड़दंगई बर्दाश्त नहीं की जायेगी

**बांसडीह।** महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर मंगलवार की शाम कोतवाली परिसर में क्षेत्र के सभी आयोजकों के साथ शांति समिति की बैठक कोतवाल संजय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसमें महाशिवरात्रि पर्व पर निकलने वाले शिव बारात और शिवालयों में जलाभिषेक को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कोतवाल ने सभी से अपील किया कि आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाए। शिव बारात में आयोजक अपने-अपने वालंटियर तैनात करेंगे। किसी भी सुरत में अराजकता एवं हुड़दंगई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कोतवाल ने कहा कि परंपरागत तरीके से ही शिव बारात निकाला जाय। कोई नया कार्य न किया जाय। आयोजकों द्वारा नगर पंचायत प्रशासन से शिव बारात निकलने वाले खराब मार्गों पर मिट्टी भरवाने की मांग किया गया। इस पर कोतवाल ने मामले को अधिशासी अधिकारी से वार्ता कर समाधान करने को कहा। वही, शिव बारात के समय बिजली कटवाने हेतु सम्बन्धित कर्मियों को निर्देशित किया गया। कोतवाल ने कहा कि सभी प्रमुख मंदिरों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर निखिलेश पाण्डेय, छोटक मिस्त्री, राजेंद्र प्रसाद, कन्हैया गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर पर वाद्य यंत्रों का सामूहिक वादन

**कार्यक्रम**

#### संचलन में 150 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने किया प्रतिभाग


संचलन में वाद्य यंत्र बजाते बच्चे

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर के विद्यार्थी कार्य विभाग के नेतृत्व में अखिल भारतीय घोष दिवस एवं महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिवरंजनी कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर पर घोष कार्यकर्ताओं ने विभिन्न वाद्य यंत्रों यथा प्रणव, आनक, शंख, झल्लरी, वंशी एवं तूर्य पर विभिन्न रचनाओं का सामूहिक वादन किया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घोष दल के स्वयंसेवक एवं राष्ट्र सेविका समिति की घोष दल की बहनों के साथ लगभग 150 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने संचलन में प्रतिभाग किया। इसके पूर्व सह नगर संघचालक परमेश्वरनश्री एवं मुख्य वक्ता जिला घोष प्रमुख रामकुमार यादव, जिला प्रचारक अखिलेश्वर, जिला कार्यवाह अरुण मणि द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में शहर के टाउन हाल के मैदान से संचलन निकाला गया, जो ओक्डेनगंज चौकी, सेनानी उमाशंकर सिंह चौराहा, चौक, सिनेमा रोड, हनुमानगढ़ी होते हुए बालेश्वर मंदिर पर पहुंचा। यहां शिवरंजनी का वादन किया गया। तत्पश्चात वहां से वापस रामलीला मैदान, मालगोदाम रोड, रेलवे स्टेशन, विशुनीपुर संचलन करते हुए वापस टाउन हाल पहुंच कर कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य वक्ता रामकुमार यादव ने बताया कि विश्व में सबसे पहले भगवान शिव ने डमरु वादन किया था, जो सबसे पहले घोष के रूप में बजाया गया। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर घोष संचलन का आयोजन करता चला आ रहा है।

कहा कि हजारों वर्ष पूर्व महाभारत युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण ने पांचजन्य और धनुर्धारी अर्जुन ने देवदत्त बजाकर विरोधी दल को विचलित कर दिया था। भगवान कृष्ण के समान वंशी वादक संसार में कोई हुआ नहीं। अतः हमें इन वाद्यों पर ऐसी रचनाएं तैयार करनी चाहिए, जिनमें अपने देश की नाद परंपरा की सुगंध हो। भारतीय संगीत मन, आत्मा एवं शरीर को आनंद और शांति प्रदान करता है। अंत में सभी में प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य शिक्षक सूरज रहे तथा प्रार्थना शिरीष ने कराया। इस मौके पर संतोष तिवारी, मारुति नन्दन, उमेश, विवेक, बाल्मीकि, राज रौशन, नीरज, गणेश, सचिन्द्र, सनजी वर्मा, विनय सिंह, श्रीमती उमा सिंह, अम्बरीष शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## पीड़ितों को दी गई 2.71 करोड़ की आर्थिक सहायता

**बैरिया।** स्थानीय तहसील में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पात्र लोगों को विभिन्न मदों में सरकार द्वारा दो करोड़ 71 लाख 18 हजार 307 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। अब इस वित्तीय वर्ष में किसी भी तरह की सहायता की पत्रावली विचाराधीन नहीं है। सबका निस्तारण हो चुका है।

उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 114 बाढ़ से बेघर हुए लोगों के खाते में गृह अनुदान के रूप में 53 लाख 70 हजार रुपए भुगतान किया गया है। वही, अग्निकांड में हुए नुकसान के एवज में 69 पीड़ितों को 50 लाख 14 हजार का गृह अनुदान दिया गया है। पशुओं के मरने पर अनुदान के एवज में सात लोगों को दो लाख 11 हजार 500 रुपये दिए गए है। पिछले बाढ़ में 10 लोग डूब कर मरे थे। उनके आश्रितों को प्रति व्यक्ति चार लाख रुपए के हिसाब से 40 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई है। वही, सर्पदंश से दो लोगों की मौत के एवज में उनके आश्रितों को आठ लाख का भुगतान किया गया है। आगलगी से पीड़ित 61 लोगों को 30 लाख पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। बाढ़ से मकान को हुए नुकसान के एवज में दो लाख पांच हजार तथा किसान दुर्घटना बीमा के तहत 16 लोगों को 80 लाख रुपए का भुगतान दिया गया है। जिन लोगों का उपजाऊखेत नदी में समा गया है, उन्हें जमीन एवं फसल नुकसान के एवज में 49 लाख 92 हजार 807 रुपए की सरकारी सहायता दी गई है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसी प्रकार की सहायता का कोई भी फाइल विचाराधीन नहीं है। सभी का निस्तारण कर दिया गया है।

## संक्षेप

### घायल वृद्ध महिला की रास्ते में मौत

**लालगंज।** टहल कर वापस घर जा जा रही वृद्ध महिला सोमवार को बाइक के धक्के से घायल हो गई थी। वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार सती घाट भुसौला पर किया गया। बता दे कि दोकटी थाना क्षेत्र के लुटईपुर गांव निवासिनी राजेश्वरी देवी पत्नी रामवेलास राम उर्फ मढ़ुक सोमवार की सुबह मार्निंग वाक करके वापस घर जा रही थी कि बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सीएचसी सोनबरसा के चिकित्सक ने उसे गंभीरावस्था में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय से उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। वाराणसी ले जाते रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### अभियुक्त को दो वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदंड

**बलिया।** पुलिस महानिदेशक उप्र, लखनऊद्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में मानिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 3/25 आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय सत्र न्यायाधीश बलिया द्वारा दोषी करार देते हुए एक अभियुक्त को दो वर्ष सश्रम कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मंगलवार को मानिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी से थाना नगरा पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव उर्फ गुड्डू यादव पुत्र रमाकान्त यादव निवासी अलावलपुर, थाना सुखपुरा को न्यायालय सत्र न्यायाधीश बलिया द्वारा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दोष सिद्ध पाते हुए अभियुक्त को दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्तकारावास भुगतना पड़ेगा।

### हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन सश्रम कारावास

**बलिया।** पुलिस महानिदेशक उप्र, लखनऊद्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में मानिटरिंग सेल एवं अभियोजन शाखा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय सत्र न्यायाधीश बलिया द्वारा हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए 02 अभियुक्तों को आजीवन सश्रम कारावास एवं 20,000-20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मंगलवार को थाना नगरा पर धारा-302 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव उर्फ गुड्डू यादव पुत्र रमाकान्त यादव एवं जितेन्द्र यादव पुत्र अच्छे लाल यादव निवासीगण अलावलपुर, थाना सुखपुरा को न्यायालय सत्र न्यायाधीश बलिया द्वारा धारा 302 भादवि में दोष सिद्ध पाते हुए प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास एवं 20,000-20,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्तों को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक गायब, परिजन परेशान

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी हैदर शेख उर्फ चुन्नू (30) पुत्र मुहैयाद्दीन शेख उर्फ झिंगुर संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया है। परिजनों ने हैदर की सभी जगहों पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी सूचना सुखपुरा थाना पर दी। जानकारी के अनुसार 15 फरवरी से हैदर शेख अचानक ही गायब हो गये। परिजनों की सूचना पर सुखपुरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी हैदर शेख का कहीं पता नहीं चला। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हॉकी टीम में निक्की व ज्योति के चयन से हर्ष



**बलिया।** देवरिया में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊएवं हाकी उत्तर प्रदेश के समन्वय से आयोजित राज्यस्तरीय आमंत्रण महिला हाकी प्रतियोगिता के लिए आजमगढ़ मंडल की महिला हाकी टीम में जमुना राम मेमोरियल स्कूल मानपुर, चितबड़ागांव की निक्की यादव व ज्योति तिवारी का चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 26 फरवरी से दो मार्च तक संपन्न होगी। जमुना राम मेमोरियल स्कूल मानपुर, चितबड़ागांव की छात्राओं के चयन होने पर प्रबंध निदेशक इंजीनियर तुषारनन्द, प्रो. धर्मात्मानंद, प्रधानाचार्य एब्री कुमार बघेल, इन्चार्ज अरविंद चौबे, क्रीड़ा अध्यापक सरदार मोहम्मद अफजल ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**बलिया।** लगभग चार साल पूर्व नगरा-सलेमपुर मार्ग पर बदमाशों द्वारा ग्राम बगडौरा के हीरामन यादव को सुबह में टहलते समय सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसमें सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह की न्यायालय ने अभियुक्त जितेंद्र पुत्र अच्छेलाल अलावलपुर, सुखपुरा एवं धर्मेंद्र पुत्र रामाकांत बगडौरा, नगरा को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा बीस-बीस हजार रूपये जुर्माना लगाई है। जुर्माने की धनराशि नहीं देने पर एक वर्ष की अतिरिक्तकारावास भुगतनी पड़ेगी। साथ ही न्यायालय ने इसी मामले के चार आरोपितों के विरुद्ध साक्ष्य नहीं पाए जाने पर दोष मुक्त करने का आदेश दी है।

## बढ़ता तापमान करा रहा गर्मी का एहसास

**बदलता मौसम**

#### मौसम में उतार-चढ़ाव से बीमार पड़ रहे लोग

**बैरिया।** मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण दिन का बढ़ता तापमान गर्मी का एहसास करा रहा है। तेज धूप से लोग बचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। हालांकि धूप के साथ बह रही पछुआ हवा के बावजूद लोग गर्म वस्त्र उतार रहे हैं। इस सीजन में सरकारी अस्पतालों एवं प्राइवेट डिस्पेंसरियों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

चिकित्सक मौसम में बदलाव को इसका कारण बताकर सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह तापमान में अंतर बीमार डालने वाला है। दिन में ही नहीं, रात में भी तापमान बढ़ जा रहा है। जानकारों की माने तो अभी मौसम शुष्क का रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। ऐसे में लोग शर्ट व टी-शर्ट पहने नजर आने लगे हैं। हालांकि धूप के साथ पछुआ हवा के कारण मौसम में नमी का भी एहसास हो रहा है। लोगों का कहना है कि होली के समय जितनी गर्मी होती है, उतनी गर्मी का एहसास अभी ही होने लगा है। रात में भी मौसम एक से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जा रहा है। अभी ठंड का सीजन गया नहीं है। दिन में तेज गर्मी शुरू हो गई है। किसी-किसी दिन तो रात में तापमान बढ़ जाने पर स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सतर्क होने की जरूरत है। गर्म वस्त्र को एकाएक न उतारे। फिलहाल पंखा एवं कूलर चलाने से बचे। थोड़ी सी लापरवाही आदमी को भारी परेशानी में डाल सकती है। इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी है। मौसम परिवर्तन और सहालग का सीजन चल रहा है।

बढ़ते तापमान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों की फसलें प्रभावित होने लगी है। गर्मी का असर ज्यादा होने से गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। दिन-रात में तापमान बढ़ता है तो गेहूं की फसल के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। वही, आम, लीची सहित कई फलों के लिए गर्मी का मौसम उचित नहीं है। फिलहाल 10 डिग्री सेल्सियस का तापमान गेहूं की फसल के लिए अच्छा रहेगा।
**बीएल यादव, कृषि सहायक, बैरिया**

## अस्पताल के ओपीडी में पहुंचे 1649 मरीज

**बलिया।** जिला अस्पताल के ओपीडी में सोमवार को 1649 मरीज पहुंचे। इसमें सबसे ज्यादा फिजिशियन एवं बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में भीड़ रही। 338 मरीज फिजिशियन एवं 237 मरीज बाल रोग की ओपीडी में पहुंचे। इसमें 70 प्रतिशत मरीजों को सर्दी, जुकाम, गले में खरास, सिर दर्द, वायरल फीवर, खांसी, सांस लेने में परेशानी रही।

छोटे बच्चों में सीने की जकड़न, निमोनिया की परेशानी एवं अस्थमा के लक्षण वाले ज्यादा रहे। सुबह-शाम ठंड एवं दिन में गर्मी से छींक आने व गले में खरास के साथ नाक में पानी आने के बाद तेज बुखार से हालत खराब हो जा रहा है। कम इम्युनिटी वालों के लिए यह मौसम खतरनाक बना हुआ है। सांस रोगियों एवं अस्थमा रोगी गंभीर हालत में इमरजेंसी पहुंच रहे हैं। वहां इंजेक्शन व आक्सीजन लगाने के बाद राहत मिल रही है।

**परेशानी**

#### 70 प्रतिशत मरीजों को वायरल फीवर एवं सांस लेने में परेशानी

फिजिशियन डा. पंकज झा ने बताया कि मौसम में बदलाव से एलर्जी की चपेट में आने से शरीर में तमाम परेशानी देखने को मिल रही है। इस मौसम में सभी को सुबह या शाम को गर्म पानी का भाप लेना फायदेमंद होगा। गले में खराश या नाक से पानी गिरने पर गर्म पानी व नमक का गलाला से राहत मिलती है। उसके बाद भी आराम न मिलने पर मेडिकल स्टोर की जगह पास के अस्पताल में डाक्टर की सलाह पर तीन या पांच दिन का दवा का कोर्स पूरा करे आराम मिलेगा। लापरवाही घातक को सकती है।

## दोहरे हत्याकांड में चार अभियुक्त गिरफ्तार

**सफलता**

#### डीआईजी ने की पुलिस टीम को पुरस्कार देने की घोषणा


दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह

**बलिया।** एसओजी एवं खेजुरी की संयुक्त पुलिस टीम ने दोहरे हत्याकाण्ड का खुलासा किया है। खेजुरी थाना क्षेत्र के मासूमपुर गांव में नौ फरवरी को पति-पत्नी की हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त सहित कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद किया है।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि 10 फरवरी को खेजुरी थाना पर मृतक के भाई राधेश्याम चौरसिया पुत्र स्व. रामाशंकर चौरसिया निवासी मासूमपुर ने प्रार्थना पत्र दिया कि हम तीन भाई हैं। हम लोगों का मकान मेन रोड पर है, जिसमें छोटा भाई श्यामलाल (मृतक) एवं उनकी पत्नी बासमती देवी (मृतका) मेन रोड पर अपने हिस्से के मकान में रहकर कोचिंग चलाते थे। मै तथा मेरा भाई घनश्याम चौरसिया गांव में रहते है। नौ फरवरी की रात लगभग नौ बजे गांव के मंजय गोड़ पुत्र स्व. रामप्रसाद ने आकर बताया कि घर के सामने दो लोग गिरे पड़े हैं। इस सूचना पर मै तथा मेरा भाई घनश्याम चौरसिया पहुंचे तो देखा कि मेरा भाई श्यामलाल व भवह बासमती देवी खून से लथपथ जमीन पर पड़े हैं, जिनकी हत्या अज्ञात व्यक्ति द्वारा किया गया है। घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की शीघ्र अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। मंगलवार को बलिया रेलवे स्टेशन के पास से मुख्य अभियुक्त अखिलेश चौरसिया पुत्र स्व. श्याम सुन्दर चौरसिया निवासी मासूमपुर, थाना खेजरी को मुखबिर की सूचना पर एसओजी टीम व प्रभारी निरीक्षक खेजुरी मय फोर्स द्वारा पकड़ा गया। उसके द्वारा पति-पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित आला कत्ल चाकू एवं प्लास्टिक का दस्ताना बरामद हुआ। इसी दस्ताने को पहन कर हत्या की घटना कारित की गयी थी।

अभियुक्त अखिलेश चौरसिया के बयान एवं अन्य संकलित साक्ष्य से घटना में संलिप्त अभियुक्त शिवानन्द चौरसिया पुत्र रामानन्द निवासी मासूमपुर, थाना खेजुरी तथा घटना के बावत उकसाने में अभियुक्त अशोक कुमार वर्मा (सोखा) पुत्र स्व. कन्हैया वर्मा निवासी मासूमपुर, थाना खेजुरी एवं नन्दजी पासवान (सोखा) पुत्र स्व. सुरेन्द्र पासवान निवासी हथौज, थाना खेजुरी का नाम प्रकाश में लाया गया है। उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। हत्या का सफल अनावरण करने वाली टीम को पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ द्वारा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है।

### हत्या का कारण

**बलिया।** अभियुक्त अखिलेश चौरसिया के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2009 में हुई थी। अभियुक्त का ऐसा मानना था कि मृतक श्यामलाल चौरसिया द्वारा कराये गये औझैती-सोखैती के कारण ही उसके माता-पिता की मृत्यु हुई थी। इसके कारण वह काफी रूष्ठ था। इसी कारण उसने इस हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली टीम

**बलिया।** दोहरे हत्याकांड में अभियुक्तों की गिरफ्तारी में क्षेत्राधिकारी अपराध नगर श्यामकान्त, खेजुरी थाना के प्रभारी निरीक्षक मूलचन्द चौरसिया, सर्विलांस प्रभारी विश्वनाथ यादव, निरीक्षक विष्णु प्रताप गौतम, एसओजी प्रभारी उनि हितेश कुमार, मुख्य आरक्षी मंगला सिंह, मुख्य आरक्षी दिलीप पाठक, मुख्य आरक्षी रोहित कुमार, मुख्य आरक्षी देवेंद्र सरोज, मुख्य आरक्षी अमरदेव यादव, आरक्षी विकास सिंह, आरक्षी अर्जुन यादव, आरक्षी विनोद रघुवंशी, आरक्षी विश्वविजय सिंह, आरक्षी सूर्यप्रकाश, आरक्षी पंकज सिंह, कां. शिवानन्द वर्मा, हेकां. विनोद कुमार, कां. लव कुमार शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस, उप निबंधक कार्यालय पर दिया धरना



**मुहम्मदाबाद गोहना, (मऊ)।** स्थानीय तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संसोधन अधिनियम के विरोध में नारेबाजी की गयी। मुख्य मार्ग होते हुए अधिवक्ताओ का जुलूस उप निबंधक कार्यालय पहुंचकर धरने में परिवर्तित हो गया। जिससे वहां घंटो कामकाज ठप्प रहा। राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तहसील के अधिवक्ताओं ने भारत सरकार के उक्त बिल पर विरोध जताया और उसे वापस लेने की पुरजोर मांग की। साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। अधिवक्ताओ ने जुलूस की शक्ल में रेलवे स्टेशन, शहीद चैराहा, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार होते हुए उप निबंधक कार्यालय पर पहुंचे एवं धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं ने पुनः तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी सुमित सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ता संसोधन अधिनियम 2025 को रद्द करने एवं अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की गई है। इस मौके पर तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अली अकरम, मंत्री अशोक कुमार, महेश प्रसाद, संतोष श्रीवास्तव, खालिद जमाल खां, महेंद्र राय, ओमप्रकाश, राजकुमार पासवान, इनाम खां, पवन श्रीवास्तव, प्रभाकर राय, अली इमदाद जैदी, फिरोज अहमद सिद्दीकी, आफताब अहमद, हरेंद्र यादव आदि अनेकों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## छात्रा को बचाने में डिवाइडर से टकराई कार, पलटी, तीन घायल



**दोहरीघाट, (मऊ)।** थाना क्षेत्र के कुसुम्हा फोरलेन पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक कार स्कूली छात्रा को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन युवक मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि छात्रा पूरी तरह सुरक्षित रही। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे गोरखपुर से वाराणसी के चैकाघाट जा रही कार कुसुम्हा के पास पहुंची, तभी एक स्कूली छात्रा साइकिल से सड़क पार कर रही थी। कार चालक ने छात्रा को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार यात्री सुमित जायसवाल, सुनील और श्रवण इस दुर्घटना में घायल हो गए। हादसे के दौरान सड़क पर मौजूद अन्य लोग भी घबरा गए, लेकिन राहत की बात रही कि छात्रा को कोई चोट नहीं आई। वहीं दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवकों की सहायता की। तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार दिया गया, जिनमें से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल करवाया गया।

## आकांक्षा समिति की सराहनीय पहल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को उपलब्ध कराए दो कूलर



**सहयोग**

**बच्चियों के बेहतर भविष्य हेतु आकांक्षा समिति लगातार प्रयासरत- प्रीति मिश्रा**

**मऊ।** जनपद स्तरीय आकांक्षा समिति के सदस्यों के सहयोग से मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोपागंज को दो एयर कूलर प्रदान किए गए। ज्ञातव्य है कि कुछ महीने पहले आकांक्षा समिति की अध्यक्ष जिलाधिकारी की पत्नी प्रीति मिश्रा तथा अन्य सदस्यों द्वारा कोपागंज स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान वहां पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं सहित अन्य चीजों के बारे में भी आकांक्षा समिति ने जानकारी ली थी। गर्मी के दृष्टिगत वहां पर रहने वाली बच्चियों की कठिनाइयां को देखते हुए आकांक्षा समिति ने दो एयर कूलर की व्यवस्था करने की आश्वासन दिया था। जिलाधिकारी आवास पर आकांक्षा समिति की बैठक के दौरान आज इसको असली जामा पहनाया गया और अध्यक्ष प्रीति मिश्रा ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्डन को दो एयर कूलर प्रदान की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय आकांक्षा समिति बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए प्रयास रत है तथा उनके रोजमर्रा के जीवन में आने वाली कठिनाइयों का को समय-समय पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मनीषा भंडारी, अंजली सिंह एवं किरण कुमार भी उपस्थित रही।

## खरीफ फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन का प्रशिक्षण ले रहे हैं बिहार से आए किसान



**मऊ।** सिवान, बिहार से आए 30 कृषकों ने राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कुशमौर में आयोजित 24 से 28 फरवरी तक चलने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डॉ संजय कुमार, निदेशक के मार्गदर्शन में, खरीफ फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन विषय पर आधारित इस कार्यक्रम की शुरूआत पुष्प गुच्छ देकर एवं आईसीएआर गीत से हुई। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में प्रतिभागी किसानों ने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए यह बताया कि सिवान, बिहार में अन्य खाद्यान्न फसलों के साथ सब्जी की खेती की जाती है।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी तथा किसानों को स्वयं बीज उत्पादित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों के साथ खरीफ फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन की संभावनाएं और सिद्धांतों पर चर्चा की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वैज्ञानिक डॉ बनोथ विनेश ने खरीफ फसलों में संकर बीज उत्पादन के विषय में किसानों को बताया। उसके बाद वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कल्याणी कुमारी ने बीज प्रमाणीकरण में शामिल प्रक्रियाएं, महत्वपूर्ण फसलों के प्रक्षेत्र और बीज मानक से किसानों को परिचित करवाया तथा बीज प्रयोगशाला में उस विषय पर व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन डॉ अंजनी कुमार सिंह, आलोक कुमार, डॉ पवित्रा एवं अमित दाश कर रहे हैं।

# अधिवक्ताओं ने ठप किया न्यायालयों का कामकाज

**नाराजगी**

**देशव्यापी हड़ताल कर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करने की चेतावनी**

**बैरिया।** अधिवक्ता एक्ट-1961 में भारत सरकार द्वारा जबरदस्ती मनमाना संशोधन के खिलाफ मंगलवार को बैरिया तहसील बार एसोसिएशन ने तहसील के सभी न्यायालयों एवं कार्यालयों का कामकाज ठप कर दिया। यहां तक की रजिस्ट्री आफिस एवं ट्रेजरी में भी कामकाज नहीं होने दिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार से हम लोग कोई सहायता नहीं लेते हैं। हम लोग सरकार के नौकर नहीं है कि जो चाहे अधिवक्ताओं के संदर्भ में मनमाना नियम बना देंगे। पुराने नियमों को संशोधित कर देंगे।

अधिवक्ताओं ने चेताया कि अगर भारत सरकार प्रस्तावित संशोधन के प्रस्ताव को वापस नहीं लेती है तो देशव्यापी हड़ताल कर पूरे देश के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। वहीं, विभिन्न न्यायालयों से मुकदमों की पत्रावली गायब होने, एसडीएम एवं तहसीलदार न्यायालय में तैनात पेशकारों के मनमाने आचरण के खिलाफ छह मार्च तक न्यायिक कार्यों के बहिष्कार का निर्णय भी लिया गया। न्यायिक कार्य के बहिष्कार के कारण न्यायिक प्रक्रिया ठप है। वही, वादकारियों एवं आम लोगों को भारी असुविधा हो रही है। अधिवक्ताओं ने बेंच को भी वादाखिलाफी करने का दोषी ठहराते हुए उन पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। इस अवसर पर उमेश सिंह, विनय कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, दद्दन यादव, कृष्ण कुमार यादव, जगमोहन तिवारी, विजेंद्र सिंह, कर्मवीर तिवारी, अजय सिंह, संजय सिंह, सुशील कुमार यादव, संजय सिंह, मनोज कुमार, अशोक कुमार तिवारी, रामकुमार तिवारी, राजकुमार तिवारी, बसन्त पाण्डेय, रमेश सिंह, देवेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

**आक्रोश**

**एसडीएम को सौंपा पीएम एवं कानून मंत्री को संबोधित ज्ञापन**




**रसड़ा।** अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को केंद्र सरकार के विरुद्ध सिविल कोर्ट से जुलूस निकाल कर गांधी पार्क मैदान में पहुंचे। यहां तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम चौबे की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें बार काउंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में अधिवक्ता पूरे प्रदेश में न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन का विरोध किया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री एवं कानून मंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम चौबे के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस का ताला बंदकर विरोध प्रकट किया। गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सभी अधिवक्ताओं ने शपथ लिया कि जब तक केंद्र सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल वापस नहीं लेती है, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर इन्द्रदेव यादव, कमलेश तिवारी, रामशब्द यादव, इन्द्रजीत तिवारी, प्रेमसागर सिंह, दीपक कुमार, अजय सिंह, अशोक सिंह, भुवनेंदर सिंह, जितेंद्र सिंह, अरविंद राय आदि मौजूद रहे। संचालन बृजबिहारी सिंह ने किया।

### अधिवक्ता संशोधन बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन

**बांसडीह।** अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश के आवाहन पर मंगलवार को अधिवक्ता संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा अधिवक्ता बिल संशोधन को



तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इसे अधिवक्ता कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे। संशोधन बिल को लेकर अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए तहसील से लेकर सप्तर्षि द्वार तक पैदल मार्च किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि किसी भी कीमत पर इस बिल को अधिवक्ता संघ स्वीकार नहीं करेगा। यदि सरकार तत्काल बिल वापस नहीं लेती है तो आने वाले समय में और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह, भानु प्रताप सिंह, महेश सिंह, प्रभात तिवारी, हिमांशु सिंह, गिरीशचंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया कार्यालय के सभी शाखाओं का निरीक्षण




कार्यालय क्षेत्राधिकारी नगर का निरीक्षण करके बाहर निकालते एसपी

**मुआयना**

**अभिलेखों के रख-रखाव को लेकर दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में स्थित सभी शाखाओं का निरीक्षण कर मातहतों को अवश्यक दिशा-निर्देश दिया। पुसिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस कार्यालय में स्थित विभिन्न शाखाओं, डीसीआरबी कार्यालय, आईजीआरएस सेल, एकाउन्ट शाखा, प्रधान लिपिक कार्यालय, रिट शाखा, महिला सहायता प्रकोष्ठ, अभिलेखागार शाखा, पाक्सो सेल, मानिटरिंग सेल सहित अन्य शाखाओं एवं अन्य कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। साथ ही सम्बन्धित को अभिलेखों के रख-रखाव के विषय में पूछताछ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उनके द्वारा पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं पेशी, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, अपराध शाखा, आईजी आरएस सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, शिकायत प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय एवं अन्य शाखा कार्यालयों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालयों में अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव तथा कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी गणों के कार्यों की गहनता से पूछताछ करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही डीसीआरबी शाखा प्रभारी को अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही कराने तथा पुलिस कर्मियों के यात्रा भत्ता एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकान्त आदि मौजूद रहे।

### पॉक्सो ऐक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपाशंकर के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकान्त के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम को सफलता मिली है। 23 फरवरी को वादिनी की तहरीर पर धारा 70(1), 89, 351(3) बीएनएस व 5जी/6 पाक्सो अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा था। मंगलवार को पुलिस की टीम अभियुक्त की तलाश में क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अपने अधिवक्ता से मिलने कचहरी आया हुआ और सिंचाई संघ भवन नलकूप शाखा दो के गेट के सामने खड़ा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त कमलेश सिंह उर्फ विक्की सिंह पुत्र स्व. बलिराम सिंह निवासी ग्राम सोनबरसा, थाना गड़वार, हाल मुकाम सुखपुरा, थाना सुखपुरा को गिरफ्तार किया गया।

## रासद का विरोध प्रदर्शन एसडीएम को सौंपा मांग पत्र




एसडीएम को मांग पत्र देते राष्ट्रीय समानता दल के कार्यकर्ता

**बेल्थरारोड।** राष्ट्रीय समानता दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को स्नेहा हत्याकांड के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। रासद कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत के डाक बंगला से तहसील कार्यालय तक पदयात्रा की तथा राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम निशांत उपाध्याय को सौंपकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। रासद के प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा ने कहा कि वाराणसी की हास्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही छात्रा स्नेहा कुशवाहा की जघन्य हत्या कर दी गई। सत्ता के संरक्षण में अपराधी स्वतंत्र घूम रहे हैं, जिन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाय। मुख्य महासचिव अगम स्वरूप ने कहा कि स्नेहा हत्याकांड की जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जिलाध्यक्ष सीताराम प्रधान ने स्नेहा के परिजनों को एक करोड़ रुपए क्षतिपूर्ति देने की मांग की। इस मौके पर चंद्रशेखर कुशवाहा, सरदार कन्हैया सिंह, उपेंद्र मौर्य, डा. रामानंद, रितेश, काशीनाथ, नंदलाल, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे दो मुन्ना भाई गिरफ्तार



**मऊ।** थाना मधुबन हाईस्कूल परीक्षा के अवसर पर 24 फरवरी को थाना मधुबन क्षेत्रान्तर्गत जनता शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज दुबारी जनपद मऊ में हिन्दी के प्रश्न पत्र में 02 व्यक्ति जो किसी अन्य व्यक्तियों के स्थान पर बैठकर परीक्षा देने की सूचना पर प्राप्त हुई। जिस पर जांच पडताड की गयी तो ज्ञात हुआ किं अभ्यर्थी अभिनव यादव पुत्र दीपनरायण यादव निवासी के स्थान पर दुर्गेश कुमार पुत्र श्रीकान्त निवासी धर्मपुर बिनटोलिया जनपद मऊ तथा अभ्यर्थी मिथिलेश चैहान पुत्र मुसाफिर चैहान के स्थान पर गोविन्द चैहान पुत्र शिवलाल चैहान निवासी बखरिया धर्मपुर देवारा जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 63/25 धारा 319(2), 318(4), 61(2) बीएनएस व धारा 6/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### जो भक्त श्रद्धा व भक्ति के साथ आराधना करता है मां आदिशक्ति उसके सभी कष्टों को दूर करती हैं : सद्गुरु महराज



**दोहरीघाट, (मऊ)।** मातेश्वरी परिवार द्वारा आयोजित छठवें अश्वमेघ यज्ञ के पांचवे दिन सद्गुरु महराज ने बताया कि जो भक्त श्रद्धा व भक्ति के साथ मां आदिशक्ति की आराधना करता है माँ आदिशक्ति उसके सभी कष्टों को दूर करती है। काम, क्रोध, मद, लोभ का त्याग कर जो मां के चरणों में अपने आप को समर्पित कर देता है उसे फल की प्राप्ति होती है। संसार नश्वर है नश्वर शरीर को प्राप्त कर मनुष्य द्वेष काम क्रोध लोभ में समय व्यतीत करता है उसके जीवन में दुख के सिवा कुछ नहीं मिलता है और वह मनुष्य जीवन पर्यन्त दुखी रहता है। इस प्रकार उस परम सत्ता के हम संतान हैं वह हमारी मां हैं उनसे हमे रिश्ता दिल से रखना चाहिए दिखावे की भक्ति कभी नहीं करनी चाहिए। सच्चे हृदय के साथ किया गया प्रार्थना का पूरा पूरा फल मिलता है और जीवन सुचारू ढंग से चलता रहता हैं।

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना के चौराहे के समीप मंगलवार को मझवलिया गांव निवासी स्कूटी सवार 65 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मझवलिया गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. प्रेमा सिंह अपनी स्कूटी से बेल्थरारोड आये थे। वह घरेलू सामानों की खरीददारी कर घर वापस घर जा रहे थे। अभी उभांव थाना तिराहा पर पहुंचे थे कि उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गयी। इससे वह सड़क पर गिर गए। पीछे से जा रही ट्रक उनको रौंदते हुए निकल गयी है। इससे सुरेन्द्र सिंह की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान सेराज अहमद संग ग्रामीण थाने पहुंचे और शव के पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कराया।

### 18 मार्च तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोज अभियान

**बलिया।** जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त कराने के लिए राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोगियों की खोज का अभियान अब एक मार्च से 18 मार्च तक चलेगा। सीएमओ सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक के दौरान जिला कुष्ठ अधिकारी डा. योगेन्द्र दास ने अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के रोगियों को खोजेंगी और कुष्ठ रोगी होने पर उनका निःशुल्क इलाज एमडीटी दवाओं द्वारा कराया जाएगा। जिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुष्ठ रोग बहुत ही कम संक्रामक रोग हैं, जो एक बैक्टीरिया माइक्रोबैक्टेरियम लेप्री द्वारा फैलने वाला रोग है। इस रोग के मुख्य लक्षण शरीर पर सुन्न दाग, हथेली या पैरों के तलवे में सुन्नता, नसों में सूजन, मोटापन या दर्द, हाथ, पैर, आंख में कमजोरी, विति, घाव जिसमें दर्द न हो, चेहरे शरीर या कान पर गांठें, छाले, घाव आदि हैं।

### पुरातन छात्र संगठन के गठन का निर्णय

**बलिया।** सतीश चंद्र कालेज के प्राचार्य कक्ष में पुरातन छात्रों की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें पुरातन छात्र संगठन की आवश्यकता एवं अनिवार्यता पर बल दिया गया। सर्वसम्मति से पुरातन छात्र संगठन के गठन का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रो. लल्लन सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय, डॉ. लालबहादुर तिवारी, डॉ. हषिकेश पांडेय, प्रो. अरविन्द नेत्र पांडेय, प्रो. श्रीपति कुमार यादव, डॉ. श्रीकृष्ण कुमार, रामनारायण यादव, अजय चौधरी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. बैकुंठ नाथ पांडेय तथा संचालन डॉ. उमेश सिंह ने किया।

### छलपूर्वक जमीन की रजिस्ट्री करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सदर थाना कोतवाली पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छलपूर्वक जमीन की रजिस्ट्री करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार 19 फरवरी 2025 को वादी रमाशंकर पाण्डेय पुत्र स्व.सत्यनारायण पाण्डेय साकिन रामपुर उदयभान, बलिया की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनाकर लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में मंगलवार को अभियुक्त विजयशंकर पाण्डेय अपने विधिक सलाहकार के साथ थाना पर उपस्थित हुआ, जिससे घटना के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए विस्तृत पूछताछ किया गया।

### स्कूलों में सुनायी देगी पीतल या कांसे के घंटी की आवाज

**बैरिया।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित होने वाले विद्यालयों में लोहे की जगह पीतल या कांसे के घंटी की आवाज सुनाई देगी। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश प्राप्त हुआ है कि अब परिषदीय विद्यालयों में लोहे के स्थान पर पीतल या कांसे की घंटी की व्यवस्था कराई जाए। यह लोहे की तुलना में अधिक शुद्ध एवं मधुर आवाज देती है। इस आदेश की पुष्टि करते हुए सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरली छपरा डीपी सिंह ने बताया कि लोहे की घंटी आम तौर पर भारी होती है। उस पर ध्वनि निकालने के निए जोर से प्रहार करना पड़ता है। घंटी की आवाज से एक नई ऊर्जा का संचार होता है। हर एक घंटे की शुरुआत अच्छी ध्वनि से होनी चाहिए। इसलिए अब लोहे की जगह पीतल या कांसे की घंटी बजेंगी। सभी प्रधानाध्यापकों से लोहे की जगह पीतल या कांसे की घंटी खरीदने को निर्देशित किया गया है।

### शिव मंदिर में दो लड़के-लड़कियों ने की शादी

**मनियर।** अब लगन मुहूर्त की जरूरत नही है। क्योंकि लग्न मुहूर्त से ज्यादा शादियां थाने पर पंचायत के बाद होने लगी है। थाने के बगल में मंदिरों पर परिवार की गैर-मौजूदगी और बिना सहमति के शादी का प्रचलन बढता जा रहा है। आस-पास के संभ्रांत लोग दोनों पक्षों को थाने पर बैठाकर सहमति बनवा देते हैं। यह भारतीय संस्कृति के लिए चिंताजनक स्थिति है। अक्सर ऐसा देखा जाता है कि थाने पर पंचायत के बाद मंदिर में सिंदूरदान की रस्म होती है, लेकिन इसमें परिवार की सहमति नहीं होती है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऐसा ही एक मामला मनियर थाना क्षेत्र में देखने को मिला, जहां दो भिन्न-भिन्न स्थानों की लड़के-लड़कियों की शादी मनियर बस स्टैंड पर स्थित शिव मंदिर में कराई गई। यहां ना तो लड़की के परिजन उपस्थित थे और ना हीं लड़के के। इसमें न तो वैदिक मंत्रोच्चार हुआ और न ही अन्य रस्मों की अदायगी हुई। बस लड़के-लड़की ने एक-दूसरे को माला पहनायी और सिंदूर किया। फिर हो गई शादी।

### बंद मकान से आभूषण व कीमती सामान की चोरी



**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और कीमती सामान की चोरी कर ली। बीते 18 तारीख को गृह स्वामी ओमप्रकाश यादव अपने पूरे परिवार के साथ रिश्तेदारी में आगरा गए हुए थे। इस कारण घर में कोई नहीं था और मेन गेट पर ताला लगा हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने 23 तारीख की रात के समय बाउंड्री फांदकर घर के अंदर प्रवेश किया और तीन कमरों के ताले तोड़कर आलमारी में रखा सोने-चांदी का आभूषण चुरा ले गए। पीड़ित परिवार द्वारा बताया गया कि चोरी गये आभूषणों में सोने के मंगलसूत्र, कंगन, चूड़ी, चेन (दो पीस), अंगूठी और चांदी की पायल आदि गहने शामिल हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनका भतीजा पैतृक गांव खेवसर से रोज सुबह ट्यूशन पढ़ने बांसडीह आता है। 24 तारीख की सुबह जब वह मुख्य द्वार खोलकर अंदर गया तो सभी कमरों का ताला टूटा मिला। सभी कमरों और आलमारी के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल की जांच की। इसके बाद पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल से नमूने एकत्र किए। इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# अधिवक्ता संशोधन ऐक्ट के विरोध में प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन एक्ट के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने इस एक्ट के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रकट किया और न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अपनी आक्रोश की अभिव्यक्ति दी। अधिवक्ताओं का कहना था कि अधिवक्ता संशोधन एक्ट उनके पेशेवर अधिकारों और स्वतंत्रता के खिलाफ है, और यह कानून अधिवक्ताओं के लिए न केवल अव्यवस्थित है, बल्कि उनके कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप भी करता है।

वे इस कानून को तुरंत निरस्त करने की मांग कर रहे हैं, ताकि अधिवक्ताओं के पेशेवर अधिकारों की रक्षा की जा सके। इस दौरान, सभी अधिवक्ता एकजुट होकर तहसील परिसर में एकजुट रहे और अपने विरोध प्रदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार से इस कानून को पुनः विचारने की अपील की। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस प्रकार के कानूनों से न्यायिक प्रणाली में असंतुलन पैदा हो सकता है। प्रदर्शन के बाद, सभी अधिवक्ता एकजुट होकर न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा करते हुए इस मुद्दे पर आगामी कार्रवाई के लिए निर्णय लेंगे। इस मौके पर अय्याज खां, सुमन्त सिंह कुशवाहा, अजय राय,मनोज पांडेय, अशोक सिंह, शकील खां, बृजेश यादव, मोहनलाल चौधरी, हैदर खां, जितेंद्र उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।


सेवराई तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता गण।

### अमेंडमेंट बिल के खिलाफ प्रदर्शन

**कासिमाबाद।** तहसील में मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एडवोकेट अमेंडमेंट बिल वापस करने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय व रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन कर छह सूत्रीय मांग पत्रक सौंपते हुए आवाज उठाई। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता व उनके परिवार के लिये एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान किया जाये।परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किये जाये व उनके लोकतान्त्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाये। इस मौके पर सेंटर बार के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव तहसीलदार के तहसील अध्यक्ष संजय तिवारी विनोद सिंह सुभाष तिवारी संतोष कुमार मनोज कुमार गौतम नील गगन, अर्चिता देवी, आशीष कुमार, चंद्रशेखर, अफजाल, अनुज अकेला, अनुज सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### विधि मंत्रालय द्वारा पारित बिल के खिलाफ कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**जखनियां।** दी तहसील बार संगठन की बैठक बार अध्यक्ष निसार अहमद की अध्यक्षता में तहसील सभागार में हुई। अधिवक्ताओं ने यह प्रस्ताव पास किया कि मंगलवार को पूरे दिन उप निबंधन कार्यालय जखनियां का घेराव करेंगे एवं डिड से संबंधित लेखक अधिवक्ता कोई दस्तावेज उपनिबंधक के समक्ष प्रस्तुत करता है। तो अधिवक्ता लिखित तौर पर प्रस्तुत करेंगे व शांतिपूर्ण ढंग से काली पट्टी बांधकर अपनी संवेदना शासन प्रशासन को अवगत कराएंगे। अधिवक्ताओं ने बताया कि 19 फरवरी के अनुपालन में अधिवक्ता गण प्रस्तावित संशोधन बिल के संबंध में विधि मंत्रालय द्वारा जो बिल पेश किया गया है। उसमें अधिवक्ता गण एवं आम जनमानस के खिलाफ है। संविधान की धारा 19 (1) के तहत अधिवक्ता गण उक्त बिल के मेडिकल इंश्योरेंस पेंशन पढ़ने व मृत्यु प्रोटेक्शन पुलिस प्रोटेक्शन एवं अधिवक्ताओं के ऊपर किसी प्रकार का विचार नहीं किया गया है जो अधिवक्ता गण समाज आम जनमानस का सजग प्रहरी है। यह बिल अधिवक्ताओं के दमन करने का बिल है। जिसका बार एसोसिएशन विरोध करता है उन्होंने आज के लगे सभी वादों में कोई अगली तिथी नियत करने की मांग की। घेराव करने वालों में विजय प्रकाश चौबे, श्रीप्रकाश वर्मा, अमलेश कुमार शर्मा, रामजी गिरी, संतोष कुमार सिंह, प्रदीप कुमार राय, शिवपूजन चौहान, अमित कुमार सिंह, अशोक कनौजिया राम, नवल यादव, सुखदेव यादव इत्यादि लोग रहे।

### एडवोकेट अमेंडमेंट बिल का विरोध तेज

**जमानियां।** अधिवक्ताओं के हितों पर गहरी चोट पहुंचाने वाले एडवोकेट अमेंडमेंट बिल का विरोध तेज हो गया है। स्थानीय अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर इस बिल को अधिवक्ता समुदाय के अधिकारों पर सीधा हमला बताया और इसके प्रावधानों को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि एडवोकेट एक्ट 1961 में प्रस्तावित संशोधन से अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता प्रभावित होगी। इसमें बार काउंसिल में सरकारी हस्तक्षेप, हड़ताल पर प्रतिबंध, अधिवक्ताओं पर आपराधिक मुकदमें का खतरा व पंजीकरण रद्द करने के सख्त प्रावधान शामिल हैं। अधिवक्ताओं ने सरकार पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू न करने, आयुष्मान भारत योजना में अधिवक्ताओं को शामिल न करने, बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन और युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन राशि न देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तब इस तरह का संशोधन अधिवक्ताओं को कमजोर बनाने की साजिश है। अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति से बिल को निरस्त करने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग की है। इस अवसर पर अशोक कुमार सिंह, अमरनाथ राम, गोरखनाथ सिंह, कमलकांत राय, उदय नारायण सिंह, मेराज हसन, फैसल होदा, जयप्रकाश राम, मुनेश सिंह आदि अधिवक्ता शामिल रहे हैं।

## पैसेंजर ट्रेन का संचालन दोबारा हुआ शुरू

जनसंदेश न्यूज



**रेवतीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर डिवीजन के तहत आने वाले डीटी ब्रांच लाइन (दिलदारनगर- ताड़ीघाट) पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का संचालन रेलवे ने शुरू कर दिया, यह निर्णय यात्रियों की परेशानियों के मद्देनज़र लिया है। डीटी पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित 9 बजकर 5 के बजाएं 1 घंटा 13 मिनट देरी से 10 बजकर 18 मिनट पर ताड़ीघाट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची।

ट्रेन और प्लेटफार्म यात्रियों से भरा पड़ा था। पैसेंजर ट्रेन के दोबारा संचालन से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिला है। इधर, ट्रेन 37 मिनट रूकने के बाद दोबारा दिलदारनगर जंक्शन के लिए 10 बजकर 55 पर खुली, पैसेंजर ट्रेन के लेट होने से यात्रियों को इस दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बतादें, रेलवे बोर्ड द्वारा प्रयागराज में आयोजित कुंभ के कारण डीटी पैसेंजर ट्रेन का संचालन इस ब्रांच लाइन पर रेलवे ने 20 फरवरी से रद्द कर उसे कुंभ स्पेशल मेला में भेंज दिया गया था। इस ट्रेन के रद्द होने से इस ब्रांच लाइन पर बस एकमात्र मेमू सवारी गाड़ी का संचालन दोपहर में महज एक पहर ही रेलवे की ओर से किया जाता रहा।

> स्टेशन मास्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि डीटी पैसेंजर ट्रेन का संचालन दोबारा शुरू हो गया है, मंगलवार को करीब एक घंटा लेट से यह ट्रेन ताड़ीघाट स्टेशन पहुंची है, बताया कि इस ट्रेन को पूर्व में कुंभ मेला में यात्रियों की भीड़ को देखते भेंज दिया गया था।

## 378 जोड़ों ने एक साथ रहने की खाई कसम

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आरटीआई मैदान (नवीन स्टेडियम) मंगलवार को सम्पन्न हुआ। शादी समारोह का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामूहिक विवाह योजना में कुल 378 जोड़ों का सामूहिक विवाह पूर्ण विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

सामूहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। सामूहिक विवाह में नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौध रोपण हेतु आम वृक्ष का पौधा उनके हाथों में दिया गया। विवाह कार्यक्रम मे मंच से ही मंत्री ओमप्रकाश राजभर के प्रतिनिधि, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर 35 हजार रुपए की धनराशि वधुओं के खाते में हस्तानान्तरित किया। परियोजना निदेशक राजेश यादव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आज जनपद के समस्त ब्लाकों से चयनित 378 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ है। उन्होंने शादी समारोह में आये हुए वर एवं वधु के परिजनों के प्रति भी शुभकामना व्यक्त की। कहा कि इस योजना के अन्तर्गत 51 हजार की धनराशि प्रदान किया जा रहा है जिसमें 35 हजार रुपए वधु के खाते में तथा 10 हजार रुपए के उपहार एवं 6 हजार शादी समारोह के आयोजन के लिए दिया जा रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की शादी कराया जा रहा है। जिसमे लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने सामुहिक विवाह के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए विवाहित नव दाम्पत्य जोड़ो को उनके विवाहित जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, मंत्री ओमप्रकाश राजभर के प्रतिनिधि सुरेश राजभर, उपजिलाधिकारी सदर मनोज पाठक, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।


आरटीआई मैदान में वर-वधू को आशीर्वाद देते अधिकारीगण।

## शिव बारात पर निकाली गई झांकी

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के अति प्राचीनतम ऐतिहासिक शिव मंदिर देवकली से महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व शिव बारात बड़े ही धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ हजारों की संख्या में महिलाएं-पुरुषों के साथ डीजे के धुन पर नाचते गाते भव्य झांकी निकालकर सतरामगंज बाजार के राम-जानकी मंदिर के बगल में बने मंडप में वैदिक विधि विधान से शिव पार्वती विवाह संपन्न हुआ। कलाकारों ने शिव तांडव नृत्य करके लोगों का मन मोह लिया।

स्थानीय तहसील के भदौरा ब्लाक के ऐतिहासिक शिव मंदिर देवकली से मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ हजारों की संख्या में महिला पुरुषों के हाथों में केसरिया झंडा लिए बोलबम व हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए शिव बारात की भव्य झांकी निकाली गयी। जो स्थानीय बस स्टैंड,सेवराई तहसील मुख्यालय होते हुए रेलवे क्रॉसिंग, सतरामगंज बाजार के रास्ते होते हुए राम जानकी मंदिर के बगल में स्थित शिव मंदिर पर आकर संपन्न हुई। शिव बारात की झांकी सतरामगंज बाजार में प्रवेश करते ही सेवराई व सतरामगंज बाजार के पहले से ही इंतजार कर रहे लोगों ने बारातियों का फूल-मालाओं व अबीर-गुलाल से स्वागत किया। बाजार के राम जानकी मंदिर के बगल में पूरे पंडाल को दुल्हन की तरह सजाया गया था। महिलाओं ने शिव बारात पहुंचने पर भगवान शंकर का परिछावन के साथ ही बगल में बनाये गए। कन्या पक्ष के आयोजक नरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बारात में आए समस्त महिला पुरुषों को भोजन-नाश्ता के रूप में प्रसाद आदि का विशेष प्रबंध किया गया था। पुलिस चौकी प्रभारी सेवराई पुष्पेश दूबे भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। इस मौके पर नरेन्द्र सिंह ,अशोक कुशवाहा, अरुण गुप्ता, रजनीश यादव, रामप्रवेश प्रधान, सत्यप्रकाश, जगेश्वर कुशवाहा, रामनिवास कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, जयकरन मास्टर, विनय यादव, मोनू युवराज, सतीश गुप्त, फेकू बिन्द, राजेंद्र, पंकज, विनय, मोनू, धर्मेंद्र पासी, लालदेव कुशवाहा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


सेवराई के सतरामगंज बाजार के राम जानकी मन्दिर पर शिव बारात व विवाह की झांकी।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्ज

**गहमर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गहमर कोतवाली पुलिस ने बीस दिन पहले हुई चोरी का मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया है। शब्बीर अहमद खां पुत्र स्व. सगीर अहमद खां निवासी गांव मनियां ने पुलिस अधीक्षक डा.ईरज रजा को तहरीर देकर बताया कि वह एक प्रगतिशील किसान व वरिष्ठ नागरिक हैं। बीते 5 फरवरी की रात किसी समय बोरिंग पर दिवाल से फांद कर इंजन का सबरसेबुल व स्टाटर व लगभग 30 मीटर तार आदि अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिया। उसी रात चोरों ने मां काली मंदिर से पितल के पांच घंटे भी चोरी किया गया। अगले दिन सुबह चोरी की जानकारी होने पर कोतवाली थाना गहमर पहुंचकर पुलिस को चोरी की लिखित तहरीर दिया लेकिन मेरा प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं दर्ज किया गया। थक-हारकर श्रीमान जी के समक्ष उपस्थित हो कर प्रार्थना-पत्र दे रहा हूं। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

## इम्युनिटी कमजोर होने से होती हैं मौसमी बीमारियां

### स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 300 लोगों का हेल्थ चेकअप और निःशुल्क दवा वितरण

**रेवतीपुर।** शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने अठहठा गांव समेत चार सरकारी स्कूलों में निःशुल्क हेल्थ चेकअप और दवा वितरण शिविर का कैंप आयोजित किया। जिसका शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अमर कुमार ने किया। आयोजित इस हेल्थ चेकअप और दवा वितरण शिविर में 300 से ज्यादा छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों का विभिन्न रोगों का परीक्षण कर उनके ब्लड के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेंज दिया। इस दौरान स्वास्थ्य चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को रोगों के पहचान और उसके उपचार के बारे जागरूक भी किया।

शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ब्लड, श्वांस, एलर्जी, वायरल फीवर, दर्द, आंख, कान, गला, उदर रोग, कमजोरी आदि रोगों की जांच किया और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित किया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को रोगों से बचने के लिए एडवाइजरी भी दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. अमर कुमार ने कहा कि छात्रों की इम्युनिटी कमजोर होने की वजह से मौसमी बीमारियां और इन्फेक्शन उन्हें आसानी से अपना शिकार बना लेती है। उनके पौष्टिक आहार ग्रहण करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। तबीयत खराब हो तो तुरंत ही विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह अवश्य लें अन्यथा रोग जानलेवा हो जाता है। किसी भी प्रकार की लगी चोट को हल्के में न ले। हड्डी में चोट लगे तो उसका विशेषज्ञ चिकित्सको से सलाह अवश्य ले। छात्रों को कहा कि जीतना पढाई जरूरी है,उतना स्वास्थ्य भी जरूरी है। शिविर में डा. अमित, बीसीपीएम सुनील कुशवाहा, डा. स्मिता सिंह, संदीप यादव,अनंत कुमार, बबीता सिंह,आशुतोष सिंह, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाप रे...फरवरी में 32 डिग्री मई-जून में क्या होगा?

### फरवरी में ही मार्च से जैसी गर्मी कर रही परेशान

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** मौसम इन दिनों अपने अलग अंदाज में नजर आ रहा है। बीते सालों की बात करें तो फरवरी में मीठी-मीठी ठंड बरकरार रहती थी। तापमान 25 से 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता था। लेकिन, इस बार फरवरी में तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया है। इससे लोगों को फरवरी में ही गर्मी का एहसास होना शुरू हो गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब फरवरी में इतनी गर्मी हो रही है तो मई-जून में क्या होगा? बता दें कि जिले में पिछले सप्ताह से मौसम शुष्क बना हुआ है।

हवाओं की रफ्तार भी कम हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। जिले में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिससे दिन में हल्की गर्मी का एहसास शुरू हो गया है। मार्च में रहने वाले तापमान ने फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही अपना रंग दिखा दिया है। अधिकतम तापमान फरवरी में ही दस्तक दे चुका है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। गर्मी में बढ़ोतरी से फसलें बुरी तरह प्रभावित होंगी। किसानों की आय और महंगाई पर असर दिखेगा। फरवरी में तापमान में तेजी का स्पष्ट मतलब है कि मार्च में ये और अधिक होगी। गेहूं की फसल को अधिक नुकसान होगा। फरवरी माह में मार्च जैसी गर्मी से लोग परेशान हैं। दोपहर में तल्ख धूप होने से तपती गर्मी परेशान कर रही है।

शहर में कई दिनों से तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा था। इस वर्ष फरवरी में सबसे अधिक तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। सबसे कम न्यूनतम तापमान बीते 6 फरवरी को 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए लोगों को दी गई जानकारी

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश के क्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मन चेतन दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य पर ब्लॉक बाराचवर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले महिलाओं पुरुषों को मानसिक स्वास्थ्य की अस्वस्थ स्थिति पहचानने व उनको सही रखने के विषय में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अंकित आनंद व साइकाइट्रिक नर्स सतीश कुमार द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर सेंटर मैनेजर प्रियंका प्रजापति द्वारा वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली,हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1098, कन्या सुमंगला योजना आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, सी.एच.ओ., व ए.एन.एम. आदि उपस्थित रहे।

## साहबः कैसे होगा विकास सचिव नहीं हैं मेरे पास

**यह है हाल**

### पांच ग्राम पंचायतों में एक माह बाद भी सचिव की नहीं हुई तैनाती, विकास कार्य ठप

जनसंदेश न्यूज

**बिरनो।** ब्लॉक के पांच ग्राम पंचायतों में सचिवों की तैनाती नहीं होने से विकास कार्य ठप पड़े हैं। इन ग्राम पंचायतों में करीब एक माह से ग्राम पंचायत सचिव के पद पर किसी की तैनाती नहीं की गई है। इससे ग्राम प्रधान परेशान हैं। वहीं, श्रमिकों को रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है। प्रधानों ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द ग्राम पंचायत सचिवों की तैनाती कराने की मांग की है।

बिरनो ब्लॉक के ग्राम पंचायत तियरा, सरदरपुर, जयरामपुर, भोजापुर, गहली बसारिखपुर गांवों में सचिव की तैनाती न होने से लगभग एक माह से विकास कार्य अवरुद्ध चल रहे है। ग्राम पंचायत में मनरेगा से होने वाले कार्य, 14वें वित्त आयोग से होने वाले सभी कार्य रुके हुए हैं। गो आश्रय स्थलों की व्यवस्था में भी दिक्कतें आ रहीं हैं। दरअसल, तीन ग्राम पंचायत सरदरपुर, जयरामपुर और तियरा में तैनात रहे सचिव अश्वनी कुमार के जनवरी माह में जाने के बाद इन पंचायतों में सचिव न होने से वित्तीय कार्य प्रभावित हैं। यही हाल ग्राम पंचायत भोजापुर और गहली बसारिखपुर में है। जहां सचिव बेचन राम के जाने के बाद गांव में विकास कार्य पूरा ठप हो गया है।

### मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी

**ग्राम प्रधान गंगा राम, विजय नारायण चौहान प्रधान प्रतिनिधि, दुर्गविजय राजभर** आदि ने बताया की गांव में पूर्व मे कराए गए कार्यों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। होली के पर्व पर मजदूरों की मजदूरी मिलने में भी परेशानी हुई। ग्राम प्रधानों का कहना है कि सचिव के नहीं रहने से मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र और गांव के लोगों के काम प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आए दिन ग्रामवासी हम ग्राम प्रधानों से शिकायत करते हैं। प्रधानों ने बताया की कई बार खंड विकास अधिकारी से सचिवों की तैनाती की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई सचिव नहीं आया है। जिलाधिकारी से जल्द सचिवों की तैनाती की मांग की गई है।

**खंड विकास अधिकारी कौस्तुभ मणि** ने बताया कि जिन पंचायतों में सचिव नहीं है उनकी फाइल उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है। उच्चाधिकारियों के निर्देश मिलते ही तैनाती कर दी जाएगी।

**डीपीआरओ अंशुल मौर्य** ने कहा कि सभी गांव में खाली पड़े सचिव के पदों की तैनाती के लिए प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी के यहां अनुमोदन के लिए भेजा गया है। जल्द से जल्द कोई सचिव की तैनाती हो जाएगी।

**सीडीओ संतोष कुमार वैश्य** ने ग्राम पंचायतों में खाली पड़े सचिव के पदों पर कहा कि इस मामले में डीपीआरओ से बात करता हूं।

## संक्षेप

### ईवीएम गोदाम का डीएम ने किया निरीक्षण



**गाजीपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखैरी द्वारा मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण (वाह्य) किया गया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, सुरक्षा कार्मिकों की तैनाती और अन्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की गई। मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) दिनेश कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता अंसल कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय शंकर मिश्रा उपस्थित रहें।

### गोशाला से ज्यादा सड़कों पर हैं पशु



**सैदपुर।** प्रदेश सरकार के आदेश पर भले ही छुट्टा पशुओं से राहत दिलाने के लिए क्षेत्र में जगह-जगह गोशालाओं का निर्माण कराया गया है। लेकिन इसकी हकीकत कुछ और ही है। हालात यह है कि गोशालाओं से ज्यादा छुट्टा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। वह न सिर्फ फसलें बर्बाद कर रहे हैं बल्कि लोगों की जान भी ले रहे हैं। इसके बावजूद न तो नगर पंचायत और न ही पशुपालन विभाग इनको गंभीरता से नहीं ले रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण बाजारों में छुट्टा पशु बेखौफ घूम रहे हैं। जिससे आये दिन कोई न कोई राहगीर इनके चपेट में आने पर घायल रहे हैं। नगर के मुख्य बाजार, वाराणसी-गाजीपुर मेन रोड, सब्जी मण्डी, रामकरन सेतु, रेलवे क्रॉसिंग, जौहरगंज शमशान घाट, औड़ीहार हाइवे, सैदपुर पोखरा मोड़, रावल मोड़, मिजार्पुर गांव समेत ग्रामीण अचंलों आदि जगहो पर छुट्टा पशु अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से कब्जा जमाये हुए हैं।

### पांच दिवसीय स्काउड गाइड का प्रशिक्षण

**भांवरकोल।** राजेश्वर महादेव डिग्री कॉलेज आराजी बुढ़ैला पाण्डेय का पूरा (अमरूपुर) में पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक अवध बिहारी पाण्डेय के द्वारा ध्वजारोहण कर इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि आप सभी अपने कर्तव्य के मार्ग पर यदि चलते रहेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप सभी लोग अपने जीवन में समय पर विशेष ध्यान दें और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय से हर कार्य को संचालित करने की कोशिश करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रेमचंद सिंह, राहुल रंजन पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, विपिन राय, अरुण उपाध्याय, संजीव मिश्र, शशिकांत राम आदि उपस्थित रहे।

### पीजी कॉलेज भुड़कुड़ा में स्काउट शिविर प्रारम्भ

**जखनियां।** पीजी कालेज भुड़कुड़ा में रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय शिविर कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश केशरी एवं डा सन्ध्या गुप्ता के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ। जिसका समापन एक मार्च को होगा। शिविर का प्रारम्भ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा श्याम नारायण यादव द्वारा झंडा फहराकर किया गया। शिविर के प्रारम्भ होने के अवसर पर डा सेनापति शुक्ला, अश्विनी सिंह दीक्षित ने, स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुये शिविर के माध्यम से प्राप्त होने वाले ज्ञान एवं अनुभव से अवगत कराया। शिविर के पांच दिनों में अनुदेशक द्वय इनामुल्लाह अन्सारी एवं दीपक द्वारा रोवर्स रेंजर्स स्वयंसेवकों को रोवर्स रेंजर्स शिविर से प्राप्त होने वाले तकनीकी ज्ञान एवं अनुभव से प्रशिक्षित किया जायेगा।

### मारपीट में पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**गहमर।** पुरानी विवाद को लेकर छोटे भाई के बेटे के साथ मारपीट के मामले में घायल की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया। रासिद खां पुत्र इजाहार खां निवासी गांव बारा मुहल्ला इसरा नगर ने बताया कि बुआ से खेत के बारे में बातचीत कर रहे थे कि अचानक हमारे बडे पापा इस्तेखार खां अपने लड़के दिलशाद खां के साथ आकर ललकारते हुए गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट ने लगे जिससे मैं घायल हो गया। मेरी चीख पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच बीच-बचाव कर किसी तरह मेरी जान बचाई। लोगों का दबाव बढ़ता देख दोनों बाप-बेटा जान-माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

### सीसी रोड निर्माण को रखी बोरी चोरी

**नगसर।** स्थानीय क्षेत्र के गोहदा विशुनपुरा ग्राम पंचायत में चल रहे गोहदा गांव में सीसी रोड निर्माण के लिए मंगाए गए 120 बोरी में से 18 बोरी सीमेन्ट की चोरी होने से गांव सहित क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मंगलवार की सुबह मजदूरों ने जब कार्यस्थल पर जाकर देखा तो चोरी की सूचना ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को दिया। जिसपर तुरन्त ग्राम प्रधान नीता देवी और सचिव आलोक कुमार ने थाने में लिखित तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर कार्यवाही करने की सूचना दिया है। क्षेत्र में बढ़ रही लगातार चोरी की तमाम घटना से क्षेत्रीय लोगो मे किसी बड़ी अनहोनी का डर बना हुआ है और पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बन कर हाथ मल रहा है । नगसर थानाध्यक्ष बिन्द कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है जल्दी ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा।

### महिला से मारपीट के मामले में मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज

**गहमर।** महिला से मारपीट करने के मामले मे घायल के तहरीर पर पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्जकर घायल को मेडिकल के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर विवेचना शुरू कर दिया। रमावती देवी पत्नी शेषनाथ राम निवासी गांव गहमर (ढडियार बस्ती) ने बताया कि मेरे ही गांव के राहुल राम पुत्र राम बिलास राम दरवाजे पर चढ़कर बिना किसी कारण के ही गाली-गलौज करने लगा ऐसा करने से जब मना किया तो वह अपनी मां बेचनी देवी के साथ मिलकर जान-माल की धमकी देते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान मेरे दाहिने हाथ की उंगली को दांतो से काटकर जख्मी कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि घायल महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

### मजदूर को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**जखनियां।** कोतवाली भुडकुडा अंतर्गत जखनियां गोविंद गांव में ग्राम प्रधान द्वारा खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा था। जिस पर गांव के ही दबंग विपक्षी भानु राम सहित प्रमोद अभिषेक गुलजार ने मिलकर काम कर रहे संतोष राम पुत्र मुन्नर राम को लाठी डंडे से दौड़ा कर मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोटे आई। दबंगों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर कहीं गए तो जान से मार देंगे। बीच बचाव करने गई संतोष के छोटे भाई की पत्नी संगीता को भी मारा पीटा। पीड़ित संतोष ने थाने पहुंचकर मुकदमा पंजीकृत कराया। भुडकुडा पुलिस ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

### श्रीराम कथा से मिलती है मन को शांति

**मनिहारी।** क्षेत्र के बाबा ठड़ेश्वरी नाथ धाम तपोभूमि सिद्धपीठ मठ सराय गोकुल में नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के दुसरे दिन श्रीधाम अयोध्यापुरी से पधारी प्रसिद्ध कथावाचिका देवी आराधना रामायणी ने कहा कि श्रीरामकथा श्रवण मात्र से मन को शांति व मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा का श्रवण कर हर मनुष्य अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण कर सकता है। मौके पर स्वामी ओंकार नाथ गिरी, सुनील कुमार यादव, ओमप्रकाश शर्मा, सरोज गुप्ता, नीतू गिरी, निर्मला शर्मा, राहुल गुप्ता, कुलवंत मणि त्रिपाठी, डा.अनिल शर्मा, सत्यम गिरी, अरविंद राजभर, राजेन्द्र गिरी, उमाशंकर, विवेक रंजन, धन्नजय सिंह, अमित यादव, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

### आमजन परेशानः बीच सड़क पर लगा दिया निर्माण सामग्री का ढेर

**गाजीपुर।** नगर में कई स्थानों पर भवन निमार्ताओं और दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही रेत, गिट्टी, ईंट, सरिया व अन्य सामग्री रखकर भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे न सिर्फ यातायात बाधित हो रहा है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। वहीं इसके लिए नगर पालिका द्वारा कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर सहित कई कॉलोनियों में सड़क पर जगह-जगह फैली भवन निर्माण सामग्री लोगों के लिए यातायात में बाधक बनी हुई है। जगह-जगह रेत के ढेर होने के कारण पैदल और दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनों को निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है, नतीजा लोग बेरोकटोक मनमानी कर रहे हैं। आम रास्तों पर जगह-जगह फैली निर्माण सामग्री की वजह से एक तरफ दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं दूसरी तरफ गिट्टी और रेत की वजह से सड़क भी खराब हो रही है। इन रास्तों से वाहन निकालते वक्त गिट्टी आदि के उचट कर कहीं लगने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा बाइक स्लिप होने का डर भी बना रहता है। वही मेन रोड पर भारी वाहनों के निकलने से ट्रैफिक के दबाव की वजह से सड़क भी खराब होती है। बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जनसंपादकीय

# शक्ति के महामिलन का पर्व है महाशिवरात्रि

**प्रभात किशोर**



कर्पूरगौरम करूणावतारम संसारसारम भुजगेन्द्रहारम /सदावसंतम हृदयारविन्दे भवं भवानीसहितम नमामि ।

भारतीय संस्कृति आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है, जिसके रोम-रोम में देवों के देव भगवान शिव व्याप्त हैं । वे सर्वग्रा' हैं तथा देव एवं दानव दोनों के द्वारा समान रूप से पूजनीय व वंदनीय हैं । शिव हीं पालक हैं और शिव हीं विनाशक, शिव हीं आदि हैं और शिव हीं अंत, शिव हीं शक्ति हैं और शिव हीं अनन्त । शिव हीं शक्ति के स्वरूप हैं और शिव हीं धरती पर जीवन ज्योति के अनंत प्रमाण भी हैं। वे साकार भी हैं निराकार भी । वे इस जगत के प्रथम यानी आदि गुरू हैं । इस ब्रह्मांड के कण-कण में शिव हैं ।

न पुण्यम ना पापम ना सौख्यम ना दुःखम ना मन्त्रो ना तीर्थम ना वेदो ना यज्ञम ।

अहम भोजनम नैव भोज्यम ना भोक्ता चिदानन्द रूपः शिवोहम शिवोहम । ।

अर्थात न मैं पुण्य हूं, न पाप, न सुख और न दुःख, न मंत्र, न तीर्थ, न वेद और न यज्ञ । मैं न भोजन हूँ, न खाया जानेवाला हूँ और न खानेवाला हूँ, मैं चैतन्य हूँ, आनंद हूँ, शिव हूँ, शिव हूँ ।

भगवान शिव के स्वरूप एवं व्यक्तित्व से मानव जीवन में सकारात्मकता, सादगी, प्रेम, संतुलन, एवं योग की सीख मिलती है । भगवान शिव के द्वारा धारण किये जाने वाले सभी नवरत्नों की अपनी-अपनी प्रासंगिकता है । त्रिशूल तीन शक्तियों - ज्ञान , इच्छा एवं पूर्णता का, डमरू सृष्टि के आरम्भ एवं ब्रह्मनाद का, रूद्राक्ष शुद्धता एवं सात्विकता का, नन्दी धार्मिकता का, गंगा अध्यात्म की धारा का, चन्द्र आदि से अंत का, सर्पराज वासुकी अहंकार को वश में रखने का, तीसरा नेत्र बुद्धिमता, तथा व्याघ्र-खाल निडरता एवं दृढ़ता का प्रतीक है ।

फाल्गुण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को मनायी जाने वाली महाशिवरात्रि का उल्लेख विभिन्न पुराणों यथा- स्कंद पुराण, लिंग पुराण, पदम पुराण में मिलता है । इसके संबंध में अनेक मान्यताएँ, कथाएँ, किंवदंतियां एवं रीति-रिवाज प्रचलित हैं, जो इस पावन अवसर को संसार में मनाये जा रहे पर्व-त्योहारों में विशिष्ट बनाते हैं । मान्यतानुसार इस तिथि को शिवजी मध्य रात्रि में लिंग रूप में प्रकट हुए थे, जिस कारण वे चतुर्दशी तिथि के स्वामी माने जाते है और फाल्गुण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि एवं अन्य चतुर्दशियों को शिवरात्रि मनाया जाता है । इस तिथि को सृष्टि का आरम्भ कहा जाता है ।

महाशिवरात्रि जीवनरूपी चन्द्रमा तथा शिवरूपी सूर्य के समीप होने के कारण सौभाग्यशाली है । सनातन धर्म की पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन जगत के पालनहार महादेव जगत जननी माता पार्वती के साथ परिणय-सूत्र में बंधकर वैराग्य जीवन से गृहस्थ जीवन में प्रवेश किए थे । यह शिव एवं शक्ति के मिलन की रात है । भगवान शिव लिंग के रूप में पूजे जाते हैं, जो शिव एवं शक्ति दोनों को प्रतिबिंबित करती है । शिवलिंग के दो हिस्से होते हैं - लिंग जो नर भाग यानी शिव का प्रतीक है तथा योनी जो मादा भाग यानी शक्ति या पार्वती का प्रतीक है । संयुक्त रूप में दोनों सांसारिक एवं आध्यात्मिक एकता एवं पूर्णता के द्योतक हैं ।

शिव पुराण के अनुसार एक बार ब्रह्मा एवं विष्णुजी में अपनी श्रेष्ठता को लेकर गर्मागरम वाद-विवाद हुआ । इसके गंभीर दुष्परिणाम की आशंका को भांपकर भगवान शिव फाल्गुण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि की रात्रि में करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि शिवलिंग के रूप में पहली बार प्रकट हुए थे जिनका न तो कोई आदि था और न हीं कोई अंत । (फाल्गुण कृष्ण चतुर्दशयमादिदेवो महानिशी, शिवलिंगा त्योदभवः कोटि सूर्य समप्रभः।) उन्होंने दोनों देवों को अग्निपुंज के आदि एवं अंत का पता लगाने की चुनौती दी । ब्रह्माजी हंस का रूप धारण कर उपरी छोर का पता लगाने के लिए उपर की ओर गये जबकि विष्णुजी वराह का रूप धारण कर पृथ्वी के अंदर पाताल में गये । परन्तु दोनों हीं देवतागण अपने अभियान में विफल रहे और यह स्वतः प्रमाणित हो गया कि देवों में शिव हीं श्रेष्ठ हैं । महाशिवरात्रि की यह घटना काम, क्रोध, लोभ, मोह, एवं घमंड से दूर रहने की सीख भी देती है ।

महाशिवरात्रि के दिन आदिदेव जगत के 64 पुण्य-स्थलों पर ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए थे, परन्तु मानव को इनमें से मात्र 12 स्थलों की जानकारी रहने के कारण हम द्वादश ज्योतिर्लिंग (सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्रिम्बकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, गुश्मेश्वर) को हीं जानते एवं पूजते हैं । महाशिवरात्रि को देवालयों में दीपों की श्रृंखला सजायी जाती है ताकि ज्योतिपुंज के समान अग्नि की दहक उत्पन्न हो सके । इस पावन अवसर पर रात्रि में श्रद्धालुजनों के द्वारा उपवास, रात्रि जागरण, योग तथा निशित काल यानी मध्य रात्रि में हवन-पूजन किया जाता है जो ग्रह-दोष एवं शत्रुओं के विनाश के साथ-साथ मोक्ष प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त करती है । शिवं च मोक्षे च महादेवे सुखे ।

महाशिवरात्रि को हीं भगवान शिव ने सृष्टि की रक्षा हेतु समुद्रमंथन के दौरान निकले सृष्टि विनाशक हलाहल विष का पान कर अपने कंठ में समेट लिया था, जिस कारण उनका कंठ नीला वर्ण का हो गया और वे नीलकंठ कहलाये । विष के कंठ में अटके रहने के कारण शिव के पूरे शरीर में जलन हुई । श्रद्धालुजन इस जलन को कम करने के निमित हीं शिवलिंग पर दूध, जल, मधु, घी, चीनी आदि का अर्पण करते हैं ताकि शिवकृपा से विश्व में सुख-शांति एवं प्रगति आ सके ।

पृथ्वी के पंच महाभूतों यथा- क्षिति, जल, पावक, गगन एवं वायु की भांति भगवान शिव के पांच मुख क्रमशः ईशान, तत्पुरूष, अघोर, वामदेव एवं सद्योजात बताये गये हैं । महाशिवरात्रि में पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध एवं ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में कुंडलिनी उर्जा जागृत होती है । महाशिवरात्रि पशुपति, रूद्र, नटराज, जगदीश, भैरव, विश्वनाथ आदि 108 नामों से पूजनीय भगवान शिव के सदियों तक योग मुद्रा में ध्यान में लीन रहने के उपरान्त स्थिर तथा कैलाश पर्वत में एकाकार हो जाने का दिवस है ।

**(लेखक अभियंता एवं शिक्षाशास्त्री हैं, संपर्क-8544128428)**

## आस्था का गीत



यह काशी अविनाशी साधो !/ इसके रंग निराले हैं /गोद लिए है गंगा इसको /घर -घर यहाँ शिवाले हैं
शंकर के डमरू ,त्रिशूल पर /टिकी हुई यह काशी है /इसकी सांसों में चन्दन है /मौसम बारहमासी है ।
कापालिक सी रातें इसकी/ वैदिक मन्त्र उजाले हैं /जाति -धर्म का भेद न जानै/सबको गले लगाती है ,
संकट मोचन भैरव की छवि /सिद्ध -असिद्ध को प्यारी है /पाँच कोस में बसी हुई /यह काशी सबसे न्यारी है /नागा ,दंडी ,बौद्ध ,अघोरी /इसे पूजने वाले हैं
गाँजा पीते चिलम फूँकते /अस्सी निर्गुण गाता है/ चित्रकार तूलिका रंग ले /अनगिन चित्र बनाता है/ ज्ञान ,धर्म दर्शन के संग -संग/यहाँ अखाड़े वाले हैं
करपात्री ,तैलंग, विशुद्धानन्द /यहीं के वासी हैं /इसमें वरुणा बहती /गंगा घाट यहाँ चौरासी हैं /हर हर महादेव जब गूँजे /समझो काशी वाले हैं

**- जयकृष्ण राय तुषार**

# गंगा-यमुना का जल कितना निर्मल?

## समय-संदर्भ

**सुभाष गाताडे**



आस्था और गंदगी सहयात्री रहते आए हैं। आस्था के तमाम जानेमाने केन्द्रों पर या अपनी आस्था को सेलिब्रेट करने के नाम पर मनाए जाने वाले समारोहों में - प्रचंड ध्वनि प्रदूषण और रौशनी के प्रदूषण आदि के माध्यम से - इसकी मिसाल अक्सर देखने को मिलती है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों से भरे गंदे जलाशय - जिनकी मौजूदगी पानी के ऑक्सीजन की मात्रा पर विपरीत असर डालती है, पानी में ही फेंकी गयी सूखे फूलों की मालाएं आदि से महानगर भी अछूते नहीं रहते हैं।

इस सम्बन्ध में ताजी मिसाल महाकुंभ के बहाने से उजागर हुई है, जब केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट ने इस बात को उजागर किया कि किस तरह प्रयागराज के पानी में उन्हें उच्च स्तर पर हानिकारक जीवाणु मिले हैं, जो किसी भी सूरत में नहाने योग्य नही है। इस सिलसिले में नेशनल ग्रीन टिब्युनल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को तलब भी किया है कि 'प्रयागराज/इलाहाबाद में गंगा, यमुना के पानी की गुणवत्ता के उल्लंघन को लेकर - उन्होंने जो दिशानिर्देश जारी किए थे उस पर उन्होंने अमल नहीं किया है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय ग्रीन टिब्युनल ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस बात के लिए भी आलोचना की है कि अपनी जो रिपोर्ट उन्होंने प्रस्तुत की है, उसके सैम्पल पुराने है और सभी 12 जनवरी के पहले के - अर्थात कुंभ मेला शुरू होने के पहले के है।

प्रयागराज में गंगा और यमुना में असंशोधित सीवेज डालने के मसले पर सुनवाई करते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अपने इस आरोप को दोहराया है कि किस तरह महाकुंभ में उन्हें कई स्थानों पर जल की जांच में हानिकारक जीवाणु और टोटल कॉलीफॉर्म के तत्व मिले हैं।

दिलचस्प है विधानसभा के पटल पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट को खारिज किया है और अपनी तरफ से ऐलान किया है कि गंगा यमुना का पानी न केवल नहाने योग्य है बल्कि 'पीने' योग्य भी है। वैसे इस बयान से भले ही सरकार समर्थक लोगों, समूहों के आत्मविश्वास को बल मिले, मगर जब उत्तर प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों को सार्वजनिक तौर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की तरफ से लताड़ लग रही हो, तब इस वक्तव्य को कैसे समझा जाए, यह अहम सवाल है ।

प्रश्न उठता है कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की गंगा के प्रदूषण पर जब मुहर लगी है - तब क्या यह तर्क दूर तक जायेगा कि यह सवाल उठाना 'करोड़ो लोगों की आस्था पर हमला' है ?

तय बात है कि सत्ताधारी जमात के प्रकट राजनीतिक विरोधियों ने भी यह सोचा नहीं होगा कि महाकुभ के सम्पन्न होने के अवसर पर मुख्यमंत्री को मिलते तारीफों के गुलदस्तों के साथ साथ वह खबर भी हवा में तैर रही होगी कि जिस श्रद्धा के साथ लोगों ने कुंभ के अवसर पर गंगा यमुना में स्नान किया वह पानी / बकौल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड / 'कहीं से भी नहाने लायक नहीं था'।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्राण बोर्ड द्वारा पानी की गुणवत्ता पर जो अध्ययन किया गया है तथा इस बात की विधिवत जांच की गयी है कि इलाहाबाद/प्रयागराज में जितने सीवेज टीटमेंण्ट प्लांट लगे है, वह उन तक पहुंचने वाले सभी सीवेज को पूरी तरह से संशोधित करने में अक्षम है और बहुत सारा असंशोधित पानी सीधे नदी में छोड़ा जाता है, उसके चलते उपजे इन आरोपों को सहसा खारिज करना उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लिए आसान नहीं होगा।

यह बात भूलनी नहीं चाहिए कि असंशोधित पानी के सीधे गंगा यमुना में छोड़े जाने से तथा कुंभ नहाने के लिए पहुंचे लोगों द्वारा खुले में शौच करने से भी दिक्कतें बढ़ गयी है। निश्चित ही राज्य सरकार ने यात्रियों के लिए टेम्परी स्तर पर संडासों का निर्माण किया था, सफाईकर्मी भी तैनात किए थे, लेकिन जब तमाम आकलनों को धता बताते हुए वहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखी गयी, उसके चलते यह होना ही था।

गौरतलब है कि प्रयागराज में गंगा यमुना के गुणवत्ता की जांच - किसी देश की बाहरी एजेंसी ने नहीं बल्कि केन्द्र सरकार के अधीन आने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की है, जिस नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई हो रही है, जो एक केन्द्रीय संस्था है - इसके चलते इन खुलासों को अचानक 'सनातन विरोधियों की साजिश' कहना भी सूबाई सरकार के लिए या उसके अगुआओं के लिए संभव नहीं होगा।

अब प्रयागराज में गंगा यमुना में खास कर संगम के इलाके में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में स्नान करने के सरकारी दावों और वास्तविक स्थिति पर गहरे अंतराल को लेकर सवाल अधिक जोर से उठेंगे और तेज होंगे।

इस बात पर भी जोर देना आवश्यक है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा पानी की खराब क्वालिटी, इसमें मिले कोलीफॉर्म के जंतु, पानी में ऑक्सीजन की घटती मात्रा आदि को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जो सख्त आलोचना की गयी है वह न केवल राज्य सरकार बल्कि केन्द्र सरकार के तथा उसके नुमाइंदों के खोखले दावों को बेपर्द करता है। सभी को याद होगा कि दो सप्ताह पहले विज्ञान और टेक्नोलॉजी के केन्द्रीय मंत्री जितेन्द सिंह कुंभ में स्नान के लिए आए थे, उस दिन उन्होंने पत्रकारों के सामने यह दावा भी किया था कि 'पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए' भारत के नाभिकीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा प्रयोग में लायी जा रही तकनीक का भी यहां इस्तेमाल हो रहा है। और इन प्रयासों को लेकर उन्होंने अपने महकमे की पीठ ठोंकी थी। उन्होंने यह भी साफ किया था मुंबई में स्थित भाभा अणु अनुसंधान केन्द्र और कलपक्कम में स्थित ' इंदिरा गांधी सेन्टर फॉर एटोमिक रिसर्च' ने पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए वहां गंदे पानी को साफ करने के लिए फिल्टरेशन प्लांट भी लगाए हैं।

अगर हम राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल के अवलोकनों पर गौर करें और उनके इन निष्कर्षों को देखें कि किस तरह प्रदूषित जल की अधिकतम मात्रा संगम के पास देखी गई और वहां जुटे श्रद्धालुओं द्वारा इस्तेमाल किया गया पानी किसी भी सूरत में नहाने योग्य नहीं था क्योंकि वह सीवेज के पानी से मिला था, तब कुछ अहम सवाल उठते हैं जिनके बारे में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को साफ साफ जवाब देने ही होंगेः

- एक, आखिर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मेला के पहले ही ऐसी प्रणालियां क्यों नहीं कायम की जबकि वह जानते थे कि 12 जनवरी के बाद जनता का महासमुद्र वहां स्नान करने पहुंच रहा है ?
- दो, वह इस बात को क्यों सुनिश्चित नहीं कर सका कि प्रयागराज में स्थापित सभी सीवेज संशोधन प्लांट पूरी तरह कार्यरत हैं और सीवेज का एक भी बूंद सीधे नदी में नहीं पहुंच रहा है
- तीन, जब केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने शहर में अलग अलग स्थानों पर पानी की गुणवत्ता की जांच की और बताया कि पानी प्रदूषित है और इस ठीक किया जाए, तब वढढउइ ने तेजी से ऐसे कदम क्यों नहीं उठाए ताकि देश के कोने कोने से आए यात्रियों में से किसी को भी सीवेज के पानी में नहाना ना पडे।
- चार, जब वढढउइ बोर्ड ने पाया कि उसके सामने जो कार्यभार उपस्थित है - जिसे पूरा करना उसके लिए असंभव है - तो क्यों नहीं उसने आपातकालीन कदम बढ़ाया और सरकार को आगाह किया कि वह '} में आने से लोगों को रोके, उन्हें वहां पहुंचने से मना करे।

सभी जानते हैं कि भले ही औपचारिक तौर पर सभी प्रश्न उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पूछे जा रहे हैं - जो सरकारी आदेश के मातहत काम करता है - स्नान के लिए सीवेज युक्त पानी उपलब्ध रहने के प्रसंग की पूरी जिम्मेदारी निश्चित ही राज्य और केन्द्र सरकार के अग्रणियों के कंधों पर आती है, जिनकी साझा पहल के तहत ही इस 'महाकुंभ' के लिए लोगों को न्यौता दिया गया।

क्या यह सरकारें इस बात से इन्कार कर सकती हैं कि आधिकारिक तौर पर 7,300 करोड़ रूपए सरकार द्वारा इस मेले के लिए आवंटित किया गया ताकि जनता के लिए एक सुरक्षित एव सुविधाजनक ढंग से स्नान उपलब्ध हो सके। अगर इतनी अधिक मात्रा में पैसा आवंटित हुआ था तो फिर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूरी तरह चलने में क्यों नहीं सक्षम बनाया गया, क्यों पानी की अच्छी खासी मात्रा बिना संशोधित किए, नदी में सीधे डाली जाती रही ?

अपनी कमियों को स्वीकारने के बजाय अब यही सूर अपनाया जा रहा है कि 'कमियां थी ही नहीं' सब कुछ ठीक था।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जहां नेशनल ग्रीन टिब्युनल के अग्रणियों के सामने अपनी सफाई नहीं पेश कर पा रहा है, वहां उसे पूछा जा रहा है कि पानी की गुणवत्ता के उसके आंकड़े कुंभ मेले के पहले के हैं और वह ताजे आंकड़ों को क्यों नहीं इकट्ठा किया है, क्या वह किसी दबाव में काम कर रहा है और अब अचानक किन्हीं विशेषज्ञ को अब सामने लाया गया है, पानी की गुणवत्ता पर उनके 'अनुसंधान' का ढोल पीटा जा रहा है - जहां वह पानी के बिल्कुल शुद्ध होने का सर्टिफिकेट बांट रहे हैं।

विशेषज्ञ की विद्वत्ता पर कौन सवाल करेगा , सवाल यह है कि क्या वह यूपीपीसीबी के मुलाजिम है या स्वतत्र एक्सपर्ट है, उनकी क्लीन चिट आखिर कैसे विद्वानों द्वारा कही गयी बातों को झूठला दे सकती है ?

क्या यह मुमकिन भी होगा उनकी राय केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों, वैज्ञानिकों की मेहनत को, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अग्रणियों द्वारा सुनवाई के दौरान उठे जायज सवालों पर एक ही झटके में परदा दाल दे , अपने कार्य निष्पादन में बेहद अक्षम साबित हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अग्रणियों को ही क्लीन चिट दिलवा सके ?

दरअसल 'महाकुंभ' के दौरान जनता के लिए उपलब्ध 'सीवेज युक्त पानी' जो नहाने योग्य कत्तई नहीं है की यह स्थिति केन्द्र और राज्य में सत्तासीन भाजपा सरकार की एक अधिक प्रचंड असफलता को बेपर्द करती है, जिसे हम नमामि गंगे नाम से जानते हैं। याद रहे 2014 में ही मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी नमामि गंगे परियोजना में - विगत एक दशक में हजारों करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं।

जागरूक लोगों से अब यह सवाल भी उठ रहे हैं कि अगर गंगा के जल में स्वयं शुद्धिकरण की बात को - जैसा कि भाजपा के एक अग्रणी महानुभाव दावा कर रहे हैं - मान लिया जाए, तो फिर इस परियोजना को शुरू क्यों किया गया ? नवम्बर 2024 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्राी ने यह दावा क्यों किया कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से गंगा शुरू हो गयी है।

इन दावों की असलियत का केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अग्रणी उपयुक्त जवाब दे देंगे, मगर ऐसे दावे संविधान के अंतर्गत वैज्ञानिक चिन्तन के प्रति हमारे कर्तव्य की अवहेलना करते दिखते हैं।

योगगुरू से अब बड़े उद्यमी बनने की तरह बढ़ रहे महानुभाव द्वारा प्रस्तुत कोरोनिल की असलियत उजागर होने में अधिक वक्त.नहीं लगा, मगर इस कवायद में उन मंत्रियों ने अपनी भद्द पिटवा ली। वैसे वह सभी लोग सीवेज पानी बिना संशोधित किए गंगा में छोड़े जाने पर भी , कथित तौर पर पचास करोड़ से अधिक लोगों द्वारा वहां स्नान करने के बावजूद और शौचालयों की पर्याप्त मात्रा में अनुउपलब्धता के चलते वहां हो रहे खुले में मलविसर्जन की चुनौति के बावजूद गंगा के पानी के शुद्ध होने के दावे कर रहे हैं और योगी-मोदी सरकार की तरफदारी में जुटे हैं, उन्हें आंखे खोल कर कुछ पुराने कतरनों या अध्ययनों पर निगाह दौडानी चाहिए कि किस तरह धार्मिक आयोजन सार्वजनिक जलाशयों को कितने बड़े पैमाने पर विभिन्न स्तरों पर प्रदूषित करते हैं।

ज्यादा दूर जाने की आवश्यकता नहीं 2019 में ही उसी इलाहाबाद/प्रयागराज में अर्द्धकुंभ का आयोजन हुआ था, उस दौरान भी इसी तरह मानव या जानवर के मल से उत्पन्न जीवाणुओं की पानी में उपस्थिति में छलांग दिखायी दी थी। डाउन टू अर्थ की रिपोर्ट में बताया गया थाः

" केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाईडलाईन्स कहती है कि अगर मल से उत्पन्न कोलीफार्म की मात्रा, 100 मिलीलीटर में 2,500 मिलियन हा तो वह पानी नहाने के उपयुक्त नहीं हाता। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार संगम घाट पर, मल से उत्पन्न कोलीफॉर्म की मात्रा प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 12,500 मिलियन थी और शास्त्री पुल पर वह प्रति 100 मिलीलीटर पानी मं 10,150 थी। जाहिर सी बात है कि कुंभ के दौरान गंगा का पानी पीने के लिए बिल्कुल बेकार था।'

अगर हम ऐसे अन्य आयोजनों पर गौर करें तो उसी किस्म की तस्वीर सामने आती है। कुंभ से गोदावरी नदी पर जीवाणुओं का बोझ 130 गुना बढ़ जाता है।

गोदावरी नदी के किनारे पांच स्थानों पर वैज्ञानिकों द्वारा जो अध्ययन किया गया वह यही बताता है कि इसके लिए यात्रियों द्वारा किया जा रहा खुले में मल विसर्जन, सीवेज टीटमेंट की और कचरा निपटान की बुरी स्थिति जिम्मेदार है।'

हम धार्मिक आयोजनों के जरिए सार्वजनिक जलाशयों के होने वाले प्रचंड प्रदूषण से सम्बद्ध अन्य सामग्रियों को देख सकते हैं, जो 'शुद्धिकरण के विरोधाभास' को उजागर करता है।

'लाखों लोग पवित्र नदियां में स्नान के लिए तथा अपने आध्यात्मिक शुद्धि के लिए कुंभ मेला पहुंचते हैं। अब भले ही निजी स्तर पर उसकी अहमियत हो, वह उसी पानी के लिए जिसकी वह पूजा करते है. विरोधाभास की स्थिति बनती है। अन्य प्रदूषकों के अलावा यात्रियों में से हर व्यक्ति मल के रास्ते जीवाणु को पानी में पहुंचाता है। ..'

निस्संदेह महाकुंभ के अवसर सीवेज युक्त पानी को लेकर उठे सवाल अब दबना मुश्किल है।

सरकार जो भी प्रचार करे, अधिक से अधिक लोग अब इस बात का अनुभव करेंगे कि गंगा किनारे उन्होंने जो 'पवित्र स्नान' किया उस वक्त वह पानी कत्तई शुद्ध नहीं था।

यात्रियों का एक छोटा सा हिस्सा अब यह कहने का साहस भी जुटाएगा कि किस तरह सत्ताधारी समूह ने उनकी धार्मिक आस्था का दोहन किया है

**( लेखक सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 97118 94180)**

# भाषा, आधुनिकता और युवा

## विमर्श

**डॉ. ललित कुमार**



21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस देश के हर शिक्षण संस्थानों में मनाया गया। सभी प्रान्त मातृभाषा को बचाने के लिए अपने अपने तरीके से भाषा की चिंता पर विचार विमर्श करते हैं। इस अवसर पर अपनी मातृभाषा को याद करना और उसके बारे में चिंता करने का सवाल कितना सही हो सकता है। यह शोध का विषय है। कोई भी मातृभाषा सामाजिक परंपराओं का एक ऐसा माध्यम होती है, जिसके द्वारा हम अपने सगे संबंधियों से अपनी मातृभाषा में बात करते हैं, और अपने आपको बहुत सहज महसूस करते है, जिस भी तरीके से चाहे उस तरीके से आपस में बात कर सकते हैं। मातृभाषा हमारी संस्कृति की पहचान होती है, जिस पर हमें गर्व होता है। भाषा के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती, यह एकदम सही है। लेकिन देखना यह भी होगा कि आधुनिक तकनीकी जिस तरीके से वैश्विक मंच प्रदान कर रही है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि भारतीय समाज आधुनिकता के मकडजाल में फंसकर कहीं अपनी युवा पीढ़ी को भाषाई परंपरा से तो दूर नही कर रहा हैं, इस पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

हमें पता होना चाहिए कि वर्ष 1700 ई. तक भारत में दुनिया का एक चौथाई धन रखा होता था, लेकिन अंग्रेजों के जाने के बाद उन्होंने इसे आधा प्रतिशत छोड़ा। हिंदी पूरे देश की मातृभाषा भले ही न बन पा रही हो, लेकिन हिंदी मीडियम में पढ़ने से देश सोने की चिड़िया नहीं बनेगी। इजरायल की आबादी 40 लाख से अधिक है, और भारत की आबादी करीब 140 करोड़ से अधिक। लेकिन हमसे ज्यादा नोबेल पुरस्कार भी इस देश को मिले है। क्योंकि उन्होंने दो हजार साल पुरानी अपनी हिब्रू भाषा को विकसित किया है। कुछ इसी तरीके से अपनी मातृभाषाओं को जीवित करके समाज और संस्कृति को सभ्य बनाया जा सकता है.

पिछले 70 सालों में भारतीय भाषाओं का कमजोर होना, चिंता का विषय है। भाषा को बचाने के लिए शब्दों की बड़ी अहमियत होती है। अगर शब्दों की समझ युवा पीढ़ी को नहीं होगी, तो भाषा पर पकड़ उनमें कहां से आएगी। शब्दों के जरिए वाक्यों की संरचना होती है, तब जाकर किसी भाषा को अच्छे से समझा और पढ़ा जा सकता हैं। भाषा ही हमें यह बताती है कि हमारे घर के आसपास और समाज में क्या चल रहा है? देश के आदिवासी क्षेत्रों में या उनके समुदायों में अलग-अलग प्रकार की मातृभाषाओं का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का ज्यादातर आदिवासी समाज गोंडी भाषा का इस्तेमाल करता हैं। आज उनके युवा पीढ़ी जगह-जगह कार्यक्रमों के जरिए गोंडी भाषा को बचाने की पहल कर रही हैं। इसी प्रकार झारखंड में करीब 16 मातृभाषाओं को द्वितीय राज्य भाषा का दर्जा मिला है, जिनमें संथाली, नागपुरी, कुरुख, मुंडारी, हो, उड़िया, कुरमाली, पंचपरनिया, खड़िया और मगही जैसी तमाम भाषाएं पूरे राज्य में बोली जाती हैं। यह कितनी अच्छी बात है कि एक ही राज्य में इतनी मातृभाषाएं बोली जाती है। अब सवाल यह है कि इन समुदायों के युवा अंग्रेजी माध्यम को अपनाकर रोजगार की चाह में अपनी मातृभाषा को भूलते जा रहे हैं, यह एक रिसर्च का विषय हो सकता है। अपनी मातृभाषा बोलते हुए जब कोई व्यक्ति किसी बड़े शहर में रोजगार की तलाश में जाता है, तो उसे शहरी समाज के सामने इस बात पर शर्मिंदगी उठानी पड़ती है कि शहरी समाज उनकी मजाक बनाते हैं। लेकिन यह एक ऐसा सच है, जिसे ठुकराया नहीं जा सकता।

वर्तमान में, मैं बरेली के जिस निजी विश्वविद्यालय में पढ़ाता हूं। उसमें देश के अनेक प्रांतो के छात्र पढ़ने के लिए आते हैं। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर जब मैंने अपने विभाग (पत्रकारिता विभाग) की प्रथम वर्षीय छात्रा, जो झारखंड के गुमला जिले से यहां पढ़ने के लिए आई है। मैंने उससे कहा कि आप अपनी क्षेत्रीय भाषा कुड़ूख में कुछ प्रस्तुति दो, तो उसने सीधे कहा, सर मुझे मेरी क्षेत्रीय भाषा नहीं आती। हमारे घर में सब हिंदी बोलते हैं, और मैं बचपन से ही हिंदी बोलते हुए आई, मैं उस छात्रा की यह बात सुनकर एकदम अचंभित हुआ। यानी यहीं स्थिति आज हर युवा पीढ़ी की है, जो अपनी क्षेत्रीय भाषा को एक भाषा की चाह में छोड़ते जा रहे हैं।

रांची की जानी-मानी लेखिका एवं समाजसेवी डॉ. प्रेमी मार्था कुजूर जोकि एक एंथ्रोपोलोजिस्ट और भाषा की एक अच्छी जानकार हैं। मातृभाषा पर चर्चा करते हुए उन्होंने मुझे बताया कि झारखंड भाषाई संस्कृति के मामले में बहुत समृद्धशील राज्य है। राज्य के हर कोने में मातृभाषाओं की चमक चारों ओर दिखाई और सुनने को मिलती है। यहां की क्षेत्रीय भाषाओं में जो मिठास है, वह आपको कहीं ओर सुनने को नहीं मिलेगी। डॉ. प्रेमी ने झारखंड की एक शौर्यगाथा का जिक्र करते हुए बताया कि बिहार के रोहतासगढ़ जिले में जहां उरांव जनजाति का सबसे ज्यादा प्रभाव रहा, जब मुगलों ने उन पर आक्रमण किया, तो उरांव जनजाति की महिलाओं ने पुरुषों की वेशभूषा पहनकर मुगलों को उल्टे पांव भेजने के लिए विवश कर दिया था। उनकी शौर्यता की याद में तभी हर 12 वर्षों में एक बार 'जनी शिकार' पर्व मनाया जाता है।

आगे उन्होंने बताया कि उरांव जनजाति सभ्यता और संस्कृति के बचाव की खातिर अपनी जान की बाजी भी लगा देता है। इसमें कोई शक नहीं है, झारखंड में सबसे ज्यादा कुड़ुख और मुंडारी मातृभाषा सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। पिछले कुछ वर्षों में जनता का अपनी मातृभाषा के प्रति आकर्षक बढ़ा है। इसलिए भाषाई मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया) क्षेत्रीय भाषाओं में सूचनाओं को ग्रामीण समाज तक पहुंचाने का काम कर रही है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार, पूरे विश्व में लगभग सात हजार भाषाएं बोली जाती हैं, जबकि आधुनिकता, उदारीकरण और वैश्विक व्यवसाय के कारण बड़ी संख्या में भाषाओं पर खतरा मंडरा रहा है। भारत में 500 से अधिक आदिवासी समुदायों की करीब 400 भाषाओं पर लुप्त होने का भी खतरा मंडरा रहा है।




प्रभात खबर समाचार पत्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 51 हजार छात्र अपनी मातृभाषाओं में पढ़ाई करते हैं, जोकि एक बड़ी उपलब्धि है। बिहार के एक बड़े हिस्से में मैथिली भाषा को 22 भाषाओं में से एक बड़ी भाषा के रूप में देखा जाता है। रांची के पूर्वी क्षेत्र की पंचपरगनिया भाषा को क्षेत्रीय संपर्क की भाषा कहा जाता है, जबकि खोरठा भाषा में झारखंड की एक सोंधी खुशबू महसूस की जाती है। संथाली भाषा जो उड़िया, बंगाल, बिहार, झारखंड, असम और मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों में बोली जाने वाली एक बड़ी भाषा है। खड़िया भाषा ने (1880- 90) ऐतिहासिक नजरिए से अपने साहित्य को मजबूत करने का काम किया है। इस भाषा को लिखने वाले पहले व्यक्ति प्यारा केरकेट्टा थे, जिन्होंने साहित्यिक रूप से इस भाषा का सृजन किया। नागपुरी भाषा को नागवंशों की भाषा माना जाता है। मुंडारी भाषा का लिखित साहित्य करीब 200 साल पुराना है। मुंडारी भाषा से ही निकली हो भाषा के व्याकरण और शब्दकोश की रचना करने वाले चाईबासा के पहले व्यक्ति कानूराम देवगम थे, जिन्होंने 1914-15 में इस भाषा में गीतों को लिखने का सिलसिला शुरू किया।

इसी प्रकार भाषा ही समझ को युवाओं में पैदा करना शिक्षण संस्थानों के जरिए कार्यक्रमों को मदद से कराया जा सकता है। अगर युवाओं ने अपनी भाषा के शब्दों को भूलना शुरू कर दिया, तो धीरे-धीरे वाक्य को भी लिखना भूल जाएंगे। यानी अभिव्यक्ति की भाषा को इसी नजरिए से भी आगे बढ़ाने की कोशिश की जा सकती है।

**(लेखक इन्वर्टिस विश्वविद्यालय बरेली में पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष है)**

## व्यंग्य

# फागुन तुम जाओ!



**अरविंद तिवारी**

पाहुन अगर एक महीने तक आपके घर में टिक रहे तो फिर आपका अपने ही घर में टिके रहना मुश्किल हो जाता है!झूठ बोलना होता है, हम कुंभ स्नान करने प्रयागराज जा रहे हैं।अब क्या करें भाई साहब महाकुंभ इस बार एक सौ चवालीस साल बाद आया है।दो महीने पहले ही रिजर्वेशन करवा दिया था।सोचा था कुंभ के अंतिम दिनों में स्नान करने में आसानी रहेगी पर टीवी समाचार बता रहे हैं आसानी अब कहीं नहीं है। मेजबान तुरुप का पत्ता चलते हुए आगे कहेगा,भाई साहब!आप हमारे यहां बने रहिए,हमारे लौटने तक।राशन रखा हुआ है,आपको कोई असुविधा नहीं होगी।हम प्रयागराज ये गए और ये आए।बस एक सप्ताह की बात है।इस बार की होली हम और आप मिलकर मनाएंगे अपने इसी घर में।

पाहुन रीते पड़े फ्रिज,खाली पड़ी फल सब्जी के टोकरे और सिंक में पड़े गंदे बर्तनों को देखता है तो उसकी हिम्मत जवाब दे जाती है।उसे इतना भी नहीं पता,दूध कहां से आता है। पाहुन जानता है इन दिनों जो लोग प्रयागराज जा रहे हैं उनके बारे में यह कहना मुश्किल है वे कब लौटेंगे।लौटेंगे भी कि नहीं!लौटने तक इस घर में अकेला रहना हंसी खेल नहीं है।ईश्वर न करे कोई दुर्घटना घट गई और मित्र का लौटना असंभव हो गया तो मैं यहां क्या करूंगा।पुलिस पूछताछ करती हुई इसी पते पर तो आएगी।उस स्थिति को मैं कैसे फेस कर पाऊंगा।बहरहाल पाहुन मेजबान के साथ ही बाहर निकल लेता है।उधर मेजबान ऑटो रिक्शा से स्टेशन का चक्कर लगाकर हंसते हुए अपने घर लौट आता है।कुंभ स्नान का रूपक उसने पाहुन को भगाने के लिए ही रचा था।कुंभ स्नान तो वह मकर संक्रांति पर कम भीड़ में ही कर आया था।

फागुन भी किसी जिद्दी पाहुन से कम नहीं होता।वह भारतवासियों के यहां एक महीने तक डेरा डाल देता है।देश के सौ करोड़ लोग ऐसे हैं जो किसी तरह अपना जीवन काट रहे हैं।जिंदगी में कोई न कोई लफड़ा लगा ही रहता है। ऊपर से ये मुआ फागुन!किसी को चैन ही नहीं लेने देता।इस पाहुन की खातिरदारी न करो तो लोग संस्कृति सभ्यता को भूलने का आरोप जड़ देते हैं।उनका तर्क है जब आप बांग्लादेशियों और रोहंगियाओं को फर्जी आधार कार्ड पर फ्री राशन देते हो तो फागुन तो अपना है।सदियों से बिला नागा आता रहा है।तुम्हारे आम के बागों को बौर और टेसू को फूल देकर ही गया है।उसने तुम्हारे देशवासियों को हथकड़ी बेड़ी लगाकर विशेष विमान से अमृतसर तो नहीं भेजा।उसके लिए अगर दस पांच हजार खर्च कर दोगे तो अपनी ही थाती का गुणगान करोगे। माना तुम्हें हर साल ढोलक और चंग की मरम्मत करवानी होती है पर यह क्यों भूल जाते हो ये वाद्य यंत्र फागुन के हुलसने से ही खराब हुए थे।ऐसा उल्लास है फागुन जिस पर हजारों वाद्य यंत्र कुर्बान किए जा सकते हैं।

फागुन के महीने में यदि किसी राज्य में नई सरकार बनती है तो वह पांच सालों तक फागुन के मोड पर ही रहेगी।इधर इस बार का फागुन कई सियासी दलों के लिए विरह लेकर आया है।एक सियासी दल तो विरह को महसूस ही नहीं करता।वह विरह का इतना आदी हो चुका है कि दर्द को ही दवा समझने लगा है!फागुन विरह और मिलन दोनों लेकर आता है क्योंकि फागुन का दूसरा नाम श्रृंगार रस है।वे कवि जो प्रेम के लिए पूरे जन्म तरसते रहे,फागुन में श्रृंगार के ऐसे ऐसे छंद रचने लगते हैं कि उनका आचरण संदेह के घेरे में आ जाता है।प्राचीन काल में प्रेषित पतिका का मुख्य काम पिया की बाट जोहना होता था।आज इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने विरह की अस्मिता पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया।पिया के जाते ही सुंदरी सोशल मीडिया पर बिजी हो जाती है।वह विरह का खुशी खुशी स्वागत करती है। किटी पार्टियों की रूपरेखा बनाने लगती है।डांस का स्कूल ज्वाइन कर लेती है। कागा को देखकर प्रियतम की याद वाला जमाना बीत गया है।उधर इस फागुन में सत्ता वाली कुर्सी नेताओं को आँखें दिखाने लगी है।कई राज्यों में खेला वाली धमकी दी जा रही है।महाराष्ट्र से फागुनी समाचार आने लगे हैं।

हे फागुन!अब बहुत हो गया।अब तुम चले जाओ।अब हम ज्यादा दिनों तक तुम्हारी खातिरदारी नहीं कर सकते। तुम्हारे कारण यू ट्यूबर गंदी गलियों पर उतर आए हैं जबकि गालियां केवल होली के दिन ही दी जा सकती हैं।महीने भर तक गालियां खाकर कौन जिंदा रह सकता है। हमारा तंत्र रोज हमें नई गाली देता ही है।हो सकता है वह तुम्हारे आने से बौरा गया हो। इसलिए तुम अभी के अभी चले जाओ।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# ऐक्ट में संशोधन के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

## एसडीएम को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** एडवोकेट एक्ट में संशोधन किए जाने के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी न्यायिक को दिया।

एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन किए जाने के प्रयास को ले कर अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। दी बार एशोसिएशन के अधिवक्ता नगेन्द्र सिंह व तहसील बार एशोसिएशन के अधिवक्ता सूर्यमणि यादव के नेतृत्व में तहसील परिसर में चक्रमण कर संशोधन के प्रयास का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए उपनिबंधक कार्यालय को बंद करा उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह व उपजिलाधिकारी न्यायिक नूपुर सिंह को राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित मांग पत्र दिया। इस अवसर पर समर बहादुर सिंह,अमर नाथ यादव, धर्मेश पाठक, अशोक कुमार अस्थाना, रामसेवक यादव, इन्द्रभानु चौबे, हामिद अली, राजेन्द्र लाल श्रीवास्तव, शीतला राय, प्रसिद्ध नरायन सिंह, हरी यादव, सुनिश कुमार श्रीवास्तव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, लल्ले मिश्रा, सन्तोष कुमार राय, ओमप्रकाश वर्मा, कैलाश सिंह, मनोज कुमार राय, देवेन्द्र नाथ प्रजापति आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन करते लालगंज तहसील के अधिवक्ता।

**फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में फूलपुर तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की गयी। एसोशिएशन के अध्यक्ष विनोद यादव और मंत्री संजय यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी किया। अधिवक्ताओं ने संशोधन बिल को वापस लेने की मांग की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामनरायन यादव, कमलेश, इम्तियाज अहमद, इकबाल अहमद विजय सिंह प्रदीप सिंह मुमताज मंसूरी नीरज पांडेय, अतुल कुमार, ओमप्रकाश चौहान, जय प्रकाश यादव, अशोक यादव, मनोज यादव, घनश्याम तिवारी, सतिराम यादव आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित अभियुक्त अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव थाना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त रविप्रकाश सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी मसीरपुर थाना देवगाँव को कैथीशंकरपुर पुल के नीचे बाबा कीनाराम आश्रम के पास से एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

गैंग लीडर रविप्रकाश सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह साकिन मसीरपुर थाना देवगांव व गिरोह के सदस्य अभियुक्त इस्तियाक उर्फ गुड्डू पुत्र मोबिन साकिन वार्ड नंबर- 15 चिकयाना गोला लालगंज का एक नाजायज संगठित गिरोह होने व इसके नाजायज गिरोह के सक्रिय सदस्य के साथ अपने स्वयं व गिरोह के सदस्य के आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु चोरी, नकबजनी जैसे जघन्य अपराध कारित करने का अभ्यस्त अपराधी है। जिसके अपराध पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी आजमगढ़ के अनुमोदित शुदा गैंगचार्ट के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। 25 फरवरी को उपनिरीक्षक अमित त्रिपाठी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त रविप्रकाश सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी मसीरपुर थाना देवगाँव आजमगढ को कैथीशंकरपुर पुल के नीचे बाबा कीनाराम आश्रम के पास से एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## संक्षेप

### 475 युवकों को विभिन्न कंपनियों में मिला रोजगार



**आजमगढ़।** वृहद रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आईटीआई परिसर हर्रा की चुंगी में किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 16 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 872 बेरोजगारों में से 475 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कम्पनियों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ राधा कृष्ण एवं सहायक निदेशक राममूर्ति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई से रवीन्द्र नाथ यादव, कार्यदेशक, अजय कुमार यादव, कार्यदेशक, फतेह बहादुर वर्मा, प्लेसमेन्ट अधिकारी, अवधेश कुमार वरिष्ठ अनुदेशक, शैलेष कुमार यादव, सुशील कुमार राय, राजनरायन सिंह, सुधान्शु सिंह सहित तीनों संस्थानों के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा स्थित सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से सम्बधित भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट एवं माडल्स प्रस्तुत किए जिसमें सौर ऊर्जा, ज्वालामुखी, चंद्रयान, इलेक्ट्रिक बल्ब, जल संरक्षण, पवन चक्की एवं पर्यावरण सुरक्षा विषय के केन्द्र रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव गोपाल सिंह ने बताया कि इस प्रकार के प्रदर्शनी से बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि एवं कौशल विकास में सहायक होते हैं और उनके अनुभव में विकास होता है। इस अवसर पर प्रबंधक मनीष सिंह, उपप्रधानाचार्य ज्ञानचंद्र राय, संयोजक अमृता प्रजापति, गरिमा, प्रान्जुल उपस्थित रहे। इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रोजेक्ट एवं मॉडल से सभी को आकर्षित किया। छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर से सभी को आकर्षित किया।

### गड्ढे में गिरी अनियंत्रित कार क्षतिग्रस्त



**फरिहां (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के असीलपुर गांव के सामने तेज रफ्तार आ रही कार मोटर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी जिसके कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई। सोमवार की देर शाम सरायमीर की तरफ से तेज रफ्तार कार फरिहां की तरफ आ रही थी। जैसे ही कार निजामाबाद थाना क्षेत्र के असीलपुर गांव के सामने पोखरी के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा पलटी और कार क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और अस्पताल भेज दिया। कार में तीन लोग सवार थे, तीनों लोगों को चोटें लगी थी।

### दबंगों पर लगाया जमीन कब्जा करने का आरोप

**फूलपुर(आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र में एक जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद भी उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। डॉ.लोहिया नगर शनीचर बाजार फूलपुर निवासी जियाउद्दीन पुत्र अब्दुल कदीर ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार फूलपुर सिनेमा हॉल के सामने की जमीन पर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है जिस पर रिजवान पुत्र अहमदुल्ला और शादाब पुत्र अहमदुल्ला निवासी सदरपुर बरौली अपने सहयोगियों के साथ 22 फरवरी को मिस्त्री और अन्य 12 लोगों के साथ कब्जा करने पहुंच गए। इस दौरान पीड़ित से कहा सुनी हो गयी। किसी तरह से जमीन पर कब्जा नहीं कर पाए। पीड़ित ने बताया कि रिजवान पुत्र अब्दुल्ला कभी भी मेरी जमीन पर कब्जा कर सकते हैं। महाप्रधान होने के कारण उनकी पकड़ काफी ऊपर तक है। उनके द्वारा धमकी भी दी जा रही है कि दो दिन के अंदर जमीन पर कब्जा कर लूंगा। मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है। पीड़ित ने मामले को संज्ञान में लेकर विपक्षियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की।

### गोवध के आरोप में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेता और जिला मंत्री महेंद्र मौर्य की शिकायत पर गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की माने तो कस्बे के वार्ड नंबर 11 हजरत नगर निवासी कपिल अहमद पर आरोप है कि वह वर्षों से गिरोहबंद गोकशी में लिप्त था। भाजपा नेता महेंद्र मौर्य ने शासन की मंसा के अनुरूप गोवध पर अंकुश लगाने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लगातार पोस्ट किए थे। इसी बीच कपिल अहमद का एक वीडियो वायरल हो गया जिसके आधार पर भाजपा नेता ने मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने बताया कि कपिल अहमद के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस अपनी कार्यवाही में जुट गई है।

### एसपी ने किया तरवां थाने का वार्षिक निरीक्षण

**तरवां, आजमगढ़।** तरवां थाना पर मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीणा नें वार्षिक निरीक्षण किया द्य इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बैरक ग्राउंड, लावारिस गाड़ियों के बारे में जानकारी लिया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए व अभिलेख परीक्षण किया, साथ ही साथ असलहो का परीक्षण किया द्य थाने पर पहुंचे एसपी आजमगढ़ ने वार्षिक निरीक्षण के बाद सभ्रांत व्यक्तियों और मीडिया कर्मियों के साथ बैठक की। जन संवाद में उन्होंने लोगों से फीडबैक लिया। साथ ही इस मौके पर क्षेत्र से फरियादी भी मौजूद रहे द्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आम जनता से क्षेत्र के बारे में भी जानकारी लिया द्य इस मौके पर एएसपी शुभम अग्रवाल वह थाने की पूरी टीम मौजूद रही।

# एमएलसी ने सदन में उठाया फूलपुर के ट्रॉमा सेंटर का मुद्दा

## डॉक्टर और स्टाफ की नियुक्ति न होने से यह जनता के लिए निष्प्रयोज्य



सदन में अपनी बात रखते एमएलसी रामसूरत राजभर।

जनसंदेश न्यूज

**माहुल (आजमगढ़)।** भाजपा एमएलसी राम सूरत राजभर ने सदन में फूलपुर के नवनिर्मित 100 शैय्या के ट्रामा सेंटर को शुरू कराने का मुद्दा उठाया है।

राम सूरत राजभर ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिले के फूलपुर का 100 शैय्या का ट्रामा सेंटर एक वर्ष पहले बन कर तैयार हो गया और मशीन भी खरीद कर रख दी गई, पर यहां पर डाक्टर और स्टाफ की नियुक्ति न होने से यह जनता के लिए निष्प्रयोज्य बना है। क्षेत्र के मरीज इससे काफी परेशान है और बनारस और लखनऊ जा कर इलाज कराने के लिए मजबूर है।

रामसूरत राजभर ने सभापति से इस ट्रामा सेंटर में जल्द से जल्द इलाज की सुविधा और कर्मचारियों के नियुक्ति की मांग किया।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, एक घायल

**हादसा**

**गोविन्द साहब से दर्शन कर लौट रहे थे घर**

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** बरहा कोठी अहरौला थाना क्षेत्र व हाल पता ग्राम कंधरापुर थाना कंधरापुर निवासी राम प्रकाश उपाध्याय मंगलवार को अपने समधी चंद्र प्रकाश उपाध्याय के साथ मोटर साइकिल से गोविंद साहब दर्शन करने गए थे। दर्शन कर वापस आते समय अतरौलिया थाना क्षेत्र के महादेवपुर अंडरपास के समीप तेज रफ्तार मैजिक ने मोटरसाइकिल सवार दोनों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों खाई में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को नजदीकी अमर शहीद राजा जय लाल सिंह सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने घायल रामप्रकाश उपाध्याय पुत्र बलराम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र नीरज उपाध्याय ने अतरौलिया थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे पिताजी गोविंद साहब दर्शन करके घर वापस जा रहे थे की अनियंत्रित तेज रफ्तार एक स्कूल की मैजिक ने टक्कर मार दी जिससे उन्हें काफी चोटें आई और उनकी मौत हो गई। तत्पश्चात मैजिक एक झोपड़ी में पलट गई और चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल की मैजिक दुर्घटना के बाद एक झोपड़ी में पलट गई। संयोग अच्छा था कि स्कूल मैजिक में कोई भी बच्चा नहीं था नहीं तो मंजर कुछ और ही होता।



दुर्घटना के बाद झोपड़ी में घुसी पिकअप।



मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़।

## ट्रक से टकराई बाइक पत्नी की मौत, पति घायल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलइसा मंडी गेट के सामने मंगलवार को बाइक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार पत्नी की मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के साथ ट्रक को भी गिरफ्त में लिया है। बरदह थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर फेटी गांव निवासी मनोज राय अपनी 40वर्षीया पत्नी संध्या राय के साथ मंगलवार को घर से बाइक से मऊ रिश्तेदारी जा रहे थे। बेलइसा मंडी गेट के समीप बाइक ट्रक की चपेट में आकर पलट गई। मनोज राय दूर छिटक गये जबकि संध्या राय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद नागरिक जुट गये और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल मनोज को जिला अस्पताल उपचार्थ और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक ट्रक मौके पर छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है।

# विद्यालय में कम फीस पर मिलेगी बेहतर शिक्षा

**बोले कुमार गौरव**

**बेहतर शिक्षा देकर स्वच्छ समाज का करेगें निर्माण**

**डिजिटल एजुकेशन पर दिया जायेगा विशेष ध्यान**

जनसंदेश न्यूज



पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते कुमार गौरव।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के दीप एकेडमी हाइट्स स्कूल गनपतपुर अतरौलिया में विद्यालय के डायरेक्टर कुमार गौरव ने पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि पित ाजी और दादाजी का सपना साकार करने का मौका मिला है हम क्षेत्र के छात्रों को हाईटेक शिक्षा देने का कार्य करेगें।

कुमार गौरव ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे दादाजी और पिताजी का अपने गांव से काफी लगाव रहा है। वह लोग अपने गांव के लिए बहुत कुछ करना चाहते थे। उनका सपना था कि अपने ही क्षेत्र में विद्यालय खोल करके ग्रामीण बच्चे बच्चियों का भविष्य उज्जवल किया जाए। आज मुझे अपने पिताजी और दादाजी का सपना साकार करने का मौका मिला है। मेरे द्वारा इस विद्यालय की स्थापना कर क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को हाईटेक एजुकेशन देने का काम किया जाएगा। इस विद्यालय में कम फीस में बेहतर शिक्षा मिलेगी। मुझे यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि गरीब और किसान का बच्चा भी इस विद्यालय में अच्छी शिक्षा ले सकता है। हमारे पूर्वज इसी गांव से शहर में जाकर अपना बिजनेस और व्यवसाय खड़ा किए। पैसा कमाना हमारा उद्देश्य नहीं है। हम क्षेत्र को बेहतर शिक्षा देकर स्वच्छ समाज का निर्माण करना चाहते हैं। हमारे विद्यालय में स्मार्ट क्लासेज, प्रोजेक्टर, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, प्लेग्रुप शिक्षा, स्विमिंग पूल जैसी अनेक फैसिलिटी दी जाएगी। इस विद्यालय में देश के कोने-कोने से शिक्षा देने के लिए अच्छे शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। काबिल शिक्षकों की बदौलत ही बच्चों में काबिलियत पैदा की जाएगी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चारू जैन ने बताया कि विद्यालय पूरी तरह से तैयार हो चुका है। एडमिशन चल रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऐडमिशन ले सकते हैं। इस विद्यालय में डिजिटल एजुकेशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां पर बच्चों को हवाई जहाज, ड्रोन आदि को निर्माण करने की विधि भी सिखाई जाएगी। इस विद्यालय में बच्चों को खेलने के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है।

## नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज

**आजमगढ़।** बरहतिर जगदीशपुर गांव के उत्तरी छोर पर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियां स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूजन कार्यक्रम मंगलवार से आरम्भ हुआ। इस आशय की जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अतुल कुमार राय ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से निर्मित इस मंदिर में प्राचीन काल का शिवलिंग स्थापित है केवल शिव परिवार की मूर्तियां स्थापित की जानी है। विद्वान ब्राम्हणों द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन मंगलवार से ही आरंभ है। बुधवार को प्रातःकाल पूजन-अर्चन के बाद मूर्तियों को पूरे नगर में भ्रमण कराया जाएगा तथा उसके बाद मंदिर में यथास्थान उन्हें स्थापित कर वेदमंत्रोंच्चार द्वारा उसमें प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर पर पहुंचे पूर्व मंत्री व पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने भी शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर संजय राय, ओम प्रकाश राय, राम जन्म राय, कमलेश राय, हरेंद्र गिरी, रमेश चंद्र गिरी, डिम्पल राय, चन्दन राय आदि उपस्थित थे।

# नहीं लगा साइफन, सूखने की कगार पर कई एकड़ गेहूं की फसल

**परेशानी बढ़ी**

**तीन किलोमीटर में नहीं लगाया गया है एक भी कुलाबा**

**संज्ञान में नहीं था, जल्द ही लगवा दिया जायेगाः एक्सईएन**

**फरिहां (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत फरिहा से गुजरी शारदा सहायक खंड 32 नहर में पानी है लेकिन किसान पानी की एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। नतीजा रहा की नहर में पानी रहते हुए भी गेहूं की फसलें सूख रही हैं। नहर के किनारों के किसान की खेती आज भी सिंचाई से वंचित हैं।नहर विभाग की लापरवाही सामने आई करीब तीन किलोमीटर तक नहर में एक भी साइफन (कुलाबा) चालू नहीं है जिससे पानी निकाला जाए। कुछ कुलाबा मिट्टी में ढक गये तो कुछ टूट गये। जो टूट गये या क्षतिग्रस्त हो गए, उसको विभाग द्वारा आज तक नहीं लगाया गया। जबकि नहर विभाग के अधिकारियों को स्थानीय किसानों द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन अधिकारियों द्वारा संज्ञान में नहीं लिया गया।

उक्त नहर में इससे पहले जगह-जगह 4 से 5 कुलाबा विभाग द्वारा लगाया गया था। कुलाबा धीरे-धीरे टूटते और क्षतिग्रस्त होते गये।जो भी कुलाबे टूटे या फिर क्षतिग्रस्त हुए वह आज तक नहीं लग पाये।यदि कुलाबा लगा होता तो किसानों को सिंचाई करने में आसानी होती। नहर विभाग की लापरवाही किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान मजबूर होकर नहर के किनारे तक ट्यूबेल या पंपिंग सेट से 400 से 500 मीटर तक पाइप लगाकर सिंचाई करनें कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि नहर विभाग के कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक कभी भी नहर की देखरेख नहीं करते। किसान नन्हू, हारुन, तलहा, अनिल यादव, धीरज विश्वकर्मा, तैयब आदि ने साइफन लगाने की मांग की है। इस संबंध में नहर विभाग के एक्सईएन हरिश्चन्द्र गुप्ता ने बताया कि आज तक मेरे संज्ञान में नहीं था कि फरिहां क्षेत्र के नहर में कुलाबा नहीं है। संज्ञान में आया है, कुलाबा जल्द ही लगाया जाएगा।

# हमेशा मानव कल्याण के लिए करें कार्य

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज क्षेत्र में पटवध कौतुक प्राचीन शिव मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस यज्ञ के चैथे दिन कथावाचक ललित नारायण गिरी ने श्रीराम कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम हमेशा मर्यादित होकर मानवीय संवेदना की स्थापना के लिए तत्पर रहते थे। इसीलिए भगवान श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम कहा गया है। उन्होंने एक अच्छा संदेश दिया कि मित्र को मित्र के साथ, पिता को पुत्र के साथ, राजा को प्रजा के साथ, भाई को भाई के साथ, शत्रु से शत्रुता कैसे की जाए, उनके जीवन से सीखा जा सकता है। श्री गिरी ने कहा कि भगवान राम के नाम में सिर्फ दो शब्द आता है रा और म जिसमें रा का अर्थ है राष्ट्र एवं म का अर्थ मंगलमय यानी कि राष्ट्र का मंगलमय हो। रावण का अर्थ होता है अपने स्वार्थ के लिए केवल कार्य करना। समाज में अच्छा मूल्यवान व्यक्ति बनने के लिए त्याग तपस्या समर्पण की भावना होनी चाहिए जिससे सभी का कल्याण हो। मानव जीवन क्षणभंगुर है 84 लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद मानव का जीवन मिला है। इस मानव जीवन को व्यर्थ न जाने दें। प्रभु के शरण में अपने को न्योछावर करदें और देश हित तथा राष्ट्रहित में काम करें। कथावाचक ललित नारायण गिरी के साथ उनके पुत्र शिवनारायण गिरी, शिवेश सिंह, अभय सिंह, आलोक सिंह ने अपने भजन और संगीत के माध्यम से क्षेत्र का माहौल राममय बना दिया।



श्रीराम कथा में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

## महाशिवरात्रि को देखते हुए किया गया रूट डायवर्ट

**पटवध (आजमगढ़)।** भंवरनाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि त्योहार के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने व सुचारु रुप से संचालित करने हेतु रूट डायवर्ट किया गया है। गोरखपुर की तरफ से आने व जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहन हाफिजपुर चौराहा, बैठौली तिराहा, सिधारी हाइड्रिल चौराहा, नरौली तिराहा होते हुए अपने गंतब्य को जायेगी। नबिलरियागंज की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन व कामर्शियल वाहन हाफिजपुर चौराहा, बैठौली तिराहा, सिधारी हाइड्रिल चौराहा, नरौली तिराहा होते हुए अपने गंतब्य को जायेगी। फैजाबाद रोड से आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहन भवरनाथ न आकर फोर-लेन होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे। इसी प्रकार बवाली चौराहे से करतालपुर तिराहे की तरफ आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहनों को जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।नरौली तिराहा से शहर क्षेत्र की तरफ आने वाले वाले सभी प्रकार के भारी वाहन व कामर्शियल वाहनों का जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# स्वयं वेंटिलेटर पर है प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाः जमाली

**विधान परिषद में उठाया मुद्दा**

**कहाः स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए आजमगढ़ में दूंगा दस एकड़ जमीन**

**आजमगढ़।** विधान परिषद सदस्य सपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने मंगलवार को प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा की बदहाली पर चर्चा करते हुए सरकार से स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी सुविधाओं में और अधिक सुधार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा स्वंय बेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य किसी प्रदेश या देश की मूलभूत सुविधाओं में से एक है। जिस तरह कोई मनुष्य स्वस्थ्य न हो उसे कोई बीमारी लग जाय तो उसकी जिन्दगी पीड़ादायक हो जाती है उसी तरह अगर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर हो, लचर हो पूरे प्रदेश के नागरिकों की जिन्दगी पीड़ादायक हो जाती है। उन्होंने कहा कि जो पिछली बार स्वास्थ्य पर बजट का प्राविधान था वह लगभग 43 हजार पांच सौ करोड़ रुपए था और इस बार बढ़ाकर 50 हजार 500 करोड़ कर दिया गया है लेकिन इस बजट का क्या फायदा, पूर्व में दिया गया बजट भी ठीक था लेकिन खर्च सिर्फ 68 प्रतिशत हुआ, यह एक विचारणीय प्रश्न है जिसका यह सदन खुद आकलन कर सकता है कि स्वास्थ्य जैसी गंभीर मामले जो इंसान कहीं आवश्यक जरूरतों में आता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग उस बजट का पूरा पैसा नहीं खर्च पा रहा है, स्वास्थ्य को लेकर हम कितने गंभीर इससे साफ जाहिर हो रहा है, तो हम कुछ भी तैयारी करते हैं और उसका ढिंढोरा पीटते रहे, उसका कोई मतलब नहीं है।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हमारा प्रदेश स्वास्थ्य के मामले में सबसे नीचले पायदान पर है। लोहिया, केजीएमसी, एपीजीआई जैसे कई हमारे प्रदेश महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केन्द्र वहां की भी हालत कुछ ऐसी ही है।

उन्होंने कहा कि सरकार नई चीजें जितनी चाहे उतनी बनाये लेकिन जो पुरानी चीजें हैं उसे सही तरीके से संचालित करें। उन्होंने कहा आजमगढ में दस एकड़ जमीन है अगर सरकार कहे तो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मैं उसे फ्री में डोनेट कर दूंगा, जो हमसे होगा हम चंदा भी करते रहेंगे, अगर हमारा स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना ठीक हो तो हम जितनी तेजी से विकास करेंगे उसकी कल्पना नहीं की जा सकती।



विधान परिषद में मुद्दा उठाते शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली।

# आज के बच्चे कल के भविष्य

जनसंदेश न्यूज

**बोले खंड शिक्षा अधिकारी**

**सौर उर्जा, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक बल्ब रहे आकर्षण का केन्द्र**

**खण्ड शिक्षा अधिकारी ने छात्र छात्राओं की प्रतिभा को खूब सराहा**

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर क्षेत्र के फत्तनपुर स्थित पैराडाइज कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया खंड शिक्षा अधिकारी मिजार्पुर ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विज्ञान प्रर्दशनी में विद्यालय के बच्चों अनेक प्रकार के उपकरण बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनायी गयी विज्ञान प्रर्दशनी का खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को खूब सराहा। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। विज्ञान प्रर्दशनी में छात्र-छात्राओं ने निम्न प्रकार के विज्ञान प्रर्दशनी को प्रस्तुत किया। जिसमे सौर उर्जा, पवन चक्की, ज्वालामुखी, इलेक्ट्रिक बल्ब आकर्षण के केन्द्र थे। मधुकर पाठक ने कहा कि ऐसे ऊजार्वान बच्चे आगे चलकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य रीना उपाध्याय ने आए हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक संजय उपाध्याय, परोमिता राय, रजनीश अस्थना, पर्तिका अस्थाना, खुशी गुप्ता, अरीबा, मुस्कान मोदनवाल, मो. आकिब, प्रियंका तिवारी, अरून कुमार, नीरज आदि लोग उपस्थित रहे।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते खण्ड शिक्षा अधिकारी।

# रेलवे स्टेशन पर हाई वोल्टेज ड्रामा

## पत्नी से नाराज पति ने आत्महत्या करने का किया प्रयास

**हड़कंप**

**रेलवे की बिजली आपूर्ति हुई ठप**

**महा कुम्भ से लौटा यात्री ओवर ब्रिज पर लटका**

**यात्री के लिए मसीहा बनी आरपीएफ व जीआरपी पुलिस**

जनसंदेश न्यूज



यात्री को थाने ले जाती जीआरपी

**मीरजापुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर हाई वोल्टेज ड्रामा के चलते स्टेशन पर कोहराम मच गया। परिवार के साथ प्रयागराज संगम से स्नान कर लौटा सीतामढ़ी बिहार निवासी विजय चौधरी पुत्र खगनू महतो रेलवे सीढ़ी की रेलिंग पार कर बिजली के तारों की ओर लटक गया।

वह कूदने की धमकी देने लगा। करीब 20 मिनट तक ड्रामा चला। इस दौरान अप लाइन की हाई वोल्टेज बिजली आपूर्ति बंद कराकर उसे उतारा गया। ड्रामा के चलते जीआरपी और आरपीएफ के जवान हलकान रहे। सीतामढ़ी निवासी विजय चौधरी महाकुंभ में संगम स्नान कर घर लौट रहा था। बिहार सीतामढ़ी जाने के लिए स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान प्लेटफार्म नम्बर 1 से 2 पर जाने वाले सीढ़ी से चढ़कर ओवर ब्रिज पर पहुंचा। रेलिंग पार कर वह लटक कर कूदने की धमकी देने लगा। हाई वोल्टेज तार के ऊपर चल रहे ड्रामा को देख परिवार के सदस्य और जवानों ने उसे वापस आने को कहा। इसके बावजूद वह अड़ा रहा। अप लाइन पर रेलवे की बिजली आपूर्ति बंद कराकर उसे उतारा गया। जिसके चलते प्रातः 9.03 से 9.11 तक बिजली बंद रही। हाई वोल्टेज ड्रामा के नायक को कड़ी मेहनत कर उसे वापस लाने में जीआरपी व आरपीएफ के जवान सफल रहे। जीआरपी थाना प्रभारी राम दवर यादव ने बताया कि बिहार के यात्री को सकुशल बचा लिया गया है। काफी अथक प्रयास के बाद यात्री की जान बचाकर आरपीएफ व जीआरपी पुलिस परिजनों के मसीहा बनी। उसे थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है। ट्रेनों का परिचालक पूर्ववत जारी है। युवक को सकुशल उतारने के लिए आरपीएफ उप निरीक्षक अशोक कुमार, जीआरपी उप निरीक्षक जगदीश सिंह, मुख्य आरक्षी मृत्युंजय कुमार, अरविंद कुमार, साहब सिंह यादव, राजीव सिंह यादव, रत्नेश सिंह, आरक्षी महेंद्र सिंह चाहर, उदय प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, राजकुमार एवं अश्वनी यादव ने सूझबूझ के साथ यात्री को सकुशल वापस बुलाने में सफल रहे। वहीं जीआरपी पुलिस द्वारा यात्री पूछताछ में बताया कि वह अपनी पत्नी से कुछ नाराजगी बतायी।

# संशोधन बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने बंद कराया रजिस्ट्रार कार्यालय



**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा एवं विंध्य अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष बृजभूषण पांडेय के संयुक्त तत्वधान में एक बैठक की गई। बैठक में सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव पारित कर तहसील का चक्रमण नारेबाजी करते हुए सभी न्यायालयों को बंद कराते हुए सब रजिस्ट्रार कार्यालय भी बंद कराया गया और दिनभर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया प्रस्ताव की कॉपी सभी न्यायालय को भेजी गई।

बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा अधिवक्ता के मौलिक अधिकार स्वतंत्रता सत्य निष्ठा और गरिमा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जिसके क्रम मे अधिवक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित बिल का विरोध किया जाता है। बैठक के बाद अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल तहसील परिसर का चक्रमण करते हुए सभी न्यायालयों को बंद कराया गया। साथ ही साथ सब रजिस्टार कार्यालय एवं खतौनी वितरण कच्छ काउंटर भी बंद कराया गया तथा दिनभर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पास किया गया प्रस्ताव की काफी सभी न्यायालयों को भेजी गई। इस अवसर पर उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा, विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष बृजभूषण पांडे, सचिव राकेश कुमार प्रजापति, राजकुमार पांडेय, राजेन्द्र मौर्य, हृदय शंकर चतुर्वेदी, प्रभु नाथ दुबे आदि अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा।

# पीडीए पंचायत में गरजे जिलाध्यक्ष जनहित का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**आरोप**

**कुम्भ मेला में मृतकों का आकड़ा नहीं दे रही सरकार**

**मीरजापुर।** जिले के विभिन्न विधान क्षेत्रों में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। छानबे विधानसभा के दुगौली, सदर के नदिनी, मझवां के दाढ़ीराम, चुनार के डोहरी, मड़िहान के फिरोजपुर पौनी सेक्टरों में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार पर जनहित की उपेक्षा का आरोप लगाया गया।

सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जन पंचायत का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को उसका अधिकार दिलाने से सम्बन्धित है। कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा देने वाली भाजपा सरकार इस नारे की सलामती नहीं कर सकी। कुम्भ में दर्शनार्थियों के आंकड़े तो सरकार दे रही है। मगर वहा जान गवाने वालें बेसहारा लोगों का आंकड़ा देने में यह सरकार विफल है। समाज को दो भागों में बांटकर यह सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का अपमान कर रही है। ऐसी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये जन पंचायत का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि 27 जनवरी से अनवरत चल रहे पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम सभी विधानसभा क्षेत्रों में निरन्तर चल रहा है।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव महिला सभा वन्दना सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, जगतम्बा सिंह पटेल, सुरेन्द्र पटेल, सुनील पटेल, सुरेश पटेल, सन्तबीर मौर्या, राजेश भारती, शैलेष पटेल, सत्यप्रकाश यादव, विनोद यादव, राममिलन यादव, अजीत यादव, लाल बहादुर यादव आदि मौजूद रहें।

# संग्रह अमीन से उलझा बकायेदार, तहसीलदार ने भेजवाया जेल

**मीरजापुर।** मड़िहान क्षेत्र के डढ़िया गांव निवासी इबरार अली पुत्र वसी अहमद पर व्यापार कर का 55 हजार व पत्नी के नाम 2 लाख 81622 रुपये की आरसी विभाग द्वारा जारी की गयी थी। वसूली के लिए संग्रह अमीन कोमल तिवारी बार-बार बकायेदार के घर जाते थे। लेकिन उसने एक अधेला नहीं दिया, बल्कि पिछले वर्ष नायब तहसीलदार से भी उलझ गया था। सोमवार को तहसील में संग्रह अमीन से उलझने लगा।

जानकारी होने पर साथियों द्वारा तहसीलदार के पास पकड़ कर ले जाया गया। तहसीलदार ने तत्काल पुलिस को बुलवाकर कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। संग्रह अमीन की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी बकायेदार को जेल भेज दी। इस सम्बंध में तहसीलदार लालता प्रसाद ने बताया कि अमीन से अभद्रता करने के आरोप में बकायेदार को जेल भेजा गया है।

# विंध्याचल पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक तैयारियों का किया निरीक्षण

**प्रशासन अलर्ट**

**स्नान पर्व शिवरात्रि पर विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



**मीरजापुर।** शिवरात्रि पर्व पर महा कुम्भ स्नान के बाद विंध्याचल में आने वाली भीड़ की संभावना को देखते हुए एसपी ने प्रयागराज बार्डर से लेकर धाम तक निरीक्षण किया।

इस दौरान भक्तों की सुविधा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ भ्रमण किया। स्नान पर्व महाशिवरात्रि तथा मां विन्ध्यवासिनी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्था को देखा। पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ नटवां तिराहा व मीरजापुर -प्रयागराज मार्ग पर स्थित जिगना पॉली बार्डर पर पहुंचे। निरीक्षण कर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक एसपी के साथ मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम में पहुंचे। महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले भारी संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बनाएं रखने को कहा, ताकि मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन-पूजन में किसी प्रकार का कोई व्यवधान न हो, मंदिर सहित धाम क्षेत्र का भ्रमण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात, प्रभारी निरीक्षक विन्ध्यधाम, थानाध्यक्ष विन्ध्याचल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

## संक्षेप

### शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संयुक्त अभियुक्त के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश के क्रम में लालगंज पुलिस 55 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ चार आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबीर के सूचना के आधार पर लालगंज क्षेत्र से जगदीशपुर थाना लालगंज निवासी महादेव कोल पुत्र बुद्धू कोल व कंजण बस्ती खजूरी से अमर सिंह पुत्र मोती सिंह व खजूरी से सत्यवती पत्नी स्व0 राजकुमार व लालगंज से वीरेंद्र पुत्र बंशीलाल को क्रमशः 15 लीटर 30 लीटर 10 लीटर 10 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब बरामद की गई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना लालगंज पर सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस की लगातार इस तरह की कार्रवाई से अवैध शराब एवं तस्करी करने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई।

### शिव बारात की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**बरौंधा।** महाशिवरात्रि के दिन बरौंधा बाजार में रूद्रगणों के साथ भगवान भोलेनाथ की झांकी देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं का जमावड़ा होता है। इस अवसर पर भूत भावन भगवान शिव शंकर माता पार्वती नन्दी गणेश और रूद्र गणों के साथ शिव विवाह की झांकी निकाली जाती है। जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शोभायात्रा में अपनी भागीदारी करते हैं। अर्श हास्पीटल बरौंधा के निदेशक डाङ्ग महा नरायण भारती की अगुवाई में डी0जे0 के धुन पर थिरकते हुए कार्यकर्ता अबीर-गुलाल उड़ाते हुए रथयात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान बरौंधा के प्रतिष्ठित सराफा व्यवसाई मूल चंद सोनी के यहां शिव बारात में शामिल बारातियों का जलपान होता है। और बराती हलुआ मीठा और रसभंगा पीकर नाचते गाते हुए बाजार के आखिरी छोर तक जाते हैं। कार्यक्रम के आयोजक डा0 महा नरायण भारती ने कहा कि तीनों लोकों और समूचे ब्रह्माण्ड में भगवान भोलेनाथ का अनोखा चमत्कार है। श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। देवों में देव महादेव एक ऐसे देवता हैं जो बहुत सहज भाव में भक्तों का कल्याण कर देते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता मनीष सोनी, निरंजन पाण्डेय, भोलानाथ, सुनील पटेल, डा0 गेंदा लाल, राजकुमार, बसंत लाल, भागीरथी की सक्रिय तौर पर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं।

### खेल कूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**राजगढ़।** प्राथमिक विद्यालयों में गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजगढ़ विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में शिवम कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवम वनइमीलियां का रहने वाला है। वहीं बालिका वर्ग में प्रतिमा पुत्री रमेश यादव निवासी लूसा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीआरसी राजगढ़ केंद्र पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें को-लोकेटेड आंगनबाड़ी की कार्यकर्तीयां एवं नोडल शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्कूल रेडिनेश माता उन्मुखीकरण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बालवाटिका एवं कक्षा 1- 2 तक के 45 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक तीनों प्रकार की गतिविधियों को लेकर आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत धर्मेन्द्र दुबे, खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव आदि उपस्थित रहे।

### घायल छात्र की उपचार के दौरान मौत

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के बिहसड़ा गांव के सामने मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर सोमवार की सुबह बोलेरो की चपेट में आने से घायल साइकिल सवार किशोर की उपचार के दौरान बीती रात वाराणसी में मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिवारवालों ने अंतिम संस्कार कर दिया। बिहसड़ा खुर्द गांव निवासी 13 वर्षीय प्रियांशु पुत्र कृष्ण कुमार बिन्द रोजाना की तरह सुबह सात बजे भाई 14 वर्षीय ध्रुव कुमार के साथ साइकिल से पढ़ने जा रहा था। अनियंत्रित बोलेरो के धक्के से सड़क पर गिरने से प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया था। बड़े भाई ध्रुव कुमार को मामूली चोटें आई। परिवार वालों ने पीएचसी सरोंई में भर्ती कराया। जहां से मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। मृतक तीन बहनों व दो भाइयों में पांचवें नम्बर का था।

# आईजीआरएस में असंतोषजनक फीड प्राप्त होने पर डीएम ने व्यक्त की नाराजगी

**बैठक**

**संचालित योजनाओं में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अलगे माह ए प्लस श्रेणी लाना करें सुनिश्चित**

**समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी**

जनसंदेश न्यूज



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को कर करेत्तर, स्टाफ मीटिंग एवं सी0एम0 डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी, मड़िहान सौम्या मिश्रा, सभी तहसीलों के तहसीलदार, सभी नगर पालिका एवं पंचायत के अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया। सी0एम0 डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा बैठक में 29 मदों में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई हैं। जिलाधिकारी ने बी0, सी0, डी0 श्रेणी वाले अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग की संचालित योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अलगे माह ए प्लस श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा में काफी संख्या में असंतोषजनक फीड प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी स्वंय मौके पर जाते हुए शिकायतकर्ता बुलाकर उसके समक्ष निस्तारण करते हुए उसका बयान भी ले।

वाणिज्य कर की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति करे अन्यथा कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार कर दिया जाएगा। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करत हुए कहा कि पी0एम0 सूर्यघर योजना में एल0एम0बी0-1 के सभी धारको का सभी नगर पालिका व नगर पंचायत के वार्डवार सूची उपलब्ध कराएं ताकि अभियान चलाकर पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपने माध्यम से कैम्प लागकर लोगो को लाभान्वित करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रायः यह देखा जा रहा है। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के देयको का भुगतान करने में बिलम्ब किया जा रहा है जो घोर लापरवाही का द्योतक है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा-34 एवं 24 के सभी 05 वर्ष से अधिक पुरानों वादों अभियान चलाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## हरी झंडी दिखाकर रवाना की वाटर शेड यात्रा




**हलिया।** कृषि विभाग के वाटर शेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वन विभाग की ओर से मंगलवार को ड्रमंडगंज वनरेंज कार्यालय पर उपप्रभागीय वनाधिकारी शेख मुअज्जम, भाजपा गड़बड़ा धाम मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह व जिला पंचायत सदस्य राकेश पुंज ने हरी झंडी दिखाकर वाटर शेड यात्रा के वाहन को रवाना किया। कंपोजिट विद्यालय ड्रमंडगंज के बच्चों ने वनकर्मियों और ग्रामीणों संग जलसंचयन के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए प्रभातफेरी निकाली। भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में वाटर शेड निर्माण के लिए जिला पंचायत सदस्य राकेश पुंज भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने उप प्रभागीय वनाधिकारी व रेंजर की मौजूदगी में भूमि पूजन किया। इसके बाद नव निर्मित चबूतरे का लोकार्पण किया गया। भैंसोड़ पंचायत भवन में जलसंचयन के लिए आयोजित गोष्ठी में ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। वनाधिकारी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए वाटर शेड का निर्माण करवाया जा रहा है। भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव में वाटर शेड का निर्माण हो जाने से वन भूमि पर रोपे गए पौधों की सिंचाई के साथ ही वन्य जीवों के अलावा पालतू पशुओं को भी पीने का पानी आसानी से उपलब्ध होने लगेगा। उप प्रभागीय वनाधिकारी व रेंजर वी0के0 तिवारी ने ग्रामीणों से जल संरक्षण के साथ अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि वन भूमि पर रोपे गए पौधों को बचाने का आह्वान किया। इस दौरान वनदरोगा अभिषेक सिंह, कुमार कार्तिकेय, पीयूष सोनकर वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी, सर्वेश्वर पटेल ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, ग्राम प्रधान भैंसोड़ बलाय पहाड़ चंद्रकली, विजय सिंह, संतोष सिंह, सूरज पटेल आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचा पा रहे नहर में पानी

**मनमानी**

**किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा विभाग**

**पानी के अभाव में सूख रही गेंहू की फसल**

**मड़िहान।** क्षेत्र के सिरसी बांध से निकली महज सात किलोमीटर सिरसी पम्प कैनाल नहर का पानी टेल तक नहीं पहुंचने से किसानों की गेंहू की फसल सूख रही है। सिरसी पम्प कैनाल पर नियुक्त अधिकारियों के लापरवाही के चलते महज सात किलोमीटर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जबकि इस समय किसान के खेतों के लिए सिंचाई की अत्यंत जरूरत है। गेंहू की फसल में बालियां व रेड़ा दिखने लगी है लेकिन जरूरत के समय टेल के किसानों को सिंचाई विभाग के अधिकारी पानी नहीं दे रहे है। नहर के आस पास स्थित खेतों में किसानों ने किसी तरह बुआई कर दिया था लेकिन नहर में पानी नहीं आने से सिंचाई नहीं हो पा रही है।

किसानों को आशा थी कि गेंहू की सिंचाई के समय पानी आएगी लेकिन सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते टेल के किसान पानी के लिए तरस रहे है। सिंचाई विभाग चाहें तो एक सप्ताह दोनों पम्प को चलाकर टेल के किसानों की सिंचाई करा सकती है। सरकार की प्राथमिकता है कि सिंचाई के लिए नहरों में पूरी तरह से पानी छोड़ा जाय ताकि किसान आसानी से गेहूं व अन्य फसलों की सिंचाई कर सके। टेल तक जल्द पानी नहीं पहुंचा तो गेहूं की फसल बर्बाद हो जाएगी इसके साथ ही किसानों के अरमान पर पानी फिर सकता है। किसान दिन रात मेहनत कर फसल को तैयार किया है लेकिन पानी के अभाव में फसले मुरझाने लगी है। किसानों ने डीएम से गुहार लगाया कि जल्द पानी टेल तक पहुंचे जिससे किसानों के गेंहू के फसल को पानी मिल सकें।

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मंगलवार को सोनगढ़ा गांव के नौडिहवा मोहल्ले में गिट्टी लाद कर जा रहा एक टीपर अधेड़ को धक्का मार दिया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी कल्लन दुबे 60 वर्ष एसआरडी स्कूल के पास सड़क किनारे खड़े थे। उसी दौरान सड़क से गुजर रही गिट्टीलाद कर एक टी पर ने अनियंत्रित होकर धक्का मार दिया जिससे अधेड़ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। चिकित्सक अवधेश कुमार ने बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं गाड़ी चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। गाड़ी पुलिस के कब्जे में है।

### संशोधन बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

**हलिया।** राज्य विधिज्ञ परिषद इलाहाबाद के आवाहन पर चकबंदी अधिवक्ता समिति हलिया के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को पूरे दिन भर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। इस दौरान अधिवक्ता समिति के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज व न्याय का सजग प्रहरी है। भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम की धारा 61 में अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा की अनदेखी करते हुए अधिवक्ता संशोधन बिल को पास कर दिया गया। जिसका अधिवक्ताओं द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा जब तक लिखित आश्वासन नहीं दिया जाएगा तब-तक अधिवक्ता अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस दौरान अधिवक्ता कमलेश कुमार मिश्र, संतोष त्रिपाठी, अरूण मौर्य, नीरज कुमार सिंह, श्याम जी दुबे, लक्ष्मी नारायण मिश्र, प्रमोद दत्त त्रिपाठी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लालगंज विजयपुर मार्ग पर स्थित रानीबारी गांव के पास मंगलवार को सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार 41 वर्षीय ओमशंकर शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए सीएचसी पर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरा पटवा सिंह गांव निवासी ओम शंकर शुक्ला अपने बाइक द्वारा किसी काम से लालगंज विजयपुर मार्ग पर जा रहे थे। रानीबारी गांव के पास आ रहे ट्रैक्टर के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल वह हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद फार्मासिस्ट अवधेश कुमार दुबे ने बताया कि बाइक से गिरने के कारण उनके इंजरी हुई है। घायल को बेहतर इलाज के लिए लालगंज से मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंडलीय अस्पताल के चिकित्सको ने हालत की गंभीरता को देखते हुए घायल को वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम संपन्न

**मड़िहान।** विकास खंड के परिषदीय प्राथमिक विद्यालय करौंदा के बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय में सामुदायिक गतिशीलता कार्यक्रम के तहत छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ। परिषदीय विद्यालय के बच्चों को नवोदय एमपी हाल में प्रेरणा दायक फिल्म उम्मीद दिखाई गई। साथ ही क्लास के बच्चों से पठन-पाठन की क्रिया को सरलता से ग्रहण करने के गुर साझा कराए गए। प्राचार्य डाक्टर एसपी त्रिपाठी, उप प्राचार्य राम सिंह द्वारा पीएमश्री नवोदय द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी बच्चो को लाइब्रेरी, बायो, केमेस्ट्री, फिजिक्सआदि लैब दिखाते हुए पेन, कापी, स्नैक्स सामग्री आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनामिका भारतीय, वेद प्रकाश मिश्र, विपिन सिंह, नईमुल्ला, स्वेच्छा, नित्यसा, शिल्पा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### टैबलेट पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**चुनार।** रामसुरेश सिंह महाविद्यालय शिवशंकरी धाम दीक्षितपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चन्द्रप्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख नरायनपुर के कर कमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार के टैबलेट वितरण योजना का मुख्य लक्ष्य तकनीकी दक्षता और विशेषकर ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है। रामसुरेश सिंह महाविद्यालय सत्र 2024-25 स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के 64 छात्र-छात्राओं को एवं राजीव गांधी प्रा0 आई0टी0आई0 के कुल 50 छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया। टैबलेट मिलते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, नोडल अधिकारी दीप्ति सिंह, डाक्टर अमोल सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, राकेश श्रीवास्तव, पवन गिरी आदि उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त ने विन्ध्याचल में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह के साथ महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने ड्यूटीरत मजिस्ट्रटों व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मां के धाम आने की सम्भावना है अतएव सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी केवल ड्यूटी न समझकर बल्कि सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं से विन्रम व्यवहार रखते हुए उन्हें सुगमतापूर्वक मां का दर्शन कराएं ताकि वे अच्छे से दर्शन पूजन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी तब तक नही छोड़ेगे तब तक उनके स्थान पर उनका प्रतिस्थानी नहीं आ जाता हैं। इस अवसर पर सम्बन्धित मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहें।

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पर विगत 23 फरवरी को वादी मनोज कुमार सिंह पुत्र शिवचरन सिंह निवासी कोलना थाना अदलहाट द्वारा मोटर साइकिल चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना अदलहाट पुलिस द्वारा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी अदलहाट को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में उप निरीक्षक जय दीप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी विक्की वर्मा पुत्र प्रमोद वर्मा निवासी बाला थाना युसुफपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 02 चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत आरोपी को अर्थदण्ड की सजा

**मीरजापुर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती,धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना विन्ध्याचल पर गाली-गलौज व मारपीट से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई। अभियोजन अधिकारी- एसपीओ नीरज कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र, कोर्ट मुहर्रिर-मुख्य आरक्षी सूबेदार यादव व घनश्याम राय तथा पैरोकार-मुख्य आरक्षी पीयूषकान्त द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह द्वारा थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बंधित अभियुक्त पप्पू पुत्र स्व0 रामकिशुन निवासी बिरोही थाना विन्ध्याचल को 2500 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 20 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### नाबालिग को भगाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली शहर पर विगत 06 फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी की नाबालिक बहन को बहला-फुसला के भगाने व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली शहर को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना कोतवाली शहर पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मंगलवार को उप-निरीक्षक अजय कुमार ओझा व म0का0 पारूल श्रीवास्तव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली शहर क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी शकिला बेगम पत्नी स्व0 याहिया निवासिनी तरकापुर थाना शहर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# आपरेशन लंगड़ा : पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**सफलता**

## आरोपी को पैर में लगी गोली, ट्रक चालकों से लूट मामले में था वांछित

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सुकृत के पास पुलिस टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश विशाल को सोमवार की रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। विशाल ट्रक चालक से लूट के मामले में वांछित भी था।

तीन थानों की संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र निवासी विशाल सुकृत क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जिसपर पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाश हाईवे से उतरकर खेतों की ओर भागने लगा। इसी दौरान वह बाइक से गिर गया। इसके बाद अपने बचाव में उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की ओर से की गयी जवाबी फायरिंग में विशाल के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे मधुपुर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोढ़ी रेफर कर दिया। पकड़े गए बदमाश के पास से एक बाइक, एक देशी तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, लूट के 2840 रुपये नकद और एक मोबाइल बरामद हुआ। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पहले भी ट्रक लूट मामले में शामिल था। और उसकी तलाश लंबे समय से की जा रही थी।


पुलिस गिरफ्त में घायल इनामिया बदमाश

### भाभी को ताना मारने पर की गई थी शिवकुमार की हत्या

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पनारी ग्राम पंचायत के टोला काश पानी में रविवार को 55 वर्षीय मृतक शिव कुमार शर्मा पुत्र जोखन शर्मा का शव पाए जाने के बाद हत्या की आशंका में जांच कर रही पुलिस ने मंगलवार को मामले का खुलासा कर दिया। इस दौरान दोनों आरोपियों को ओबरा पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। आरोपियों से पूछताछ के बाद घटना के समय खून के छिटे पड़े कपड़े को भी बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कि मृतक आरोपियों के भाभी को लेकर ताना मार रहा था। जिससे आजीज आकर आरोपियों ने उसकी हत्या कर दिया। आरोपी महेन्द्र खरवार पुत्र निर्मल तथा अशोक खरवार पुत्र ददुला निवासीगण ग्राम गोसारी पोस्ट खरहरा थाना जुगैल को मुखबीर की सूचना पर टापू तिराहा से मंगलवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्तगण पूछताछ पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुये घटना के समय पहने हुये खून के छीटे लगे कपड़ों को जिसे अभियुक्त अशोक द्वारा घघवा नाला गोसारी के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा गया था बरामद कराया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उनि धर्मनारायण भार्गव, उनि रामलोचन, हेका ओंकार यादव एवं का अखिलेश कुमार शामिल रहे।

# नपं अध्यक्ष ने सड़क, नाली निर्माण का किया शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने मंगलवार को नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगरवासियों के विकास और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत की गई। वार्ड नंबर एक में सड़क और नाली निर्माण, वार्ड नंबर छह में पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन बिछाने तथा वार्ड नंबर सात में सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि चोपन को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी।

उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर सुनील सिंह, सुनील तिवारी, उमेश सिंह, अमित सिंह, डिम्पल , रजनीकांत सिंह, जितेंद्र यादव, अरुण कुमार, बृजेश सिंह, रामनरेश चौधरी, राशिद आलम, सियाराम तिवारी, अंकित पांडेय, मंसूर आलम, जितेंद्र पासवान, अनुज कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का शिलान्यास करते नपं अध्यक्ष

## संक्षेप

### ईओ ने किया सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण, दिये निर्देश



सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण करते ईओ

**डाला।** स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत मंगलवार को ईओ ने नगर पंचायत क्षेत्र स्थित तीन सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। नगर को साफा बनाए रखने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज ने बस स्टैंड शहीद स्थल के समीप स्थित पिंक सिटी महिला शौचालय व पुरुष शौचालय समेत मलीन बस्ती के सार्वजनिक शौचालय का दरवाजा, खिड़की का निरीक्षण करते हुए बताया कि पिंक सिटी महिला शौचालय पर देख-रेख के लिए महिला गार्ड की तैनाती कर दी गई है। वह सुबह चार बजे से रात्रि दस बजे तक ड्यूटी में उपस्थित रहेगी। इसके अलावा उक्त शौचालय पर सेनेटरी पैड मशीन व पैड निस्तारण हेतु मशीन इंसीनरेटर की व्यवस्था कराई जा रही है। यहां शिकायत पंजिका भी रखी रहती है। नगर में दो शौचालय और भी प्रस्तावित हैं, जिसके लिए जल्द ही जमीन चिन्हित कर उसका कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। दो शौचालयों में एक सार्वजनिक शौचालय बाजार में और दूसरा सामुदायिक शौचालय मलिन बस्ती में बनाए जाने की योजना प्रस्तावित है।

### अचलेश्वर मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव ध्रुपद रजनी आज

**डाला।** महाशिवरात्रि के अवसर पर अचलेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार की सायं शिवरात्रि महोत्सव ध्रुपद रजनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश विदेश के ध्रुपद गायन व तानपुरा संगत कलाकारों की प्रस्तुति होगी। महादेव मन्दिर फाउंडेशन के सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिवरात्रि पर प्रातः कालीन पूजन एवं श्रृंगार प्रातः चार बजे से प्रारंभ होकर सायं छह बजे महाआरती उद्धोष व ध्रुपद रजनी का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें ध्रुपद गायन पुर्तगाल बजरी कोष्ठी से सिमोन चलिकोवेस्ते,सुरबहार वादन मुंबई से भुषण गोष्ठी, पखावज संगत मुंबई से विवेकानंद कुरंगले, भरतनाट्यम सोनभद्र से आरती थापा, तानपुरा संगत जापान से इको वातानाबे की प्रस्तुति होगी। ध्रुपद रजनी के उपरांत महाशिवरात्रि की रात्रि 10 बजे से निशा पूजन चार प्रहर सम्पूर्ण रात्रि होगा।

### एक गिरफ्तार, एक किलो 450 ग्राम गांजा बरामद

**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने मसोई नहर पुलिया, शाहगंज के पास से राजेश पटेल पुत्र कन्हैया सिंह निवासी उमरी कला, शाहगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 450 ग्राम गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### सड़क हादसे में दो तीर्थ यात्री घायल, रेफर

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कनहर पुल स्थित महादेव मंदिर के समीप मंगलवार को दो कार की टक्कर में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया गया कि कार की आमने-सामने टक्कर में सुनीता 40 पत्नी अशोक, सुप्रिया 30 पत्नी अंकित निवासी रांची झारखंड घायल हो गयीं। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हाल देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को रेफर कराकर रांची ले गए।

### साइबर टीम ने वापस कराये फ्रॉड हुए सात लाख 17 हजार

**सोनभद्र।** धोखाधड़ी व ठगी के विरुद्ध एक्शन मोड में चल रही साइबर क्राइम पुलिस टीम ने फ्राड किये गये सात लाख 17 हजार रुपये पीड़िता के खाते में वापस करा दिया। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान क्रम में थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस के नेतृत्व में थाना साइबर टीम ने बताया कि आवेदिका प्रियंका सिंह पुत्री अमरनाथ सिंह निवासिनी टोला चेतवा, जरहा, बीजपुर के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्राड कर के धनराशि को ट्रांसफर करा लिया गया था। इस क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक से पत्राचार करके फ्राड हुई धनराशि को होल्ड कराकर निर्धारित प्रारुप में नोटिस देकर सात लाख 17 हजार रुपये आवेदिका के खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। टीम में राजेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, विकास मौर्या, अखिलेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, शैलेश विक्रम आदि शामिल रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सीनियरों को दी गयी विदाई



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ला ने वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार पाण्डेय व ह्रदयानन्द ओझा के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रधानाचार्य का स्वागत किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने 12 के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने राम भजन, विभिन्न गीत, समूह नृत्य, सम्भाषण, कविता, विदाई गीत का रंगारंग प्रस्तुतिकरण किया। शिक्षक डॉ. प्रियरंजन सिंह, जलज मालवीय, शिव नारायण सिंह, अमित दुबे व शिक्षिका प्रियांशु सिंह के साथ कक्षा 12 की छात्रा राशि रावत एवं मनीषा गौतम ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल ने बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षाफल के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिक्षक डा. बबलू कुमार भट्ट, सुधीर कुमार नायक, ब्रम्हानन्द राम त्रिपाठी, ब्रजेश कुमार शुक्ला, राकेश कुमार सिंह, सत्येन्द्र सिंह, संजय कुमार द्विवेदी, शशिकान्त, राजकुमार यादव, अशोक कुमार द्विवेदी, प्रदीप कुमार ओझा, ज्योति मिश्रा, पुष्पिता पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## डांस कर रहे युवक की मौत, मातम में बदली शादी की खुशियां

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बघाडू गांव में सोमवार की रात एक वैवाहिक समारोह में आये युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया गया कि बभनी थाना क्षेत्र के धनवार गांव से रामबचन पुत्र मनफेर की शादी दुद्धी क्षेत्र के बघाडू गांव में विजय सिंह की लड़की से होनी थी। इसके लिए सोमवार बारात आई थी। बारात में जीत सिंह 33 पुत्र गनेशी आया हुआ था। बघाडू गांव में बारात पहुंचने के बाद द्वार पूजा की रश्म हो रही थी। सभी लोग शादी के जश्न में डूबे थे। इस दौरान डांस कर रहा जीत सिंह अचानक गिर गया। इसके बाद वह किनारे चला गया। अन्य बारातियों को इसकी जानकारी हुई तो वे जीत को खोजते हुए उसे किनारे पड़ा देखा। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# अधिवक्ताओं को बेरोजगार करने के लिए लाया जा रहा विधेयक

**प्रदर्शन**

## संशोधन विधेयक के विरोध में वकीलों ने घेरा रजिस्ट्री कार्यालय

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/घोरावल/दुद्धी।** अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में मंगलवार को जिले में वकीलों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने बढ़ौली चौक पर प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। वहीं घोरावल में तहसील अधिवक्ता समिति ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में मंगलवार को ट्रेजरी तथा रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन कर न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने कहा कि विधि का शासन बनाए रखने के लिए निर्भीक एवं स्वतंत्र न्याय के तंत्र का होना आवश्यक है।

वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता न्याय के रथ का पहिया माना जाता है, उसे ऑफिसर ऑफ द कोर्ट का दर्जा प्राप्त होता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन संविधान की इसी आधारभूत संरचना पर हमला करने की नीयत से लाए गए हैं। वकीलों ने विधेयक वापस लेने तथा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग उठायी। कहा कि अधिवक्ता व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान किया जाए, प्रदेश के अधिवक्ताओं का 10 लाख रुपये का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की जाए। इस मौके पर आदिनाथ मिश्र, राजेंद्र कुमार पाठक, नंदकुमार ओझा, सुनील कुमार चौबे, निसार अहमद, ज्ञान प्रकाश चौबे, संतोष कुमार तिवारी, नंदकुमार मिश्र, प्रयाग दास, हरिप्रकाश वर्मा, इनामुल हक अंसारी, अशोक कुमार भारतीय समेत तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में दुद्धी बार व सिविल बार एसोसिएशन उप-निबंधक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। बार अध्यक्ष प्रेमचंद यादव सिविल बार अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी, जितेंद्र श्रीवास्तव, नंदलाल अग्रहरि ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में अधिवक्ता लामबंद हैं। जब रजिस्ट्री को रोका जाएगा तब सरकार नींद से उठेगी।

अधिवक्ताओं को बेरोजगार करने, फूट डालने के लिए और तमाम तरह की परेशानियों में डालने के लिए इस तरह के संशोधन बिल लाये जा रहे हैं। अधिवक्ता कल्याण निधि पर इनका ध्यान नहीं है। प्रतिदिन पुलिस का अत्याचार हो रहा है। वकीलों का मर्डर किया जा रहा है, जान माल की सुरक्षा नहीं है, इस पर ध्यान न देकर अधिवक्ता बिल संशोधित करने का प्रयास किया जा रहा है। जब तक बिल वापस नहीं हो जाएगा, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर अशोक गुप्ता, छोटे लाल गुप्ता, सत्यनारायण यादव, राकेश तिवारी, रमेश यादव, अरुणोदय जौहरी, जवाहर लाल गुप्त, उमेश पांडेय, रविन्द्र यादव, चंदमणि यादव, विद्यापति, आशुतोष मिश्रा, आदर्श जायसवाल, संतोष कुशवाहा, अभिनय जायसवाल, कार्तिक यादव आदि मौजूद रहे।


घोरावल में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

# ई-रिक्शा चेकिंग अभियान में 70 वाहनों का चालान, पांच सीज

**कार्रवाई**

## दो दिवसीय अभियान के पहले दिन परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

**सोनभद्र।** शासन के निर्देश के क्रम में मंगलवार को परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ई-रिक्शा के हो रहे संचालन के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दो दिवसीय अभियान के पहले दिन 70 ई-रिक्शा का चालान किया गया, जबकि कागजात के अभाव में पांच ई-रिक्शा सीज कर दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) धनवीर यादव व प्रभारी निरीक्षक यातायात अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वर्ण जयंती चौक, धर्मशाला चौक, पन्नूगंज मार्ग पर नियम विरुद्ध संचालित हो रहे ई-रिक्शा टोटो चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा रहा। एआरटीओ ने सभी ई-रिक्शा चालकों को कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस व फिटनेस समय से कराने का निर्देश दिया। वही प्रतिबंधित रूटों पर चल रहे ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई किया। उन्होंने बताया कि सभी ई रिक्शा ड्राइवर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। इसके अलावा जो ई-रिक्शा पंजीकृत नहीं मिले उनका भी चालान किया गया। चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में सभी लोग अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा लें।



ई-रिक्शा की जांच करते एआरटीओ धनवीर यादव

### क्षमता से अधिक मिली सवारी उतरवाया

**सोनभद्र।** चेकिंग के दौरान यातायात व ट्रैफिक पुलिस जिस ई-रिक्शा में चार से अधिक सवारी बैठी मिली तो उसे रोककर अतिरिक्त सवारी उतरवाई। चालक के पास बैठी सवारियों को भी उतरवा दिया। साथ ही चेतावनी दी कि नियमानुसार ही ई-रिक्शा का संचालन करें।

# भागवत कथा में गोपियों के महारास लीला का वर्णन

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** नगर के सेक्टर बी रेक्सहंवा में आयोजित साप्ताहिक भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक पंडित अनुजाचार्य ने महारास लीला का वर्णन किया। कथा रसपान कर श्रोता भावविभोर हो गए। कथावाचक ने भगवान कृष्ण द्वारा गोपियों के साथ किए गए महारास रचाने का वृत्तांत सुनाया। उन्होंने बताया कि कृष्ण गोपियों का महारास देखने के लिए भगवान शंकर खुद गोपी का रूप धारण कर रास में शामिल हुए। भगवान कृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों को बुलाया, गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण प्रेम में डूब गईं। महारास लीला के जरिए ही जीवात्मा और परमात्मा का मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते हैं।

भगवान उद्धव गोपी प्रसंग की मार्मिक कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये। कथावाचक, आचार्यों व वाद्य यंत्र को गति प्रदान करने वाले वादकों और कथा श्रवण कर रहे श्रोताओं ने व्यासपीठ पर विराजमान भगवान ठाकुर को अबीर गुलाल व फूल चढ़ाकर नाचते-गाते हुए फूलों की होली खेली। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजक शंकर शरण उपाध्याय ने बताया कि प्रतिदिन सुबह से पूजन के बाद शाम चार बजे से सात बजे तक संगीतमय भागवत कथा का आयोजन हुआ। इस मौके पर आचार्य पंडित मनोज शुक्ला, अरुण त्रिपाठी, राजवंश चौबे, राजू शुक्ला, जगदीश तिवारी, नीरज पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


भागवत कथा सुनाते अनुजाचार्य

# धूमधाम से मना आदर्श शिक्षा निकेतन का वार्षिकोत्सव

**बीजपुर।** आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने वाहवाही लूटी। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि अनिल द्विवेदी गिरिजाशंकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि डा. अशोक त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस विद्यालय की मान्यता होना आवश्यक है, क्योंकि विद्यालय में आस पास गांवों के ग्रामीण आदिवासी और विस्थापित परिवार के बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। मान्यता प्राप्त राजकीय इंटर कॉलेज की दूरी यहाँ से 40 किमी दूर होने के नाते यहां के बच्चे विशेष रूप से बालिकाएं वहां तक नही जा पा रही हैं। एनटीपीसी ने सन् 1995 में इस विद्यालय को शुरू किया था, लेकिन अब वह भी कदम पीछे खींच रही है, परंतु ऐसा नही होने दिया जायेगा। संचालन संदीप राय ने किया। इस मौके पर केदार यादव, अनिल त्रिपाठी, शिवधारी गुप्ता, राम यादव, रामभजन सिंह, दशमति गुप्ता, केपी पाल, विश्राम सागर गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### तैयारी पूरी, आज निकलेगी शिव बारात

**रेणुकूट।** नगर में महाशिवरात्रि के दिन निकलने वाले शिव बारात की तैयारी पूरी हो गई है। पूर्वांचल श्री राम सेना के तत्वावधान में निकलने वाली शिव बारात में प्रतिवर्ष हजारों लोग शामिल होते हैं। एक सप्ताह से शिव बारात निकालने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पूरे नगर को 20 हजार भगवा झंडों से पाट दिया गया है। खाड़पाथर से लेकर पिपरी तक दर्जनों युवाओं की टोली झंडा लगाने में लगी हुई है। अब तक 20 हजार झंडे लगाए जा चुके हैं। वर्षों से निकल रही शिव बारात ऐतिहासिक होती है।

### कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर में मध्यान भोजन पर ग्रहण

**बीजपुर।** शिक्षा क्षेत्र म्योरपुर अंतर्गत संचालित कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर में मध्यान्ह भोजन पर ग्रहण लग गया है। संकुल शिक्षक प्रधानाध्यापक देवनारायण गुप्ता को सीएल छुट्टी पर हैं। जिसके कारण बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन पर ग्रहण लग गया है। मंगलवार को चार्ज विहीन विद्यालय में 11 बजे तक रसोइयाँ लकड़ी का चूल्हा जला कर बैठी रही न दाल था और नही सब्जी। 11:30 बजे सूचना पाकर पहुंचे प्रधान पति विश्राम सागर गुप्ता ने एक किलो दाल खरीद कर भेजा, तब जाकर लगभग 200 बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन में बन पाया। विद्यालय पर चार टीचर कार्यरत हैं। सीनियर टीचर नारायण दास ने जूनियर टीचर देवनारायण गुप्ता के पास चार्ज होने का विरोध किया, इसके लिए सीएम पोर्टल सहित अन्य पर शिकायत भी दर्ज कराई, तब जाकर एबीएसए ने 31 जनवरी में नारायण दास को चार्ज लेने का दबाव बनाया, लेकिन प्रभार लेने से नारायण दास ने यह कह कर मना कर दिया कि पिछले समय मे तमाम सामान गायब है, बैट्री चोरी चली गयी है। प्रभारी देवनारायण ने पुलिस में चोरी की सूचना तक दर्ज नहीं कराया है। एबीएसए विश्वजीत कुमार को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन काट दिया।

### ग्रासिम ने किसानों को बांटे सब्जी के बीज, खिले चेहरे


किसानों को बीज देते कंपनी के प्रतिनिधि

**रेनुकूट।** ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेनुकूट के ईकाई प्रमुख मनीष गर्ग, मानव संसाधन प्रमुख राजीव दुबे एवं ज्योत्सना सिंह सेक्शन हेड कार्मिक विभाग के मार्गदर्शन में सीएसआर के तहत ग्रामसभा मकरा कुवारी के20 किसानों के लिए चार दिवसीय किसान प्रशिक्षण किया गया। इस दौरान गर्मी के मौसम में होने वाली मौसमी सब्जी बीजों का वितरण भी किया गया। कुस्म्हा, गंभीरपुर, खैराही, किरवानी, रनटोला में क्रमवार रुप से माह फरवरी में 24 दिनों तक सभी ग्राम सभाओं के 20-20 किसानों को प्रषिक्षण प्रशिक्षक गौरी मौर्या ने दिया। अमर सिंह, चांदनी निर्मल तथा अर्चना तिवारी के संयुक्त प्रयास द्वारा उक्त ग्रामसभाओं के किसानों को भिण्डी, नेनुआ, पालक तथा पपीता के बीज का वितरण किया गया। किसानों को जीवांश खाद से होने वाली खेती के बारे में बताते हुए कम पानी से अधिक से अधिक मात्रा में अधिक उपज प्राप्त करने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर दिनेश कुमार जायसवाल, राम भगत यादव, सीता देवी, सोनू कुमार यादव, संध्या पाण्डेय, सुनीता देवी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पीडीए जन चौपाल में संविधान बचाने पर चर्चा

**चोपन।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को जन चौपाल का आयोजन अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष फारूक अली जिलानी की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों को जो अधिकार मिला है, उसे भाजपा सरकार खत्म करना चाहती है। उसको लेकर पीडीए के जन नायक अखिलेश यादव के नेतृत्व में मजबूती से लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई पीडीए के लोगों को लड़ना है। जन चौपाल में अल्पसंख्यक सभा विधानसभा ओबरा के अध्यक्ष नन्हे मास्टर को मनोनीत किया गया। इस मौके पर नजमुद्दीन इदरीसी, सत्यदेव पांडे, विनोद पासवान, रमेश सोनी, मुन्ना गुप्ता, गोपाल मोदनवाल, वसीम खान आदि मौजूद रहे।

# हाइड्रा की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

हादसा

### एक लाख नगद, आठ लाख रुपये और देने का दिया आश्वासन



घटना के बाद मौके पर जुटी पुलिस व सपा के नेतागण।

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के हृदयपुर गांव में मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे हाइड्रा की चपेट में आने से खेत से घर लौट रहे साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। घटना के बाद हाइड्रा चालक मौके से भाग गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हाइड्रा के आगे शव को रखकर मुआवजा की मांग पर अड़ गए। मुआवजा की मांग पर सात घंटे तक शव मौके पर पड़ा रहा। हंगामा को देखते हुए मुगलसराय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

हृदयपुर गांव में डीएफसीसी (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कोरपेरेशन) का फ्लाई ओवर का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य के समीप ही गांव निवासी सत्तर वर्षीय फूलचंद यादव पुत्र खेदरू राम का खेत और तालाब हैं। फूलचंद तालाब और खेत की निगरानी करने रोज आते थे। रोजाना की तरह मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे साइकिल से खेतों की तरफ निकले थे। इसी बीच कार्य कर रही हाइड्रा बेकाबू हो गई और साइकिल सवार को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही फूलचंद की मौत हो गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचते इससे पहले ही चालक मौके से भाग गया। घटना की जानकारी होते ही चंद्रशेखर यादव, ग्राम प्रधान मनोज यादव सहित अन्य लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने हाइड्रा को रोककर हंगामा करने लगे। सूचना पाकर मुगलसराय एसडीएम आलोक कुमार, कोतवाल विजय बहादुर व सीओ आशुतोष अपने अपने टीम के साथ पहुंच गए। ग्रामीण 50 लाख रुपए मुआवजा देने, एक सदस्य को नौकरी देने, डीएफसीसी के अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना पाकर डीएफसीसी के जेई पहुंचे और 5 लाख रुपए का मुआवजा देने का आश्वासन दिया। बावजूद परिजन नहीं माने। वहीं मौके पार पहुंचे सपा नेताओं ने धरना शुरू कर दिया। लगभग तीन बजे डीएफसीसी के सीनियर एग्जक्यूटिव डीएफसीसी रवि कुमार सिंह ने एक लाख रुपये परिजनों को दिए और एक सप्ताह के भीतर आठ लाख रुपये और देने का आश्वासन दिया। यही नहीं निर्माण कार्य में संविदा के आधार पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण माने और शव उठाने दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संशोधन विधेयक के खिलाफ लामबंद हुए अधिवक्ता

धरना-प्रदर्शन

### जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर की नारेबाजी

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** संयुक्त बार के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने मंगलवार को मुख्यालय पर जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने डीएम के दफ्तर के गेट पर जमकर नारेबाजी किया। आरोप लगाया कि सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन करने का प्रयास किया जा रहा हैं। इसलिए तमाम प्रकार के संशोधन विधेयक को पारित किया गया हैं।

चेताया कि अगर विधेयक को सरकार के द्वारा वापस नहीं लिया गया तो अधिवक्ता आंदोलन को तेज करेंगे। इसके बाद लोगों ने एडीएम सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। सिविल बार के अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करता हैं। जिसकी बात किसी फोरम पर नहीं सुनी जाती, उसे अधिवक्ताओं से न्याय दिलाने की उम्मीद रहती हैं। कहा कि सरकार के द्वारा कुचक्र रचकर विधेयक पारित किया गया हैं। इस विधेयक में अधिवक्ताओं के अधिकारों पर लगाम लगाने की साजिश रचा गया हैं। डिस्ट्रिक्ट बार के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा पारित विधेयक से अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी हैं। इस विधेयक से खासकर युवा अधिवक्ताओं के भविष्य को लेकर चिंता बनी हुई हैं। कहा कि सरकार में बैठे लोगों को अधिवक्ताओं के हितों का ख्याल रखना होगा।

क्योंकि अधिवक्ता समाज में काफी सक्रिय और हर वर्ग से जुड़ा होता हैं। ऐसे में सरकार के खिलाफ अधिवक्ताओं की बगावत काफी खतरनाक साबित होगा। इसके बाद लोगों ने डीएम की अनुपस्थिति में एडीएम सुरेंद्र सिंह को अपने मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गौरव सिंह, चंद्रभान सिंह, शमशुद्दीन, शैलेंद्र सिंह, झंमेजय सिंह, राकेश रत्न तिवारी, अभिनव आनंद सिंह, डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र पांडेय, चंदन सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

## संक्षेप

### स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाएं: डॉ. विनोद बिंद



पतंजलि की ओर से आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास करते ग्रामीण।

**नियामताबाद।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास के तत्वावधान मे 10 दिवसीय निशुल्क योग विज्ञान शिविर के सातवें दिन मुख्य अतिथि सांसद भदोही डॉ. विनोद बिन्द एव विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार गुप्ता व समाजसेवी देव कुमार गुप्ता उर्फ राजू वाराणसी उपस्थिति रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि डा. विनोद बिंद ने भागदौड़ की जिंदगी में योग का विशेष महत्व है निरोगी रहने के लिए योग करना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए योगाचार्य राजेश योगी को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य राजेश योगी ने किया तथा संचालन ब्रिजेश विन्द किया। प्राथमिक विघालय ददवा के प्रागंण मे सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीणों ने योग शिर्वि में भाग लिया। इस अवसर पर श्रीराम अवतार महाकाल, बिरेन्द्र कुमार बिन्द राज प्रभात, संजय पासवान, विजय कुमार, सत्य प्रकाश बिन्द, रवि कुमार शर्मा ओमप्रकाश जायसवाल, त्रिभुवन कुमार बिन्द सुनिल कुमार गुप्ता, शुरेश कुमार गुप्ता इत्यादी लोग उपस्थित रहे।

### सिक्स लेन सड़क निर्माण को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**चंदौली।** मुगलसराय नगर में सिक्स लेन को लेकर मंगलवार को अधिवक्ता संतोष पाठक कलेक्ट्रेट में एडीएम सुरेंद्र सिंह ने मिले। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते सिक्स रोड निर्माण के लिए भेजी गई धनराशि की जांच कराने और हुए सिक्स लेन बनवाने के संबंध में दिए गए सभी पत्रों का लिखित में स्टेटस उपलब्ध कराने की मांग किया। इस दौरान अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक ने कहा कि मुगलसराय नगर के मुख्य बाजार जीटी रोड पर ही सबसे ज्यादा जाम लगता है। यहां फोरलेन पहले से मौजूद है। इसे ही तोड़कर पुनरू फोरलेन ही बनाया जा रहा है। जनता का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि मिलकर सिक्स लेन सड़क के पैसा में गड़बड़ी किए हैं। कुछ अवैध अतिक्रमणकारियों को बचाने के लिए 6 लेन रोड को फोर लेन बनवा रहे हैं। इसकी जांच कराया जाए। साथ ही मुगलसराय में भी सिक्स लेन सड़क सर्विस रोड सहित बनाया जाए। जाय। कहा कि मुगलसराय में सिक्स लेन रोड बनवाने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीते माह में जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया था। डीएम को भी पत्र लिखा गया था। उन पत्रों पर अब तक की गई कार्रवाई का स्टेटस रिपोर्ट लिखित में दिया जाए।

### ट्रेन के आगे कूदकर अज्ञात युवक ने की आत्महत्या

**चंदौली।** नगर के सकलडीहा रोड स्थित अटल ओवरब्रिज के नीचे मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर जुटे आस पास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस तत्काल युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 30 वर्षीय युवक रेलवे ट्रैक की दूसरी ओर काफी देर से खड़ा था और जैसे ही सामने से ट्रेन आता दिखाई दिया। उसने दौड़ कर ट्रेन की आगे छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आस पास के लोगों ने युवक की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बाबत सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। उसके शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जमीन कब्जा मामले में जांच की मांग

**चंदौली।** मुगलसराय तहसील के परशुरामपुर गांव में सरकारी जमीन कब्जा करके भू माफियाओं को बेचने के मामले में मंगलवार को सरदार पटेल विधिक सहायता व जागरूकता समिति के लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रभारी अधिकारी को पत्रक सौंपा और मामले की जांच कराने की मांग की। बताया कि सरकारी जमीन कब्जा करने वाले भू माफियाओं के साथ हल्का लेखपाल की भूमिका भी संदिग्ध है। समिति के सलाहकार अधिवक्ता त्रिलोकी सिंह ने बताया कि परशुरामपुर में 22 बिस्वा भूमि बंजर के नाम दर्ज हैं। जमीन पर लगभग दस बिस्वा रकबा को भू माफियाओं की ओर से कब्जा कर लिया गया हैं और जमीन का बैनामा कर रहे हैं। कहा कि मामले की जांच के लिए पूर्व में सक्षम अधिकारियों को पत्रक दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। समिति के उपाध्यक्ष आलोक पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बीएसएनएल आफिस से कॉपर केबिल चोरी

**सकलडीहा।** कस्बा स्थित बीएसएनएल ऑफिस का सोमवार की रात ताला तोड़कर चोरों ने करीब एक लाख से अधिक का कापर केबिल गायब कर दिया। सुबह जब एसडीओ पहुचे तो केबिल गायब था। उन्होंने चोरी की घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की। पुलिस मौके पर पहुंची घटना की छानबीन कर मामले का जल्द खुलासा करने की बात कही है। बीएसएनएल ऑफिस के एसडीओ सेवानन्द मौर्या ने बताया कि सोमवार की रात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस आए। इसके बाद स्टोर रूम का ताला तोड़कर उसमें रखा करीब 1 लाख 40हजार का केबिल निकालकर पीछे के रास्ते भाग गए। रात में ऑफिस में कोई कर्मचारी और गार्ड नही रहता है। चोरी की इस घटना से कर्मचारी परेशान है। भारी मात्रा में केबिल चोरी होने पर तत्काल इसकी सूचना 112 पर देते हुए कोतवाली पर लिखित तहरीर दी गई।साथ ही विभागीय अधिकारियों को भी जानकारी दी गई।

### डीडीयू स्टेशन पर शराब के साथ एक धराया

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस ने मंगलवार की भोर में तस्करी कर ले जा रहे 5280 रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्करी के आरोपी का चालान किया गया है। पीडीडीयू जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पीडीडीयू जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ हो रही है। इसकी आड़ में कुछ लोग बिहार शराब तस्करी की कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह जीआरपी कर्मी निरीक्षण कर रहे थे। इसी बीच प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर एक संदिग्ध युवक दिखा। उसे पकड़ कर उसके पास के झोले की तलाशी ली गई तो उसमें से 44 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत 5280 रुपये है। जीआरपी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार ऋषभ कुमार यादव निवासी ग्राम घोषवड़ी थाना बख्तियारपुर जिला पटना, बिहार का चालान किया गया है।

# सांसद साधना सिंह ने निर्माणाधीन सीएचसी का किया निरीक्षण



बबुरी सीएचसी का निरीक्षण करतीं सांसद साधना सिंह।

**बबुरी।** क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बबुरी में निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का मंगलवार की दोपहर राज्यसभा सांसद साधना सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर का अवलोकन किया और निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय भवन, चिकित्सक आवास, ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, महिला एवं पुरुष वार्ड सहित पूरे केंद्र का जायजा लिया।

सांसद साधना सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्र के लगभग सौ गांवों की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को मामूली बीमारियों या आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इसके लिए तीन करोड़ बासठ लाख राशि सरकार द्वारा आवंटित की गयी थी, चिकित्सालय के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए शासन से और भी राशि का उपभोग करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिले का माडल सीएचसी बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों और स्टाफ की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में उच्चस्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और इस अस्पताल का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ युगल किशोर राय, डा गुलाब, राघवेन्द्र सिंह,बसंत लाल गुप्ता, विमल सिंह, संजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चोरी की छह मोबाइल के साथ दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पूर्वी छोर पर स्थित रोलिंग हट से चेकिंग के दौरान जीआरपी आरपीएफ ने 02 लोगों को पकड़ा। जिनके पास से यात्रियों का चोरी गया 06 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। राजकीय रेलवे पुलिस कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कुम्भ को देखते हुए स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर नजर रखी जा रही है। पुलिस टीम गश्त कर रही थी। टीम जांच करते हुए प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पूर्वी छोर पर स्थित रोलिंग हट के पास पहुंची, जहां दो लोग संदिग्ध हाल में दिखाई दिए। जो पुलिस को देखकर हटने बढ़ने लगे। शक होने पर दोनों लोगों को पकड़ कर पूछताछ के साथ जांच पड़ताल की गई।उनके पास से यात्रियों के चोरी गए छह अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि यात्रियों के सामान की चोरी करते हैं।

# विधवा महिला को राजस्व विभाग ने दिलाया कब्जा

**नौगढ़।** उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर के नेतृत्व में मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने चकरघट्टा थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासिनी भूमिहीन विधवा महिला शांति देवी को 22 वर्ष बाद पट्टा की भूमि पर कब्जा दिलाया है। बसपा के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता बसंत लाल को नक्सलियों ने 27 अगस्त 2002 की रात में मौत के घाट उतार दिया था।

पीड़ित परिवार को सहायता दिए जाने के लिए ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर राजस्व विभाग ने तेंदुआ गांव में आराजी नंबर 2/11 मि. रकबा 0.506 हेक्टेयर भूमि को शांति देवी के नाम से पट्टा आवंटित किया था। जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए बार बार विधवा महिला ने शासन प्रशासन तक गुहार लगाई। लेकिन सफलता नहीं मिलने से काफी निराश हो गयी थी। नक्सली हिंसा का शिकार होने के बाद भी पीड़ित परिवार को प्राथमिकता देकर के 22 वर्षों तक कोई ठोस पहल नहीं करके मामला का समाधान नहीं किया जा सका था। बीते माह जिलाधिकारी निखिल टी फूंडे की अध्यक्षता में तहसील सभागार मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विधवा शांति देवी ने रो रोकर अपनी व्यथा को सुनाया था। जिसपर उपजिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर विधवा महिला को आवंटित भूमि पर कब्जा दखल कराने का सख्त निर्देश राजस्वकर्मियों को दिया था। विधवा गरीब महिला का आरोप है कि घटना के समय प्रशासनिक अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर के आवास व और अन्य सुविधाओं को दिए जाने का भरोसा दिया था। जो कि कार्यान्वित नहीं हो सका। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि पीड़ित विधवा महिला की समस्या का समाधान करा कर के आवंटित पट्टा की भूमि पर कब्जा दखल करा दिया गया है। राजस्व विभाग की टीम में नायब तहसीलदार प्रभुनाथ यादव राजस्व निरीक्षक संजय कुमार लेखपाल देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# बिछड़े लोगों को आरपीएफ ने परिजनों से मिलाया

जनसंदेश न्यूज

राहत

### लगातार 12 दिन तक भटकने के बाद डीडीयू रेलवे स्टेशन पहुंचा वृद्ध

**डीडीयू नगर।** अपने परिजनों संग महाकुंभ स्नान के दौरान भटके एक वृद्ध व्यक्ति को 12 दिन बाद डीडीयू आरपीएफ टीम ने खोजकर उन्हें उनके परिजनों से मिलाया। वहीं भटकी एक 11 वर्षिया बालिका को भी आरपीएफ ने उसके परिजनों से मिलवाया। पश्चिम बंगाल प्रांत के वर्धमान जोते जानकी निवासी 65 वर्षीय वृद्ध श्रद्धालु कामदेव तुरी अपने परिजनों संग महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए थे।

जहां भीड़ में वह अपने परिजनों से बिछड़ गए। लगातार 12 दिन तक भटकने के बाद किसी प्रकार डीडीयू रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां स्टेशन पर भीड़ बंदोबस्त ड्यूटी में तैनात आरपीएफ आरक्षी प्रिंस चावला को लगा कि भटके हुए वृद्ध प्रतीत हो रहा था। आरपीएफ ने उनसे पूछताछ की। तब वृद्ध ने पूरी बात बताई तथा अपने लड़के संदीप तुरी का मोबाइल नंबर दिया। जिसपर प्रिंस से संदीप से उनकी बात कराई। संदीप ने बताया कि उनके पिता 12 दिनों से गुम थे।

वहीं दूसरी तरफ अत्यधिक भीड़ में अपने मामा के साथ कानपुर जा रही पटना, बिहार निवासी 11 वर्षीय सौम्या पुत्री धीरज कुमार झा बिछड़ गई थी। डीडीयू स्टेशन पोस्ट उप निरीक्षक सरिता गुर्जर की नजर उसपर पड़ गई। उन्होंने तत्काल पूछताछ के बाद लड़की के पापा के मोबाइल नंबर पर सूचना दी। तत्पश्चात नाबालिग बच्ची को उसके परिजनों तक सही सलामत सुपुर्द कराने के लिए चाइल्ड लाइन ऑन ड्यूटी महिला स्टाफ को बीती रात लगभग 12 बजे सुपुर्द कर दिया।

## दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपी गया जेल

**पड़ाव।** मुगलसराय थाना अंतर्गत जलीलपुर चौकी क्षेत्र के गांव में एक मामला सामने आया जिसमें 9 साल की बालिका के साथ 60 साल के वृद्ध द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। मामला तब उजागर हुआ जब बच्ची अपने आप को किसी तरह छुड़ाकर राहगीर की सहायता से घर पर फोन से सूचना दी। आनन फानन में लोग बच्ची को 112 नंबर डायल कर पुलिस चौकी ले गए, जहां पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार बच्ची अपने मामा के घर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी इसी बीच घर के पड़ोस में ही रहने वाले एक वृद्ध ने उसे बहला फुसलाकर घर से काफी दूर सुनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बच्ची किसी प्रकार अपने आप को बचाकर भागी और रास्ते में घर वालों को फोन किया जिस पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया। क्षेत्र में हुई इस तरह की घटना से लोगों में काफी आक्रोश है।

# सरिया लदी पिकअप पलटी दबने से महिला की मौत

जनसंदेश न्यूज



घटना के बाद विलाप करते मृतक के परिजन।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर गांव में मंगलवार को दुकान से पिकअप पर छड़ लादते समय अचानक पिकअप का डाला टूट गया। इस दौरान बगल में बर्तन धो रही महिला की मौत हो गई और तीन लोग गभीर रूप से घायल हो गए मौके पर जुटे आस-पास के ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पिकअप के डाले को उठाकर महिला के शव के बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और महिला के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया।

बताते हैं कि चहनियां क्षेत्र के जगरनाथपुर निवासी बाबूलाल धरकार की बहन सोनी देवी 40 वर्ष अपने पति व बच्चे के साथ विगत एक महीने से अपने भाई के घर रहकर दवा कर रही थी। सोनी मुख्य मार्ग पर बैठकर बर्तन माज रही थी। वही कुछ दूर पर तीन लोग आपस मे बात कर रहे थे। इस दौरान उमेश गुप्ता के हार्डवेयर की दुकान पर सरिया उतारने के पिकअप खड़ा हुआ और अचानक उसका डाला टूट कर सोनी के ऊपर गिर गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही वहा मौजूद पिंटू धरकार 28 वर्ष, पूजा धरकार 20 वर्ष, उर्मिला घायल 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। इस बाबत थानाध्यक्ष डॉ.आशीष मिश्रा ने बताया कि पिकअप का डाला अनियंत्रित होकर पलट गया है। जिसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। साथ ही तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। और महिला के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में युवाओं ने दिखाया दमखम



बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बॉडी बिल्डर व अतिथिगण।

**चंदौली।** वाराणसी युवा भारतीय मंच के द्वारा स्व शिवनारायण यादव की स्मृति में मिस्टर यूपी, मिसेज यूपी एवं मिस्टर चंदौली बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चंदौली बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन व देवता एकेडमी इंग्लिश स्कूल के सहयोग से बखरा साहूपुरी रविवार रात्रि में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ अनिल यादव और भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के द्वारा फीता काटकर राष्ट्रगान के साथ कर शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं युवा भारतीय मंच के अध्यक्ष प्रताप चौबे ने बताया कि 24 जिले से लगभग 230 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मिस्टर चंदौली के लिए 110 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वहीं मिस्टर यूपी के लिए 120 प्रतिभागियों ने अपने करतब को दिखलाया, जिसमें मिस्टर चंदौली रोहित श्रीवास्तव रहे जिनको 32 इंच टीवी इनाम बतौर दिया गया। वहीं मसल मैंनऑफ चंदौली 28 इंच टीवी इनाम बतौर दिया गया। आकर्षण का केंद्र बने रहे मिस्टर यूपी के खिताब बतौर दिए जाने वाले इनाम मोटरसाइकिल के लिए सभी प्रतिभागियों ने अपने दमखम को दिखलाया, जिसमें चंदौली के माटी के लाल प्रवीण यादव ने मिस्टर यूपी के खिताब पर कब्जा जमा कर मोटरसाइकिल हासिल किया तो वही मसल मैंन ऑफ मिस्टर यूपी का खिताब नवीन विश्वकर्मा वाराणसी के रहने वाले ने अपने हुनर एवं अपने फिजिक के बतौर फ्रिज पर कब्जा जमाया। निर्णायक की भूमिका में उत्तर प्रदेश बॉडीबिल्डिंग संगठन के पदाधिकारी ने निर्णायक की भूमिका में रहे जिससे खेल पारदर्शिता के साथ संपूर्ण हुआ। इसअवसर पर चंदौली बॉडीबिल्डिंगएवं फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष व युवा भारतीय मंच के संरक्षक सुनील यादव ने कहा कि आप सभी जिम के मालिकों को युवाओं को के मनोबल को बढ़ाने हेतु आप सभी को अपने तरफ से सहयोग भरपूर दें और जो चांपियनशिप आज आयोजित हुआ है वह आप सभी लोग चंदौली जिले में प्रत्येक वर्ष कराए जिससे कि जिम में ट्रेनिंग ले रहे जिले के प्रतिभागी उत्साहित होकर के और मेहनत करें।

### रेलवे स्टेशन पर आस्थावानों की उमड़ पड़ी भारी भीड़

**डीडीयू नगर।** महाकुंभ में अंतिम स्नान के पहले डीडीयू स्टेशन पर लाखों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए नियमित ट्रेनों के अलावा 34 स्पेशल ट्रेनें भेजी गई। वहीं प्रयागराज से डीडीयू स्टेशन पर 31 स्पेशल ट्रेनें आई। बावजूद इसके स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हुई। प्रयागराज महाकुंभ में स्नानार्थियों का जोश कम नहीं हो रहा है। रेलवे की ओर से सोमवार शाम तीन बजे तक प्रयागराज से डीडीयू के लिए 31 स्पेशल ट्रेनें आई। वहीं डीडीयू से प्रयागराज के लिए 34 स्पेशल ट्रेनें भेजी गई। वहीं बनास से चार आई और जबकि डीडीयू स्टेशन से बनारस के लिए दो स्पेशल ट्रेनें भेजी गई। इस तरह कुल 71 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेन पर सवार कराने में सीनियर डीसीएम सुधांशु रंजन, डीएमई मु इकबाल, स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, एसएस टू सीबी राय, सीएसजी एनके मिश्र, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जावेद अहमद, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अभिषेक यादव के साथ स्काउट गाइड की टीम लगी रही।

# मुख्य पुल अभियंता ने इंजीनियरिंग ब्रिज कारखाने का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** रेलवे बोर्ड सदस्य और मुख्य पुल अभियंता हाजीपुर के दिनेश कुमार ने प्लांट डिपो इंजीनियरिंग ब्रिज कारखाने का निरीक्षण किया। इसके पहले मुख्य कारखाना प्रबंधक वारिज नयन,बी डब्ल्यू शिव कान्त राय, अधिशासी इंजीनयर पीडी और राज कुमार दास, वरीय सेक्शन इंजीनियर संरचनाशाला (इंचार्ज) के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्य पुल अभियंता ने नवनिर्मित संरचनाशाला शेड (2) एवं प्रशासनिक भवन में उपस्थित कर्मचारियों को कारखाना के आधुनिकीकरण, विस्तार एवं मशीनीकरण और उपलब्धि के संबंध में संबोधित किया।

बताया कि वर्ष 2024-25 में पिछले 11 महीनों में अब तक 1965 मीट्रिक टन गर्डर का फैब्रिकेशन कार्य किया जा चुका है। जो पिछले वर्ष 2023-24 में 1255 मीट्रिक टन गर्डर के फैब्रिकेशन से 60 फीसदी अधिक है। साथ ही उत्पादन की प्रक्रिया को लगातार गति बनाये रखने के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2024-25 में अब तक 4235 मीट्रिक टन स्टील प्लेट, एंगल तथा अन्य स्टील सेक्शन को गहन मोनेटेरिंग के द्वारा मंगाया गया। जबकि वर्ष 2023-24 में 2135 मीट्रिक टनही मंगाया जा सका था।बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान प्लांट डिपो कारखाना के द्वारा कुल 132 करोड़ रुपए की डेबिट स्वीकृत करवा कर अब तक प्राप्त कर ली गयी है। जो कि एक रिकॉर्ड है। यह आय पिछले वर्ष 2023-24 में लगभग 27 करोड़ रुपए के आय से 400 फीसदी अधिक है।

अशोक कुमार राय, मुख्य पुल अभियंता, हाजीपुर ने सम्बोधन के दौरान मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा वर्णित मुद्दों को कारखाना के संदर्भ में तथ्यात्मक बताया। कारखाना के आधुनिकीकरण, विस्तार एवं मशीनीकरण में महत्वपूर्ण योगदान की भी चर्चा की।

# स्पोर्ट्स


चीन में एफआईएस फ्रीस्टाइल स्की विश्वकप में भाग लेते हुए टीम चाइना के चेन मेटिंग।

# भारत और न्यूजीलैंड चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचे

## पाकिस्तान और बांग्लादेश बाहर हुए



**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड की टीम ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कीवी टीम की जीत के साथ ही पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम टूनार्मेंट से बाहर हो गयी है। वहीं अपने दोनो मैच जीतने वाली भारतीय टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। भारत और न्यूजीलैंड की टीमों ने अब तक अपने ग्रुप में 2-2 मैच खेले और दोनों में जीत दर्ज की है। वहीं दूसरी और पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमों अपने दोनो ही मैच हारी हैं। इस प्रकार अंक तालिका के आधार पर ये दोनो ही टीमें बाहर हो गयी हैं। वहीं भारत और न्यजीलैंड ने पहले ओर दूसरे नंबर पर रहते हुए अंतिम चार में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया था. इसके बाद पाकिस्तान को भी 6 विकेट से हराया। कीवी टीम ने अपने पहले ही मैच में पाक को 60 रनों से हराया था। अब ग्रुप-ए में 2 मैच और खेले जाएंगे पर इन दोनो के परिणामों से कोई अंतर नहीं पड़ेगा। ग्रुप का अगला मैच पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 27 फरवरी को रावलपिंडी में जबकि ग्रुप का अंतिम मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच 2 मार्च को दुबई में होगा। वहीं न्यूजीलैंड-बांग्लादेश मैच की बात करें तो इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेशी टीम ने कप्तान नजमुल हुसैन शांतो के 77 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 236 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने रचिन रवींद्र के 112 रनों की सहायता से आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच में रचिन और टॉम लेथम के बीच 129 रनों की साझेदारी हुई। ग्रुप बी दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने एक एक मैच जीते हैं। इस प्रकार दोनों टीमें अंक तालिका में पहले और दूसरे नंबर पर हैं। वहीं इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमों शुरूआती मैचों में हारी है। ऐसे में अभी सेमीफाइनल के पक्के तौर पर कुछ तय नहीं हुआ है हालांकि अब तक दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल की दौड़ में सबसे आगे हैं।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की सुरक्षा पर उठे सवाल
## बांग्लादेश-न्यूजीलैंड मैच के दौरान मैदान में पहुंचा संदिग्ध आतंकी

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान में खेली जा रही आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का मामला सामने आया है। यहां सोमवार को हुए बांग्लादेश और न्यूजीलैंड मैच में एक संदिध व्यक्ति कीवी खिलाड़ी रचिन रविन्द्र तक पहुंच गया। इससे पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कड़ी सुरक्षा रखने के दावे की पोल खुल गयी है। पीसीबी की परेशानी इसलिए भी बढ़ गयी है क्योंकि स्टेडियम में जो व्यक्ति पहुंचा था। वह प्रतिबंधित पार्टी तहरीक ए लब्बैक का समर्थक निकला। इस घटना के बाद पीसीबी ने कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को और बढ़ाया जाएगा।



चैम्पियंस ट्रॉफी को निशाना बनाने की धमकी पहले ही आतंकियों ने दी है। अब जबकि पाक टीम टूनार्मेंट से बाहर हो गयी है। ऐसे में आतंकी किसी हमले को भी अंजाम दे सकते हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में अभी लगभग 10 मैच होने हैं। आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के प्रमुख अब्दुल कादिर मुमीम के भी अभी पाक में होने की बात सामने आयी है। हससे भी सुरक्षा बलों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार आईएसआईएस प्रमुख कादिर ने अपनी यात्रा में बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रोविंस के आतंकवादियों से भी मुलाकात पर अभी तक सुरक्षाबल उसे पकड़ नहीं पाये हैं।
बांग्लादेश सहित कई अन्य देशों की टीमें आजकल पाक में हैं। अभी तीन मैच रावलपिंडी में, तीन मैच लाहौर में और दो मैच कराची में खेले जाने हैं। ये भी खुलासा हुआ है कि चैम्पियंस ट्रॉफी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के निशाने पर हो सकती है। इसके बाद से ही सेना ने स्टेडियम के आसपास सुरक्षा घेरा और कड़ा कर दिया है।पाक में साल 2009 में श्रीलंकाई टीम की बस पर आतंकी हमला हुआ था। उस कारण खिलाड़ियों में डर का माहौल है।

## बॉलीवुड न्यूज

### मलयालम थ्रिलर 'फूटेज' का हिंदी संस्करण 7 मार्च को होगा रिलीज



**मुंबई ।** दुनियाभर में प्रशंसित फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने एक अनूठी और साहसिक सिनेमाई शैली को प्रस्तुत करने की पहल की है। वे मलयालम थ्रिलर फूटेज के हिंदी संस्करण को प्रस्तुत कर रहे हैं, जो 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म में प्रसिद्ध अभिनेत्री मंजू वारियर (थुनिवु, असुरन और लूसीफर) मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ विशाख नायर (आनंदम और इमरजेंसी) और गायत्री अशोक (मेंबर रमेशन) भी फिल्म में नजर आएंगे। यह फाउंड-फुटेज मिस्ट्री फिल्म पिछले साल केरल में रिलीज हुई थी और इसे जबरदस्त सराहना मिली थी। फूटेज का निर्देशन सैजू श्रीधरन ने किया है, जो राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म महेशिंते प्रतिकरम (2016) के साथ-साथ प्रशंसित फिल्मों कुंबलंगी नाइट्स (2019) और अन्वेषिप्पिन कंडेथुम (2024) में एडिटर के रूप में काम कर चुके हैं। अनुराग कश्यप ने फिल्म को लेकर कहा कि मैंने फूटेज का मलयालम संस्करण देखा और यह मेरे दिमाग में बस गया। यह फिल्म दिखाती है कि उन्होंने इतनी कठिन परिस्थितियों में इसे कैसे बनाया और कहानी को दो अलग-अलग दृष्टिकोणों से प्रस्तुत किया। यह देखना रोमांचक है कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के युवा फिल्ममेकर खुद को किसी एक शैली, स्टाइल या तकनीक तक सीमित नहीं कर रहे, बल्कि नए तरीके खोजकर कहानियों को प्रस्तुत कर रहे हैं। मुझे लगा कि हिंदी दर्शकों को भी इस फिल्म का अनुभव लेना चाहिए। मंजू वारियर ने बताया कि फूटेज पर काम करना एक टीमवर्क का बेहतरीन अनुभव था। उन्होंने कहा, फाउंड-फुटेज फॉर्मेट ने फिल्म को किरदारों की खुद की रिकॉर्डिंग्स के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिससे यह अनुभव और भी अनोखा और प्रभावशाली बन गया। यह बेहद चुनौतीपूर्ण और रोमांचक था। निर्देशक सैजू श्रीधरन ने कहा कि इस फाउंड-फुटेज फिल्म को बनाना पूरी टीम के लिए एक उपलब्धि थी और उन्होंने अनुराग कश्यप का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस फिल्म का समर्थन किया। विशाख नायर ने बताया कि फिल्म की पूरी टीम ने बिना किसी सुरक्षा कवच के, पूरी मेहनत और जुनून के साथह्र इसे बनाया है। गायत्री अशोक ने बताया कि दक्षिण भारत में इस फिल्म को बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और अब उन्हें यकीन है कि एक बड़ा दर्शक वर्ग भी इस फिल्म को उतना ही पसंद करेगा। यह फिल्म कोविड-19 के पहले, दौरान और बाद की घटनाओं को जोड़ते हुए एक रहस्यमयी कथा प्रस्तुत करती है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब अनुराग कश्यप ने हाल ही में नतेश हेगड़े की कन्नड़ फिल्म टाइगर्स पोंड (वगचिपानी) को भी प्रस्तुत किया था, जो इस महीने बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली पहली कन्नड़ भाषा की फिल्म बनी।फूटेज को मूवी बकेट ने निर्मित किया है। फिल्म के हिंदी संस्करण को सिनेपोलिस के साथ रिलीज किया जा रहा है, जबकि इसके वितरण की जिम्मेदारी फ्लिप फिल्म्स ने ली है। फ्लिप फिल्म्स हाल ही में टाइगर्स पोंड को समर्थन दे चुका है और इससे पहले कस्तूरी और ईब आले ऊ जैसी चर्चित फिल्मों का भी वितरण कर चुका है।

### कलाकारों ने कहा, त्योहार से कहीं बढ़कर है महाशिवरात्रि




**मुंबई ।** महाशिवरात्रि पर सोनी सब के प्रतिभाशाली कलाकारों-कृष्णा भारद्वाज, प्रियंवदा कांत, आरव चौधरी, माहिर पांधी और सायली सालुंखे ने अपने जीवन में इस शुभ दिन के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इन कलाकारों के लिए महाशिवरात्रि किसी त्योहार से कहीं बढ़कर है; यह भक्ति करने और कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है। उपवास करने और पारंपरिक रिवाजों को पालन करने से लेकर भगवान शिव की दिव्य शिक्षाओं से प्रेरणा लेने तक, उनमें से हर कोई इस अवसर की भावना को अनोखे तरीके से अपनाता है। वे इस बात पर भी विचार करते हैं कि यह पवित्र रात कैसे उनके विश्वास को मजबूत करती है, और उन्हें अंदरूनी शांति और सद्भाव के करीब लाती है। तेनाली रामा में तेनाली राम की भूमिका निभाने वाले कृष्णा भारद्वाज ने कहा, ह्लशिवरात्रि उन सबसे बड़े त्योहारों में से एक है, जिसे हम पूरे परिवार के साथ मनाते हैं। मैं बचपन से ही शिवरात्रि का व्रत करता आ रहा हूं। यह शिवरात्रि और भी खास है क्योंकि मेरे माता-पिता भी मेरे साथ मुंबई में हैं। इसलिए मेरी मां व्रत के लिए सभी मारवाड़ी व्यंजन बनाने वाली हैं, और मैं उनका स्वाद चखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। वीर हनुमान में केसरी की भूमिका निभाने वाले आरव चौधरी ने कहा, ह्लमैं काफी आध्यात्मिक व्यक्ति हूं, इसलिए महाशिवरात्रि की मेरे दिल में बहुत खास जगह है। मैं हर साल बड़ी श्रद्धा से शिव जी की पूजा करता हूं। पूजा के दौरान शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, धतूरा, चंदन और फल चढ़ाता हूं। मंत्रों का जाप करने और दीया जलाने की पूरी प्रक्रिया से एक गहरा शांत और दिव्य माहौल बन जाता है। मेरे लिए, यह रिवाज केवल परंपरा के बारे में नहीं है बल्कि आंतरिक शांति पाने और कृतज्ञता व्यक्त करने के बारे में भी है। वीर हनुमान में अंजनी की भूमिका निभाने वाली सायली सालुंखे ने कहा, ह्लमहा शिवरात्रि को ध्यान करने के लिए बेहद शुभ माना जाता है, और मैं हर साल उपवास करना सुनिश्चित करती हूं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन सच्चे दिल से भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों को जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष पाने में मदद मिलती है। मेरी कामना है कि इस शुभ दिन पर शिव जी हम सभी को आशीर्वाद दें।

## संक्षेप

### नाई समाज ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**चंदौली।** बीते दिनों छात्र युवराज शर्मा की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने सदर कोतवाल को पत्रक सौंपा। मांग किया कि वाहन चालक को गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। चेताया कि यदि अविलंब कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। बीते 19 फरवरी को केशवपुर कुचमन स्थित गोल्डन फ्यूचर एकेडमी के छात्र युवराज शर्मा की गौवंश की तस्करी करने वाले पिकअप वाहन से कुचलने के कारण मौत हो गई थी। इंद्रजीत शर्मा, घनश्याम प्रसाद, श्यामलाल बिंद, अवधेश शर्मा आदि ग्रामीण शामिल थे। आपको बता दें कि सदर कोतवाली के सेवखर गांव निवासी राजेश शर्मा का पुत्र युवराज शर्मा(8) केशवपुर गांव के पास एक पिकअप वाहन के चपेट में आ गया था। जिसके चलते बालक की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन को चिन्हित कर लिया था। इसके बाद मृतक के परिजनों ने भी वाहन स्वामी के खिलाफ तहरीर दिया। लेकिन अभी तक पुलिस के द्वारा वाहन स्वामी और चालक को गिरफ्तार नहीं किया गया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल इंद्रजीत शर्मा ने चालक को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की साथ ही पीड़ित परिवार को सहायता राशि दिलवाले की बात कहा। चेताया कि यदि अभिलंब सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रतिनिधि मंडल में इंद्रजीत शर्मा, घनश्याम प्रसाद, बसंत शर्मा, राजेंद्र शर्मा, बुलबुल सलमानी, श्यामलाल बिंद, विक्रम शर्मा, शिवानंद शर्मा, प्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, रंजीत शर्मा, अवधेश शर्मा, सतीश शर्मा, रणजीत शर्मा, गणेश शर्मा, मोहन शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, राजेश शर्मा शामिल रहे।

### जाम की समस्या को लेकर चुप्पी साधे अधिकारी

**सकलडीहा।** सकलडीहा में अधूरी पड़ी सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण को लेकर सुबह से शाम तक जाम की स्थिती हो जाती है। इससे आने जाने वाले राहगीर और महिलाओं को काफी परेशानी होती है। मंगलवार को दोपहर में सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर वाहनों के खड़ा होने के कारण जाम की स्थिती उत्पन्न हो गया था। इसके बाद भी स्थानीय विभागीय अधिकारी और कार्यदायी संस्था समस्या को लेकर अनजान रही। चंदौली से सैदपुर सड़क का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कराया जा रहा है। इस कार्य को इपको कंपनी के माध्यम से किया जा रहा है। आरोप है कि विभागीय कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मनमानी ढ़ग से नाला की खोदाई करने व सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिये जाने से मार्ग अवरूद्ध हो जाता था। आये दिन जाम की समस्या से लोग परेशान है। तहसील प्रशासन की ओर से कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर और एचआर को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि अनजान बने हुए है।

### धपरी विद्यालय पर धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**नियामताबाद।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय धपरी का वार्षिकोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया स खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार यादव और प्रधानाध्यापक ज्योति भूषण ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया स खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों के बीच शैक्षिक प्रतिभा को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोतागणों को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष नियामताबाद प्रवीण कुशवाहा,बबन, लल्लन राम,विनोद त्यागी,अजित यादव,,सुधा सिंह, राम अनुज,प्रेम प्रकाश त्यागी,संदीप सिंह, गोविंद तिवारी, जुबेर अहमद, वारिज लोचन उपस्थित रहे।

### प्रस्तावित काले कानून के खिलाफ रजिस्ट्री कार्यालय पर वकीलों ने लगाया ताला

**सकलडीहा।** केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तावित काले कानून को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को बार काउंसिल के आव्हान पर सकलडीहा संयुक्त बार के अधिवक्ताओं रजिस्ट्री सहित विभिन्न कार्यालयों को बंद कराते हुए विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सुबह से तहसील परिसर में केन्द्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। अंत में एसडीएम अनुपम मिश्रा को विधि एवं न्याय मंत्री के संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष कुबेरनाथ सिंह, बार अध्यक्ष अशोक यादव, शिवकुमार सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह रज्जू, शोभनाथ यादव, लालू शर्मा, सुभाष सिंह, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### वकीलों के विरोध से दस लाख का नुकसान

**सकलडीहा।** वकीलों के विरोध प्रदर्शन के कारण रजिस्ट्री कार्यालय बंद होने के कारण करीब 10 लाख का राजस्व का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही आम जनमानस अपने न्यायिक कार्य से वंचित रहे। यही नही किसी प्रकार का कार्य नहीं होने से ग्रामीण सहित छात्र तहसील में भटकते नजर आये।

### महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर हुआ भजन कीर्तन

**चहनियां।** कस्बा स्थित शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान मन्दिर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। लगातार कई दिनों तक तैयारी, साफ सफाई के बाद आज महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चहनियां स्थित शिव मंदिर पर भव्य ढंग से महाशिवरात्रि का आयोजन हो रहा है। बुधवार को महाशिवरात्रि से पूर्व मंगलवार को सुबह से ही भजन कीर्तन का आयोजन इनकेश बाबा,राकेश कुमार,काजू अन्य साथियों द्वारा राम चरित्र मानस, अखंड भजन, रामायण आदि प्रस्तुत किया जा रहा है।

# दर्शनार्थियों व बारातियों की सुरक्षा में जुटे डीएम एसपी

**सकलडीहा।** महाशिवरात्री पर चतुर्भुजपुर स्वंय भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर और सकलडीहा कस्बा के माहेश्वर मंदिर पर आस्थावानों की भीड़ जलाभिषेक के लिये उमड़ता है। इसके साथ ही दोनों जगह से शिव बारात निकाला जाता है। मंगलवार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम निखिल टी फूंडे और पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारियों को सुरक्षा के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही मंदिर से लेकर रेलवे क्रासिंग तक बैरियर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पर अधिकारियों से जानकारी लिया। इस मौके पर एसडीएम अनुपम मिश्रा सीओ रघुराज सहित कोतवाली पुलिस और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। महाशिवरात्री पर चतुर्भुजपुर में तीन दिवसीय विशाल मेला का आयोजन होता है। इसके अलावा स्वंय भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर में बिहार सहित कई जनपद के श्रद्धालु और शिवभक्त ब्रम्हमुर्हूत से ही जलाभिषेक के लिये लाइन में लग जाते है। महाशिवरात्री और शिवबारात को लेकर डीएम और एसपी मंदिर पर पहुंचकर बैरियर,सीसी कैमरा और ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही रेलवे क्रासिंग पर विशेष सुरक्षा के साथ कासन पर गाड़ियों को चलाने के बारे में रेलवे विभाग के अधिकारियों को बताया। हर हाल में सुरक्षा और शांति पूर्वक व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीएम अनुपम मिश्रा,तहसीलदार अजीत सिंह,सीओ रघुराज,कोतवाल हरिनारायण पटेल,राणा यादव, राजस्व निरीक्षक अजय बहादुर सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल और प्रधान अरविंद यादव मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी पर भड़के एसडीएम

**सकलडीहा।** महाशिवरात्री मेला को लेकर डीएम की ओर से पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई और एई को बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया। डीएम के सामने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने हामी भर लिया। डीएम के जाते ही पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई ने एक्सीईन का निर्देश मिलने पर कार्य करने को कहा। इतना सुनकर एसडीएम भड़क गये। विभागीय अधिकारियों से वार्ता के बाद बैरियर लगाने का कार्य शुरू होने पर राहत का सांस लिया।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

**नौगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस में मंगलवार को शिविरार्थियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र के आयोजन में बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन राजकीय महाविद्यालय सभागार में किया गया। प्राचार्य डॉ रमेश कुमार सिंह ने कहा कि जीवन अमूल्य है। जिसके लिए यातायात नियमों को अपनाने का आह्वान कर के सड़क पर सुरक्षित चलने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.कृष्ण कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा करके सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दिया। कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट व चार पहिया की डाईविंग के दौरान सीट बेल्ट लगाना एक दम आवश्यक है। वाहन को तेज गति से चलाने पर दुर्घटना की संभावना होती है, जो जीवन के लिए खतरनाक है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डा.रमेश चन्द्र असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.प्रियंका मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि आज, डीडीयू नगर में होंगे विविध कार्यक्रम

**डीडीयू नगर।** नगर सहित रेलवे के आरपीएफ कॉलोनी स्थित दीनदयालेश्वर महादेव मंदिर, मानस नगर, डीजल कालोनी, लाठ नंबर एक, दो पर महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर मंगलवार को चौबीस घंटे के लिए अखड़ हरिकीर्तन की शुरूआत हो गई। बुधवार को यहां से शिव बारात निकाली जाएगी। वहीं रात में शिव विवाह होगा। इसके पूर्व मंदिर के आस पास एक दिवसीय मेला भी लगेगा। आरपीएफ कॉलोनी में बैरक परिसर में स्थित शिव मंदिर पर प्रति वर्ष महाशिवरात्रि पर भव्य मेला लगता है। यहां पूजा अर्चना की तैयारी लंबे समय से चल रही थी। मंदिर की रंगाई पुताई बाद विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंगलवार को मंदिर के पूजारी सुमंत तिवारी की देख रेख में प्रथम पूज्य गणेश, भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीराम दरबार और पवन पुत्र हनुमान की विधि विधान से पूजा की गई। कलश स्थापित कर दिन में 11 बजे चौबीस घंटे के लिए अखंड हरिकीर्तन की शुरूआत की गई। बुधवार को हरिकीर्तन की समाप्ति के बाद गाजे बाजे के साथ शिव बरात निकाली जाएगी। शिव बरात आरपीएफ कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी होते हुए पीडीडीयू जंक्शन के सामने प्राचीन मां काली मंदिर होते हुए वापस शिव मंदिर पर पहुंचेगा। रात में यहां भगवान शिव और माता पार्वती की शादी होगी। इसके पूर्व मंदिर के आस पास मेला लगेगा। इसकी तैयारी मंगलवार को होती रही। दुकानदारों ने चाट, पकौड़ी, जलेबी आदि की दुकानें सजा ली थी। इस मौके पर समिति के सरोज सिंह, अभय सिंह, अमरेंद्र सिंह, मोहम्मद आजीम, मनोज पांडेय आदि लगे रहे।

### चकिया में सात तालाबों की हुई निलामी

**चकिया।** तहसील सभागार में मंगलवार की दोपहर उपजिलाधिकारी दिव्या ओझा तहसीलदार और मत्स्य निरीक्षक की मौजूदगी में तहसील क्षेत्र के तालाबों की नीलामी की प्रक्रिया की गई। जहां 34 में से केवल 6 तालाबों की ही नीलामी संपन्न हुई। शेष तालाबों की नीलामी को स्थगित करते हुए आगामी 7 मार्च को कराने का निर्णय लिया गया। तहसीलदार सुरेश चंद शुक्ला ने बताया कि तहसील क्षेत्र के टोटल 34 तालाबों की नीलामी की प्रक्रिया की जानी थी। जिसमें मंगलवार को केवल सात तालाबों की नीलामी पूर्ण की गई। जिसमें लोहरपुरवा, रोहांख, लेहरा खास,उन्नी निंबी,देवतापुर, ददरा और मझगांवा गांव के तालाबों की नीलामी की गयी। माल्दह और बसाढ़ी गांव के दो तालाबों की नीलामी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। बताया आगामी 7 मार्च को शेष तालाबों की नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। नीलामी के दौरान नायब तहसीलदार आशुतोष राय, रजिस्टर कानूनगो लोकेश, लेखपाल अरविंद, दीपक, शैलेन्द्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## काशी बंग सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर चर्चा

जनसंदेश न्यूज

**नियामताबाद।** काशी बंग सम्मेलन का आयोजन ओंकार भवन, राजेन्द्र विहार कॉलोनी में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार व पश्चिम बंगाल के प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष डॉ सुकान्त मजूमदार रहे। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने उनका स्वागत किया। सम्मेलन में बच्चों ने अपनी प्रतिभाओ को नृत्य व गायन के माध्यम से प्रदर्शित किया।
इसी कड़ी में चंदन दास ने बताया कि वाराणसी में बंग समाज के लाखों लोग रहते है और विभिन्न विभिन्न नौकरी पेशे से जुड़े है और काशी में प्राचीन समय से वास करते है। तरुण मुखर्जी ने बंगाल की स्थिति सुधारने पर जोर दिया। इस कार्य मे काशी में रहने वाले लोगों का हमेशा सहयोग रहेगा। मंत्री सुकान्त मजूमदार ने कहा कि उनका काशी के जनता के साथ भावनात्मक लगाव है और हर समय उनके हर दुख कष्ट में उनके साथ रहेंगे। रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के बारे में जान कर कहा की यहाँ के उधमियों के अच्छे कार्यो की चर्चा दिल्ली तक है। उन्होंने काशी के बंग समाज के लोगो का सहयोग मांगा जिससे 2026 के चुनाव में भाजपा की जीत हो सके। कार्यक्रम में अजय राय, संजय लखवानी, जगनाथ घोष ,शंकर बोस, अमर बनर्जी, प्रणब सामन्त, प्रणब लाहा, एन जी चौटर्जी, अमित सिकदर, ऋतुपर्णा, आदित्य, संजय बनर्जी, रजत रॉय, रिकू बनर्जी, शम्पा राय, प्रदीप बनर्जी आदि सैकड़ो की संख्या में रहे।

## छात्रा ने शिक्षक पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** कस्बा के एक महाविद्यालय की छात्रा ने मंगलवार को अपने विद्यालय के शिक्षक पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। घटना को लेकर महाविद्यालय के दर्जनों छात्र सीओ कार्यालय और कोतवाली पहुंचकर घटना से पुलिस को अवगत कराते हुए तहरीर दिया है। कोतवाली पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच में जुट गयी है।
उधर कॉलेज प्रशासन ने आरोपों को निराधार बताते हुए छात्रों की साजिश बताया है। छात्रा ने आरोप लगाया कि कॉलेज के प्रोफेसर ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके साथ ही किसी से न कहने पर पैसे का लालच दिया। घटना की जानकारी होने पर छात्र लामबंद होगये। इसकी शिकायत करने प्राचार्य कक्ष पहुंचे। जिसके बाद छात्रों ने छात्रा के साथ सीओ कार्यालय और कोतवाली पहुंचकर प्रोफेसर के खिलाफ तहरीर दिया है। इस बाबत कालेज के प्राचार्य ने कहा कि यह सब एक साजिश के तहत कुछ छात्र नेता छात्रा को आगे कर राजनीति कर रहे है। क्योंकि तीन दिन पहले कुछ छात्रों के खिलाफ कालेज में अराजकता फैलाने को लेकर पुलिस से शिकायत दर्ज कराया गया था। इसी खुन्नस में यह आरोप जा रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा सुचिता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस बाबत सीओ रघुराज ने बताया कि छात्रा की ओर से लिखित तहरीर दिया गया है। मामले की जांच के बाद ही कोई कार्रवाई होगा।

### सड़क हादसे में बर्तन दुकानदार की मौत

**दुद्धी।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार गांव में मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे सामने से आ रही अनियंत्रित कार के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाइक सवार अपने बर्तन दुकान के लिए झारखंड के गढ़वा जिले से मार्केट करने के बाद अपने घर वापस हुआ था। विंढमगंज थाने क्षेत्र के फूलवार गांव में दुद्धी की ओर से जा रही अनियंत्रित का? ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार बुरी तरह से जख्मी हो गया। गांव के लोगों ने बाइक सवार पंकज कसेरा 28 पुत्र नागेंद्र प्रसाद कसेरा निवासी वार्ड 8 दुद्धी को हॉस्पिटल भेजने का प्रबंध किया तब तक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त घटना की सूचना मिलते ही विंढमगंज थानाध्यक्ष प्रमोद यादव ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक युवक पंकज कसेरा की शादी पिछले तीन साल पहले हुई थी। इसके कुल चार भाई एक बहन है। जिसमें सभी की शादी हो गई। तीसरे भाई पंकज कसेरा की मौत की खबर सुनते ही घर मे चीख पुकार मच गई।

### रिहंद जलाशय से बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर सीज

**बीजपुर।** जरहा वन रेंज क्षेत्र की नदियों से अबैध बालू खनन पहले की अपेक्षा तीनगुना रफ्तार से बढ़ गया है। खनन माफियाओं को न सरकार का डर है और नही पुलिस प्रशासन और खनन विभाग अथवा वन विभाग का भय रह गया है। खुलेआम नदियों से बालू खनन से करोड़ों रुपए महीना राजस्व चोरी कराई जा रही है।क्षेत्र के आधा दर्जन नदियों और रिहंद जलाशय के दो दर्जन खनन घाट से लगभग 80 से 85 ट्रैक्टर टीपर पूरी रात बालू खनन और परिवहन से ग्रामीणों की नींद हराम हो गयी हैं। जानकारी के अनुसार रेणुकोट बीजपुर सड़क मार्ग पर नेमना तथा जरहा में निमार्णाधीन पुल में स्थानीय नदियों से खुलेआम बालू का उपयोग कर गुडवक्ता विहीन पुल निर्माण कर सरकार के राजस्व को जम कर चुना लगाया जा रहा है। रेंजर आर के मौर्या ने बताया कि कई दिन से खनन की शिकायत मिल रही थी तो वन विभाग की टीम गठित कर छापा मारी की गई तो सोमवार की रात रिहंद जलाशय से बालू लोड कर बाजनडीह की ओर से आ रहा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया।



भगवान शिव परिवार की चौकिया धाम में मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जिसके मुख्य यजमान शीतला धाम चौकिया मंदिर के महन्त विवेकानंद पंडा व उनकी पत्नी पूनम रहीं। इस मौके पर महिलाएं व पुरुष भगवान शंकर व पार्वती के गाने पर खूब झूमे।

# जौनपुर



# ट्रेलर की टक्कर में खलासी की मौत, ड्राइवर गम्भीर

जनसंदेश टाइम्स

**जफराबाद।** क्षेत्र के महरूपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की मध्यरात्रि में रोड पर चल रहे ट्रेलर की दूसरे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर हो गयी जिसमे ड्राइवर और खलासी दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पीआरवी वैन से सिपाहियों द्वारा घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया गया जहां खलासी को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और ड्राइवर का इलाज जारी है।

सोमवार की रात डेढ़ बजे महरूपुर गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रहा एक ट्रेलर अपने से आगे चल रहे ट्रेलर को धक्का मार दिया। ट्रेलर चालक द्वारा बताया गया कि आगे के ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगाने से उसका ट्रेलर उसके ट्रेलर से टकरा गया। दुर्घटना के बाद ड्राइवर जहां ट्रेलर से बाहर निकल आया वहीं खलासी काफी देर तक केबिन में फंसा रहा।

रात्रि में गश्त कर रही पीआरवी वैन के सिपाहियों द्वारा चालक और खलासी दोनो के जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजवाया गया जहां डाक्टरों ने खलासी शेर बहादुर यादव 38 पुत्र जिलाजीत यादव निवासी कटघरा थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर को मृत घोषित कर दिया साथ ही चालक मुकेश 35 पुत्र पारस यादव निवासी नागनाथपुर हसरो थाना करौदी कला जनपद सुल्तानपुर का इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि चालक एवं खलासी के परिजनो तथा वाहन स्वामी को सूचना दे दी गयी है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### स्कूल बस के धक्के से बाइक सवार दो घायल

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के मुफ्तीगंज बाजार में पूर्वी छोर पर स्कूल बस और बाइक में टक्कर हो गयी जिसमें दो लोग बुरी तरह घायल हो गये जिन्हें ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि थाना चोलापुर क्षेत्र के चोलापुर गांव निवासी अमरनाथ पुत्र जगधारी 50 वर्ष, अजय कुमार पुत्र स्व. रामाश्रय 22 वर्ष ग्राम बरथरा खुर्द थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी व पंकज कुमार एक ही बाइक से तीनों लोग आ रहे थे। स्कूल बस केराकत की तरफ जा रही थी। मंगलवार की सुबह बाइक में धक्का मारते हुए निकल गयी। सूचना पर चौकी प्रभारी युगल किशोर पहुंचे और घायल अमरनाथ व अजय कुमार को जिला चिकित्सालय लेकर गये जहां डाक्टरों ने हालत नाजुक देख उन्हें ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। बाइक चला रहे पंकज कुमार को हल्की चोट आयी है।

## डीसीएम को ओवरटेक करते समय कार की हुई टक्कर

जनसंदेश टाइम्स

हादसा

### चार तीर्थयात्री घायल, एक गंभीर

**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे स्थित बाईपास मार्ग पर वाहन को ओवरटेक करते समय कार की टक्कर हो गई जिससे कार में सवार चार तीर्थयात्री घायल हो गए, जिसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

जनपद महाराजगंज के थाना कोथवारा क्षेत्र के बगही गांव निवासी मंदीप अपने परिवार के तीन और सदस्यों को साथ लेकर अपनी कार से आजमगढ़ होते हुए प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए आ रहा था। रात के ठीक साढ़े 12 बजे कार जैसे ही जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे स्थित बाईपास मार्ग के लीलहा मोड़ के पास पहुची तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात डीसीएम से ओवरटेक करते समय कार की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही चीख पुकार मच गई। कार में सवार संजय यादव (25) सरोजा देवी (30) संगीता (26) एवं कार चालक मंदीप कुमार (30) घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों की सूचना पर खुद थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए।

थाना प्रभारी ने 108 एम्बुलेंस से चारों घायलों को सीएचसी चोरसंडे भेजवाया जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चारों घायलों को भर्ती कर इलाज चल रहा। वहीं सरोजा देवी की हालत नाजुक बनी हुई है। अज्ञात डीसीएम चालक दुर्घटना के बाद वहां से फरार हो गया।

## 16वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**खेतासराय।** सिटी नर्सिंग होम शाहगंज द्वारा 16वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के निःशुल्क शिविर आमजन के लिए बेहद लाभकारी होते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सैय्यदा हुमैरा बानो, जनरल फिजिशियन डॉ. शेख मोहम्मद तारिक समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र जांच, हड्डी रोग, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। इसके अलावा मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शेख बदरुद्दीन आजमी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। आयोजनकर्ता डॉ. शेख मोहम्मद तारिक ने शिविर 11 बजे से शुभारंभ हुआ शाम तक चलता रहा, जिसमें लगभग 379 मरीजों का उपचार हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, डॉक्टरों की टीम और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा देने गयी छात्रा को भगा ले गया किशोर

**जफराबाद।** हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिये कालेज आयी किशोरी को एक 14 वर्षीय किशोर भगा ले गया। लड़की के परिजन ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले के खोजबीन में लग गयी है। नगर पंचायत कजगांव के राजेपुर वार्ड निवासी सजंय गुप्ता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी पुत्री महक गुप्ता सोमवार की सुबह घर से परीक्षा देने के लिए श्रीराम निरंजन इंटर कालेज गयी थी। परीक्षा खत्म होने के बाद भी वह घर नहीं आई। शाम तक काफी खोजबीन हुई लेकिन उसका पता नहीं चला। छानबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दिया। सजंय गुप्ता ने तहरीर देकर माधोपट्टी मोछअम्बा रामपुर गांव के सचिन प्रजापति पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। एसआई धनुषधारी पाण्डेय ने बताया कि आरोपी युवक कक्षा नौ का छात्र है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। छात्रा की खोजबीन की जा रही है।

# युवाओं की एकता ही राष्ट्र की उन्नति : हेमंत

विशेष शिविर

### मोहम्मद हसन के एनएसएस छात्रों ने निकाली रैली

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को एनएसएस के छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। अतिथियों ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि मान्यता प्राप्त समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने स्वास्थ्य जागरूकता और मानसिक सशक्तिकरण पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारत राष्ट्र की एकता और अखंडता हमें मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों को देशसेवा के प्रति निष्ठावान बनने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. कमर अब्बास ने गंभीर बीमारियों से बचाव पर जोर दिया। डॉ. हैदर अब्बास एवं डॉ. अंबर खान ने अलग-अलग बीमारियों के बचाव के प्रति जागरूक किया एवं उन्होंने तनाव से दूर रहकर शिक्षा प्राप्त करने की वकालत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमपी सिंह ने की। कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें समाज में जागरूकता फैलाने, असहायों की मदद करने और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वांचल विश्वविद्यालय कार्य समिति के सदस्य डॉ. जगदीश दीक्षित और प्रो. नलिन कुमार मिश्र ने छात्राओं को टिप्स दिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संचालन अहमद अब्बास खान ने किया। राकेश कुमार बिंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डालिम्स सनबीम डायरेक्टर जरिया, प्रधान जगदंबा प्रसाद वर्मा, डीएलएड प्रभारी आरपी सिंह, डॉ. जीवन यादव, डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. प्रेमलता गिरी, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, प्रवीण यादव, सुमित सिंह, हर्ष, खुशी अन्य स्वयंसेवक एवं सेविकाए उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से छात्रों का बढ़ता है उत्साह : बीएसए




**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरैया में मंगलवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दिया।

मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय सरैयां में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरख नाथ पटेल ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बीएसए के सामने विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक गुणवत्ता के विषयों पर एक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दिया। बीएसए डॉ. गोरख नाथ पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के भौतिक परिवेश और शैक्षिक वातावरण कान्वेंट स्कूलों से बहुत आगे है। ऐसे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के आयोजन से छात्रों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने से उनके प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन होता है तथा उनका उत्साह वर्धन भी बढ़ता है। उन्होंने दस छात्रों को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता राय ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर एबीएसए राजेश कुमार वैश्य, एसआरजी कमलेश यादव, महेंद्र यादव, सुनीता त्रिपाठी, सविता सरोज, दुर्गेश राय आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**सुइथाकला।** साल भर पूर्व क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला दुराचार का आरोपी मंगलवार को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद मामले में चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए पुलिस अन्य विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बतौर पुलिस मुकदमा अपराध संख्या15/2024 धारा 363/366/376/120इ भादवि व 5छ/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित आरोपी बसौली गांव निवासी सन्तोष कुमार 26 पुत्र लालचंद मंगलवार को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। मामला साल भर पहले का बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का स्थानीय सीएचसी पर चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रमा पाण्डेय व हमराह हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र गिरी शामिल रहे।

## अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में न्यायालयों में जड़ा ताला




**मछलीशहर।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर तहसील अधिवक्ताओं ने मंगलवार को जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील गेट बंद कर उपनिबंधक कार्यालय सहित सभी कार्यालयों, न्यायालयों में ताला बंद कराते हुए सभी कार्य ठप्प करा दिया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने मांग किया कि अधिवक्ता एवं उसके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू किया जाय। अधिवक्ताओं का 10 लाख मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाय। अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाएं। एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त किया जाय। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हुबेदार पटेल, महामंत्री नन्दलाल यादव, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, दिनेश चंद्र सिन्हा, नागेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, विनय पांडेय, बाबू राम, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, राजकुमार पटवा सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में प्रदर्शन



**शाहगंज।** तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को अधिवक्ता समिति द्वारा संसोधन बिल के विरुद्ध उग्र प्रदर्शन किया गया। अधिवक्ताओं ने तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कानून मंत्री मुर्दाबाद के नारे बुलंद किये गये। काला कानून वापस लेने की मांग कर तहसील परिसर में प्रदर्शन हुआ।

अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में भ्रमण करते हुए उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी व उपनिबंधन कार्यालय के सामने खड़े होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं का कहना है कि संशोधित नए कानून से अधिवक्ताओं को इससे काफी हानि पहुंचेगी। अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर अधिवक्ताओं ने हमेशा से सरकारों से वर्तमान सरकार हो या पूर्व सरकार सभी से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर मांग करते रहे। बावजूद इसके अधिवक्ताओं ने कहा कि इस नए कानून को पारित करने से यदि अधिवक्ता एक्ट में जोड़ दिया जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता अधिवक्ता समिति अध्यक्ष भूलेंद्र यादव, महामंत्री डा. दुर्गा प्रसाद ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, रामजी चौरसिया, महंत देव यादव, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अमरनाथ सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया रोजगार दिलाने में सहायक : डॉ. दिग्विजय

आयोजन

### केंद्रीय प्रशिक्षण व प्लेसमेंट सेल ने आयोजित किया विशेष व्याख्यान

जनसंदेश टाइम्स



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए रोजगार और सोशल मीडिया पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया के प्रयोग एवं रोजगार के लिए उसके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की।

विशेष व्याख्यान में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि आज कल बहुत से नियोक्ता बेहतर लोगों की तलाश में सोशल मीडिया के मंचों का सहारा ले रहे है इसलिए सोशल मीडिया पर अपनी मजबूत प्रोफाइल बनाये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से रोजगार की तलाश करने वालों को संपर्क बनाने में काफी मदद मिलती है। इसके साथ ही बहुत सारी ऐसी प्रोफेशनल बातें सीखने को और जानने को मिलती है जो अन्य मंचों पर उपलब्ध नहीं होती। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में आपको रोजगार की तलाश करना है उससे जुड़े समूहों, कंपनियों से ऑनलाइन जुड़ाव करे। इसके साथ ही ऑनलाइन होने वाली गंभीर चर्चा में भी अपनी बात रखे। उन्होंने कहा कि अत्यधिक सोशल मीडिया के प्रयोग से आजकल गोपनीयता का भी संकट आ गया है। अनावश्यक सामग्रियों को सोशल मीडिया मंचों पर पोस्ट करने से बचना चाहिए। विशेष व्याख्यान में विद्यार्थियों को उन्होंने ऑनलाइन पोस्ट लेखन की तकनीकि से भी परिचित कराया। उन्होंने बताया की आजकल कॉर्पोरेट सेक्टर उमीदवारों की नियुक्ति के पहले उनके सोशल मीडिया की प्रोफाइल की अच्छे से पड़ताल करते है। कई बार पहले से किये गए सोशल मीडिया के पोस्ट से नौकरी नहीं मिल पाती। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सड़क पर बेहोशी की हालत में मिला युवक



**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर राजेपुर गांव के सामने सड़क पर एक युवक बेहोशी की हालत में मिला। प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस को सूचना देकर उसे अस्पताल भेजवाया। थाना क्षेत्र के जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे पर गोपालपुर राजेपुर गांव के पास मंगलवार को तड़के सुबह एक युवक बेहोशी की हालत में मिला जिस पर ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि को सूचना दिया। प्रधान प्रतिनिधि बुलेट सिंह मौके पर पहुंचे और थाने पर सूचना देते हुए उक्त बेहोश युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर पुलिस मौके पर गयी थी। उक्त युवक की जेब में भी कोई आधार कार्ड या कोई आईडी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि अभी भी वह युवक अस्पताल में बेहोशी की हालत में है। उसके पहचान की कोशिश की जा रही है।

### काला कारनामा करने वालों के लिए वरदान साबित हो रहा मास्क

**सुइथाकला।** जिस तरह से विज्ञान समाज और मानव जीवन के लिए वरदान और अभिशाप दोनों सिद्ध होता है, ठीक उसी प्रकार मौजूदा समय में मास्क की स्थिति बनती दिख रही है। करोना काल में संक्रमण से बचने के लिए सरकार और स्वास्थ्य महकमें द्वारा जारी दिशा निर्देश मानव जीवन के लिए जहां सुरक्षा कवच की भूमिका निभाने में कारगर साबित हुआ था, मौजूदा समय में यह काले कारनामों को अंजाम देने वाले अराजकतत्वों के लिए मुंह छुपाने का जरिया बन रहा है। मास्क की वजह से इनकी पहचान करने में लोगों को काफी मशक्कत उठानी पड़ रही है। ताजा मामला सोमवार को क्षेत्र के रामनगर बाजार में देखने को मिला जहां स्वर्ण व्यवसाई की दुकान से दो सोने की चेन उड़ाकर तकरीबन नब्बे हजार के आसपास चूना लगाने वालों के बारे में बताया जा रहा है। बताते हैं कि उचक्के मुंह पर मास्क लगाए हुए थे। शुक्रवार को सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार में जंगीपुर निवासी सब्जी विक्रेता ओमप्रकाश विंद पर जानलेवा हमला करने वाले हमलावर भी मुंह बांधने की वजह से पहचान में आने से बच निकले। इस बारे में जब लोगों की प्रतिक्रिया जानने का प्रयास किया गया तो लोगों का कहना था कि भले ही मास्क संक्रमण से बचने का उपयुक्त साधन है, लेकिन इसके जरिए अराजकतत्व अपनी पहचान छुपाने में सफल हो जा रहे हैं। बाजारों, कस्बों में लगी तीसरी आंख (सीसी टीवी कैमरों) से भी यह लोग बच निकल जाते हैं। लोगों का मानना है कि सबसे अधिक चलन आजकल युवाओं में देखने को मिल रहा है, जो अनावश्यक रूप से मास्क लगाए इधर से उधर टहलते पाए जाते हैं। जिम्मेदारानों को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

### हरकत में आया विद्युत विभाग, रात में लगवाया गया पोल



**जफराबाद।** नगर पंचायत कजगांव के सलखापुर मार्ग पर कई वर्षों से मौत को दावत दे रहा विद्युत पोल के प्रति विभागीय सभी जिम्मेदार लोग पूरी तरह से बेखबर थे। जैसे ही विद्युत पोल की खबर को जब प्रमुखता से प्रकाशित किया गया तो विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया और कुम्भकर्णी निद्रा में सो रहे विभागीय लोगों की नींद ऐसी खुली की खबर चलते ही वर्षों से खराब विद्युत पोल को रातों-रात लगवा दिया गया।

### स्मार्ट मीटर सर्वेक्षण को लेकर चेयरमैन और व्यापार मंडल अध्यक्ष ने जताई आपत्ति

**मुंगराबादशाहपुर।** विद्युत विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र में मंगलवार से शुरू किए गए स्मार्ट मीटर सर्वेक्षण को लेकर चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य व व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने आपत्ति दर्ज कराते हुए स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया है।नपा चेयरमैन कपिल मुनि उमरवैश्य व व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि तत्काल स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया को रोका जाना चाहिए। पहले जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय के बाद ही नगरीय क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना चाहिए। विद्युत विभाग गरीब उपभोक्ताओं पर कुठाराघात करने की तैयारी कर रहा है जो कहीं से भी उचित नहीं है। विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शासनादेश के विपरीत बगैर जिला एवं तहसील मुख्यालयों को संतृप्त किये ही नगर क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है जो कि अनुचित है। नगर क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा जगह जगह स्मार्ट मीटर सर्वेक्षण का विरोध किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्त ने आपात बैठक बुलाकर अगली रणनीति बनाने की योजना को मूर्त रूप दिये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर एसडीओ विद्युत आलोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने हेतु सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया है। लेकिन व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। विधुत उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि स्मार्ट मीटर सर्वेक्षण को रोका नहीं गया तो आगे भी कार्यवाही के लिए रणनीति बनाने को विवश होंगे।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 संतोष कुमार सिंह हमराह के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-42/2025 धारा 304(2) बीएनएस से संबंधित नामजद/वांछित अभियुक्त विकास सिंह पुत्र विनोद सिंह ग्राम आलमगंज थाना रामपुर को मुखविर की सूचना पर मठिया तिराहे से गिरफ्तार किया। पास में खड़ी मोटर साइकिल जिसका कागजात मांगने पर दिखा नहीं सका। गिरफ्तार व्यक्ति से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अज्ञात व्यक्ति के बारे मे पूछा गया तो बताया कि घटना के समय मेरे साथ जितेन्द्र सिंह पुत्र लल्लन सिंह ग्राम आलमगंज थाना बरसठी था जो मेरी मोटर साइकिल को चला रहा था तथा मैं पीछे बैठा था। मैने झपट्टा मारकर महिला के गले से सोने की चेन लेकर भाग गये जिसे मैने बेचने के लिये जितेन्द्र सिंह को दे दिया चेन उसी के पास है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चालान संबंधित न्यायालय भेज दिया।

### पंच शिवाला मंदिर में डॉक्टर ने किया रुद्राभिषेक

**बदलापुर।** सरोखनपुर के प्रसिद्ध पंच शिवाला मंदिर में मंगलवार को एक खास रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसे एक प्रतिष्ठित डॉक्टर ने स्वयं किया। इस आयोजन में मंदिर के भक्तों और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। वही जेपी हास्पिटल की महिला सर्जन डाक्टर रीमा सिंह अपने सह परिवार के साथ रुद्राभिषेक के दौरान भगवान शिव की पूजा विधिपूर्वक की और मंदिर में शांति और समृद्धि की कामना की। सर्जन के पति डाक्टर गौरव सिंह ने कहा कि वह हमेशा धार्मिक कार्यों में भाग लेते हैं और यह उनके लिए आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण अनुभव है। उन्होंने यह भी बताया कि बुधवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर प्रबंधन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अच्छे से किया और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धालु इस आयोजन को लेकर बेहद खुश थे और उन्होंने डॉक्टर का आभार व्यक्त किया।

### व्यापारियों ने किया महासेल का उद्घाटन

**जलालपुर।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित जलालपुर बाजार में महासेल का उद्घाटन वरिष्ठ व्यापारी नंदू अग्रहरि एवं हाफिज अयूब खान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन के दौरान नंदू अग्रहरि ने कहा कि एजाज के द्वारा किया गया या प्रयास बहुत ही सराहनीय है जिसकी वजह से आज पूरा बाजार प्रगति की तरफ अग्रसर है। यह एजाज अहमद और उनकी पूरी भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की टीम बधाई के पात्र हैं जिन्होंने ऐसी सोच को लाकर मार्केट में खड़ा कर दिया जिससे सभी व्यापारियों और ग्राहकों दोनों का हित है। हाफिज अयूब ने कहा कि यकीनन यह एक सराहनी कदम है और संगठन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता सहित बधाई के पात्र हैं। उक्त अवसर पर डॉ. वंशराज आनन्द ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बहुआयामी विकास होता है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल संरक्षक एजाज अहमद ने कहा कि योजनाएं तो बहुत है जिससे व्यापार और समाज प्रगति कर सके बस जरूरत होती है साथ चलने की। अध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता ने सभी का अभिवादन किया। उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष वाजिद अली, संरक्षक रतन लाल मौर्या, संजय अग्रहरि, शंकर मोदनवाल, जलालुद्दीन, मो. मुस्तफा, गुरुचरण सोनकर, मोहम्मद इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने शिवबारात के रास्तों का किया निरीक्षण



**भदोही।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भदोही में बुधवार को निकलने वाले शिव बारात मार्ग व शिवालयों का पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, उपजिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार मिश्रा ने पैदल गस्त कर निरीक्षण किया। शिवबारात में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की समुचित सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ प्रबंधन के संबंध में शिवबारात निकालने वाले व्यवस्थापकगणों आदि से वार्ता कर पुलिस उच्चाधिकारीगण व कोतवाली प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अहमदगंज गजिया से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, एसडीएम शयममणि त्रिपाठी व सीओ अशोक मिश्रा व फोर्स के साथ पैदल गस्त करते हुए लिप्पन से अजीमुल्ला चौराहा, मेन रोड से मर्यादपट्टी स्थित हरि मंदिर तक गए। बुधवार को शिव बारात हरि मंदिर से ही निकल कर रजपुरा तक जाएगा। जिसका एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने अधीनस्थों के साथ पूरे मार्ग का निरीक्षण किया। व अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिवबारात के समय बड़ी गाड़ियों की नो इंट्री के साथ ही शहर में बारात के समय रूट डाइवर्जन भी रहेगा। निरीक्षण के दौरान कोतवाल अश्वनी त्रिपाठी, विनीत बरनवाल, भरत जायसवाल सहित नगर पालिका से सफाई निरीक्षक मिथलेश कुमार, विद्युत विभाग अवर अभियंता अरशद अंसारी आदि मौजूद रहे।

**जायजा**

**शहर में बारात के समय रूट डायवर्जन का दिया निर्देश**

# विवाह की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने बाबा को लगाया मेहंदी और हल्दी

**महाशिवरात्रि**

**महिलाओं ने मंगल गीत व भजन गाया**

**गोपीगंज।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व की पूर्व संध्या मे भगवान भोलेनाथ को महिलाओं ने मेहदी, हल्दी-तेल लगाने का रस्म निभाया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे के गाल पर हल्दी लगा कर खुशी का इजहार किया। ढोल-नगाड़े बजाकर बधाई गीत गाते हुए जमकर नृत्य किया।

भोलेनाथ के विवाह पर चल रहे चार दिवसीय रस्म के दौरान मंदिर के आसपास का पूरा इलाका भक्तिभाव में भरा नजर आया। गोपीगंज नगर स्थित अति प्राचीन मंदिर बाबा बड़े शिव धाम, बाबा गोपेश्वरनाथ में मंगलवार की रात भोलेनाथ का महिलाओं ने बड़े हर्षोल्लास के हल्दी चंदन का लेपन किया। बुधवार को बाबा धाम से शिव बारात की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए बाबा बड़े शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। हल्दी रस्म में शीला, चिंता, रत्ना, सोनी, माया, अनीता समेत दर्जनों महिलाएं शामिल रही। बड़ा चौराहा स्थित गोपेश्वरनाथ मंदिर में भी जुटी महिलाओं ने मंगल गीत व भजन के बीच हल्दी चंदन का लेपन कर मेहदी लगाया। इस मौके पर पार्वती, सीमा दुबे, गीता देवी व अन्य रही।

# दहेज के विरुद्ध छात्राओं ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में इनफोसिस द्वारा वित्त पोषित उन्नति फाउंडेशन द्वारा छात्र छात्राओं के कैरियर एवं व्यक्तित्व विकास हेतु 30 दिवसीय कोर्स का शुभारम्भ मंगलवार को किया गया।

जिसमें 50 छात्र छात्राओं नें रजिस्ट्रेशन कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद परवेज और आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. माया नें किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहें। महाविद्यालय के समाजशास्त्र के छात्राओं द्वारा गावों में दहेज के विरुद्ध अभियान चलाया गया है।

इसके अंतर्गत छात्राओं द्वारा न केवल ग्रामीणों को दहेज के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें शपथ भी दिलाया जा रहा है। इसके अतर्गत रामरायपुर, डूडवा , वैधमपुर, मलेथू, पूरे मुड़िया, जाहिदपुर, पीरखनपुर, गुलौरा, मोधो रामपुर आदि गावों में सोनी पटेल, अन्नू यादव, जुली यादव, वंदना राय, अनिशा पाल, बुसरा, अंजू यादव, आंचल यादव, प्रियंका, गरिमा आदि छात्राओं नें प्रतिभाग किया। अभियान की प्रभारी पूनम द्विवेदी, संयोजक डॉ सुजीत कुमार सिंह एवं संरक्षक प्रो शाहिद परवेज रहें।

# हाईवे पर चार पहिया वाहन की टक्कर से छात्रा घायल

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट ग्राम निवासी एक छात्रा मंगलवार की सुबह 9 बजे साइकिल से मछलीशहर कस्बे में स्थित कोचिंग पढ़ने जा रही थी। जैसे ही जलालाबाद गांव के पास पहुंची ही थी कि प्रयागराज की तरफ से आ रही चार पहिया गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। वाहन के धक्के से छात्रा साईकिल सहित उछलते हुए सड़क के किनारे खेत में गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे नाले में पलटकर पेड़ से टकरा गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा 19 वर्षीया नेहा पुत्री शिव शंकर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। चिकित्सकों ने छात्रा की स्थिति गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी बीच वाहन पर सवार चालक सहित चार लोग स्थानीय लोगों की भीड़ देखकर मौके से फरार हो गए। दुर्घटना के बाबत कोतवाल त्रिवेणी सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी। लोगों ने बताया कि चारों लोग महाकुंभ स्नान कर अपने घर वापस जा रहे थे और चालक को झपकी आने से दुर्घटना हुई।

# अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतर कर किया अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन



**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** अधिवक्ता शोषण काला कानून पर रोष व्यक्त करते हुए आल इंडिया बार एसोसिएशन के आह्वाहन पर मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व बार एसोसिएशन भदोही के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यो से विरत रहकर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया व उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को लिखित ज्ञापन भेजा और अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को वापस लेने की मांगी की। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन अधिनियम बिल को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। बार एसोसिएशन भदोही के अध्यक्ष सूर्य प्रताप द्विवेदी ने कहा कि पूरे देश के अधिवक्ता समाज के साथ अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 एक धोखा है। यह बिल अधिवक्ताओं के अधिकार का हनन करने वाला है।

केंद्र सरकार जबरन अधिवक्ताओं पर यह बिल लाकर शोषण का शिकार बनाने का कार्य कर रही है। अधिवक्ता समाज इसे कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को अधिवक्ता समाज सचेत कर रही है कि यदि वह इस बिल को अविलंब वापस नहीं ले रही तो उसके खिलाफ अधिवक्ता रजपुरा चौराहे पर चक्का जाम करेंगे और आर पार की लड़ाई को बाध्य होंगे।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से प्रदर्शन के दौरान पूर्व अध्यक्ष प्रसन्न मिश्रा, मोती लाल, सुभाष यादव, अमित पांडेय, आशीष दुबे, नंदलाल राय, सोभनाथ यादव, महेंद्र बिंद, गंगाराम यादव, कृपाशंकर मिश्रा, अशोक दुबे, रजनीश पाण्डे, लालधर पांडेय, सियाराम यादव, राजाराम सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय कराया बंद

**आक्रोश**

**बार काउंसिल के आह्वान पर नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में वकीलों का हुजूम पहुंचा कलेक्ट्रेट**

**कहा, काला कानून वापस न लेने पर सरकार के आर्थिक स्रोत करेंगे बंद**

**अधिवक्ताओं की बनाएंगे पार्टी, पूरे देश में लड़ेंगे चुनाव**



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर दीवानी बार के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव व मंत्री रण बहादुर यादव के नेतृत्व में अधिवक्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां कलेक्ट्रेट के अध्यक्ष घनश्याम सिंह व मंत्री मनोज मिश्रा व अन्य अधिवक्ताओं के साथ ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव कर दोनों कार्यालय बंद कराया और सरकार विरोधी नारेबाजी व प्रदर्शन किया। कहा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन अधिवक्ताओं के हितों व उनकी स्वतंत्रता पर हमला है। इस भयावह काले कानून के विरोध में पूरे देश के अधिवक्ता लामबंद व आंदोलित हैं। यदि काला कानून वापस नहीं हुआ तो सरकार के राजस्व के स्रोत आबकारी विभाग, ट्रेन, रोडवेज, आरटीओ को बंद कराएंगे। अधिवक्ताओं की एक पार्टी बनाई जाएगी जो पूरे देश में चुनाव लड़ेगी। विधानसभा और लोकसभा में हर जनपद में अधिवक्ताओं के लिए सीट सुरक्षित होनी चाहिए। सरकार को अपनी ताकत का एहसास दिलाएंगे। अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा और विधेयक सरकार को वापस लेना पड़ेगा। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग पूरी करने के बजाय अधिवक्ताओं पर काला कानून थोपा जा रहा है इसके गंभीर परिणाम होंगे।

आंदोलन में पूर्व अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह, सत्येंद्र बहादुर सिंह, ब्रजनाथ पाठक, समर बहादुर यादव, रमेश चंद्र उपाध्याय, हिमांशु श्रीवास्तव, जयप्रकाश कामरेड, ज्ञानेंद्र दुबे, मोहम्मद उस्मान, विनोद श्रीवास्तव, मंजीत कौर, रीता सरोज, सूर्यमणि पांडेय, शशांक दुबे, विवेक तिवारी, प्रवीण यादव, सत्येंद्र यादव, संदीप यादव, जरगाम अहसन, आशुतोष यादव, क्षितिज तिवारी, रामा यादव, विनय उपाध्याय, पंकज गौतम, अतुल श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

# वकीलों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध, कार्यालयों में की तालाबंदी



**केराकत।** अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन के प्रस्ताव विरोध में मंगलवार को अधिवक्ता संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राजमणि यादव एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने नगर में जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, न्यायालयों एवं रजिस्ट्री कार्यालय को पूर्ण रूप से बंद कराया।

जुलूस अशोक स्तंभ, कोतवाली केराकत चौराहे तक पहुंचा जहां प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ विरोध जताया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी न्यायालय के सामने सड़क पर बैठकर धरना दिया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नमःनाथ शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुबाषचंद्र सिंह, अनिल कुमार गांगुली, महामंत्री दिनेश पांडे, विनोद यादव, सुरेश कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने सरकार द्वारा लाए गए इस संशोधन को काला कानून बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

# बेसिक शिक्षा विभाग व टीम एडुस्टफ की एक सराहनीय पहल



**शिविर**

**जेसीज चौराहे पर श्रद्धालुओं के लिए की जलपान सेवा शिविर की शुरूआत**

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग तथा टीम एडुस्टफ के संयुक्त तत्वाधान में प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए टीम के स्वप्रेरित शिक्षकों ने एक सराहनीय पहल की है। टीम ने जेसीज चौराहे के पास जलपान सेवा शिविर की शुरूआत की है। एडुस्टफ उत्तर प्रदेश की संस्थापक प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से शिवरात्रि के स्नान पर्व के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगाया गया है। शिविर में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि देश के कोने कोने से महाकुंभ से काशी स्नान के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य बनता है।

इससे बड़ा कोई पुण्य हो ही नहीं सकता। सैकड़ों लोगों को पानी बिस्किट, केला आदि पिलाकर नम्रता पूर्वक हाथ जोड़कर अभिवादन कर आगे के लिए विदा किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि दूर दराज से आये श्रद्धालुओं में नाश्ता का वितरण किया जा रहा है। महाकुंभ में गंगा स्नान कर लौट रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को रोक रोककर उन्हें जलपान पश्चात गंतव्य हेतु विदा किया जा रहा है। विभाग के शिक्षक शिक्षिकाएं उत्साह से लगे हुए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा, राजू रिशित , विंध्यवासिनी त्रिपाठी, आनंद सिंह, संध्या सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, अंजना सिंह शुभाकांक्षा सिंह, सुधा श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, ओमला सिंह तथा राहुल यादव आदि उपस्थित थे।

# प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली

**आस्था**

**श्रद्धालु भक्त जनों ने घरों से की पुष्पवर्षा**

**जनसंदेश न्यूज**



**मुंगराबादशाहपुर।** प्राण प्रतिष्ठा कराने से पूर्व मंगलवार को नगर में भव्य शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। पूजा-अर्चना व वेद मंत्रोच्चार के साथ मंदिर गर्भ ग्रह में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।

पकड़ी गोदाम स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर पर पिछले एक सप्ताह से प्रभु हनुमान, भगवान शंकर जी के शिवलिंग समेत अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का धार्मिक आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रतिमाओं की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा मोहल्ला पकड़ी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर से शुभारंभ होकर मछलीशहर रोड से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हो गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे पीतांबर वस्त्र धारण कर रथ के आगे आगे सकीर्तन करते हुए चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रथ रोककर प्रभु हनुमान जी की आरती उतार कर आशीर्वाद लिया। महिलाएं घरों के छतों से पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा मंदिर में पहुंचने पर आचार्य पंडितों ने भगवान की प्रतिमाओं की विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करने के बाद प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस अवसर पर राजकुमार ऊमरवैश्य, मनोज जायसवाल, रवि ऊमरवैश्य, कन्हैयालाल, सदाशिव, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, जितेंद्र कुमार, पोपट, राजीव माली, नवल किशोर, जितेंद्र चौरसिया व अशोक कुमार आदि सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## संक्षेप

### हजरत बाबा इब्राहिम शहीद के आस्ताने पर कव्वालों ने बयां किया उनका मर्तबा



**गोपीगंज।** नगर मे हजरत बाबा इब्राहिम शहीद व इस्माइल शहीद के आस्ताने पर आयोजित उर्स के मौके हुए कौव्वाली मुकाबले मे रात भर जहां महफिल सजी रही। वहीं, गायक कलाकारो ने एक से बढ़ कर एक कलाम पेश किया, महफिल मे मौजूद शामयीन झूमते नजर आया। उर्स के मौके पर आयोजित कौव्वाली मुकाबले का शुभारंभ बालाजी टेक्सटाइल्स के प्रोपराइटर अनिल जायसवाल ने फीता काटकर किया। आयोजक अंजुमन गौसिया कमेटी ने मुख्य अतिथि सहित कौव्वाल शकील साज व कौव्वाला गुलनाज साबरी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रातःकाल तक चले मुकाबले मे दोनों गायक कलाकारो ने एक से बढ़ कर एक कलाम पेश किया। बाबा इब्राहिम शहीद व इस्माइल शहीद का मर्तबा बयां करते हुए कलाम पेश किया और अपने उम्दा कलाम व गजल से रात भर ऐसी महफिल सजाया कि श्रोता प्रातः काल काल तक जमे रहे। इस दौरान उत्तरी लेन पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था। मुख्य अतिथि के साथ अंजुमन गौशिया कमेटी के मोहम्मद हनीफ (लल्लू), भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर, दीपक मिश्रा, अफरोज अली, जमील जादूगर, अफसर अली सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### महिला ने मकान मालिक पर दर्ज कराया मुकदमा

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के सदर मोहाल वॉर्ड नंबर 21 गोपीगंज की निवासिनी नीतू गुप्ता पत्नी प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरे पति के ऊपर झूठा आरोप लगाकर कौलापूर निवासी मकान मालिक और उनकी पत्नी ने मेरा सिलाई मशीन, कटर मशीन, इनवर्टर, बैटरी, पंखा, कच्चा पक्का माल सहित लागत कुल दस लाख रुपए व पांच लाख के जेवर सहित गृहस्ती का सारा समान गत जुलाई माह में ताला तोड़कर अपने पास रख लिया। हमारे मांगने पर हमारा सामान नहीं दे रहे हैं और मार झगड़ा पर आमादा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

### मुकदमा उठाने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम आनापुर निवासी अनुपम तिवारी पुत्र स्व. राजेन्द्र नारायण तिवारी ने तहरीर देते हुए बताया कि गत 20 फरवरी को समय लगभग 5.30 शाम को हमारे गांव के सूरज तिवारी उम्र 28 वर्ष नीरज तिवारी उम्र 30 वर्ष पुत्रगण श्रीधर तिवारी निवासी आनापुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही हमारे दरवाजे पर आकर भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देते हुये धमकी देते हुये बोले कि जो मुकदमा हम लोगो पर पंजीकृत किये हो उसे उठा लो अन्यथा हम जान से मार देंगे। प्रार्थी घर पर मौजूद नही था। विपक्षीयो पर मु.अ.सं. 155/24 धारा 75 बीएनएस 7/8 पाक्सो मे मुकदमा पंजीकृत है। इसी को लेकर आये दिन धमकी दे रहे है। प्रार्थी के बच्चो का स्कूल पढ़ने लिखने आने जाने पर डर भय बना हुआ है। मौके पर डायल 112 को सूचित किया। डायल के मोके पर आने पर उपरोक्त विपक्षी मौके से भाग गये। प्रार्थी के परिवार को जान माल का खतरा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

### नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार



**भदोही।** गत 17 फरवरी को पीड़िता के पिता द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 06 वर्ष को आरोपी ने गलत नीयत से छूकर अश्लील हरकत किया है। सूचना पर तत्समय ही आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही व आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक भदोही के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी संदीप धीवर पुत्र महेंद्र धीवर निवासी परगासपुर थाना व जनपद जनपद भदोही उम्र करीब 35 वर्ष को सावलेपुर वरुणा नदी पुल के पास बगीचे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### डीएम ने गौरीशंकर धाम परिसर का किया निरीक्षण

**सुजानगंज।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा क्षेत्र के गौरी शंकर धाम में जाकर पूजा अर्चना की और महाशिवरात्रि के दृष्टिगत मन्दिर में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके दृष्टिगत तैयारियों का निरीक्षण किया गया है। मंदिरों तथा शिवालय में साफ सफाई होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध तरीके से दर्शन कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी श्रद्धालु आएंगे उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वांइट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**मछलीशहर।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष जीवन लाल अग्रहरि की अध्यक्षता में नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश को संदर्भित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल चार बार अध्यक्ष रहे और हमेशा समाज सेवा के साथ व्यापारियों की आवाज उठाते रहे हैं। उनके ऊपर 16 वर्ष पुराने जमीन क्रय विक्रय में फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज कर दिया गया। उनकी छवि धूमिल की जा रही है। इसके कारण नगर के व्यापारियों में व्यापक आक्रोश है। मांग की गई कि नगर पंचायत अध्यक्ष पर फर्जी मुकदमें की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित दोषियों के विरुद्ध दंडनीय कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर नगर उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक दिनेश चंद्र सिन्हा, कृष्ण कुमार उमर वैश्य, लाल बहादुर सेठ, अभय कुमार जायसवाल सहित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### काले कानून को लेकन अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**मड़ियाहूं।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधन बिल के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यमणि यादव एडवोकेट व महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी एडवोकेट की अध्यक्षता में तहसील परिसर से लेकर सड़क तक अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा तहसील स्थित अन्य कार्यालय को बंद करा दिया। तहसील परिसर में पूरे दिन भर कोई कामकाज नहीं हुआ यहां तक की एक भी रजिस्ट्री नहीं होने पानी। इस मौके पर कृष्ण कुमार सिंह, घनश्याम मिश्र, सुरेंद्र प्रताप सिंह, मोहनलाल यादव, राकेश गौतम, राधा कृष्ण शर्मा, देवेंद्र उपाध्याय, जैनेंद्र कुमार दुबे, अनिल कुमार शुक्ला, मंगला प्रसाद यादव, चंद्र मोहन मिश्रा सहित तमाम अधिवक्तागण काले कानून का विरोध किया।

### आगामी त्योहारों को लेकर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**नौपेड़वा।** बक्शा थाने में मंगलवार को थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों से आगामी त्योहार को देखते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि लाउडस्पीकर धीमी गति से बजाएं जिससे परिसर के बाहर आवाज न जाए किसी के क्षेत्र में होली रमजान अन्य किसी त्योहार में कोई समस्या हो तो पुलिस को अवगत कराएं। होलिका दहन स्थल व जलाने में कोई दिक्कत हो तो उसे भी पुलिस को अवगत कराएं अन्य कोई नयी परम्परा न शुरू करें। यदि शुरू करते हैं तो अनुमति जरूर ले। इस मौके पर मनोज सिंह बाबा, अभिनव सिंह, भोले नाथ सिंह, ज्योति यादव प्रधान, इन्तजार अहमद, मनोज यादव प्रधान, राजेश गौतम, मुरारी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।



# रात्रि के चारों प्रहर होगी भगवान शिव की पूजा

पूजा से मनोकामना होगी पूरी

महाशिवरात्रि पर होगा रात्रि जागरण

हर मदिरों में होगा श्रृंगार

**राधेश्याम कमल**

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर आज चारों प्रहर की पूजा होगी। इसके साथ ही रात्रि जागरण भी होगा। शिव की पूजा आराधना से हर किसी की मनोकामना पूरी होगी। महाशिवरात्रि पर हर मंदिरों में बाबा का श्रृंगार व अन्य आयोजन होगा। मच्छोदरी स्थित कामेश्वर महादेव मंदिर में शिवजी का विशेष श्रृंगार रखा गया है। इसके साथ ही त्रिलोचन महादेव मंदिर में भी भव्य श्रृंगार का आयोजन किया गया है। भारतीय संस्कृति के सनातन धर्म में हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन निशा बेला में भगवान शिव ज्योतिर्लिंक के रूप में अवतरित हुए थे।

जिसके फलस्वरूप महाशिवरात्रि का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जाता है। ब्रह्मा, विष्णु महेश त्रिदेवों में भगवान शिव सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के पालनहार, अकाल मृत्युहर्ता तथा सर्वसिद्धिदाता माने गये हैं। शिवपुराण के अनुसार प्रजापति दक्ष की कन्या सती का विवाह भगवान शिव से इसी दिन हुआ था। पं. विमल जैन के मुताबिक फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी बुधवार को सायंकाल 6.31 मिनट से 26 फरवरी बुधवार को सायं 5.24 मिनट तक रहेगा। चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्दशी तिथि महानिशीथ काल में रात्रि 11.48 मिनट से 12.38 तक रहेगी।

### रात्रि के चारों प्रहर में की गई पूजा से होती है मनोकामना पूरी

**प्रथम प्रहर**– भगवान शिव की दूध से अभिषेक करें व ॐ ह्री ईशान्य नमः मंत्र का जाप करें।

**द्वितीय प्रहर**– भगवान शिव का दही से अभिषेक करें। साथ ही ॐ ह्री वामदेवाय नमः मंत्र का जप करें।

**तृतीय प्रहर**– भगवान शिव का शुद्ध देशी घी से अभिषेक करें। साथ ही सध्योजाताय नमः का पाठ करें।

**चतुर्थ प्रहर**– भगवान शिव का शहद से अभिषेक करें। साथ ही सध्योजाता नमः मंत्र का जाप करें।

### शिव महिमा का करें पाठ

भगवान शिव की महिमा में शिव स्तुति, शिव सहस्त्रनाम,शिव महिम्नस्त्रोत,शिव तांडव स्त्रोत, रुद्राष्टक, शिव चालीसा, शिव पुराण आदि का पाठ करना चाहिए। शिव के प्रिय पंचाक्षर मंत्र ॐ नम :शिवाय का पाठ करना चाहिए।

### काशी में कहां है शिवालय

1 ओंकारेश्वर (पठानीटोली) 2– त्रिलोचन महादेव, 3– आदि महादेव, 4– कृतिवासेश्वर 5– रत्नेश्वर महादेव वृद्धकाल, 6–चन्द्रेश्वर सिद्धश्वरी, 7–केदारेश्वर केदारघाट, 8– धर्मेश्वर धर्मकूप, 9– वीरेश्वर सिंधियाघाट, 10–कामेश्वर महादेव मच्छोदरी, 11–विश्वकर्मेश्वर गोलगड्डा, 12–मणिकर्णेश्वर गोमठ, 13– अविमुक्तेश्वर, 14 विशेश्वर, 15 अमृतेश्वर, 16–तारकेश्वर, 17– ज्ञानेश्वर,18–करुणेश्वर,19– मोक्ष द्वारेश्वकर, 20– स्वर्ग द्वारेश्वकर, 21–ब्रह्मेश्वर, 22–लांगलीश्वर, 23–वृद्धकालेश्वर, 24–वृषेश्वर,25–चंडीश्वर, 26–नंदीकेश्वकर, 27–महेश्वर .28– ज्योति रुपेश्वर, 29–शैलेश्वर, 30–संगमेश्वर, 31– मध्यमेश्वर, 32–हिरण्यगर्भेश्वर, 33–महामृत्युंजय, 34–नागेश्वर, 35 त्रयम्बकेश्र महादेव, 36 बैद्यनाथ, समेत काफी शिवालय हैं।

## अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही प्रकृति




**कार्यशाला**

### यूपी कॉलेज में 'जलीय वन्यजीव संरक्षण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**वाराणसी।** उदय प्रताप कालेज के जंतु विज्ञान विभाग व भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजर्षि सेमिनार हॉल में 'जलीय वन्यजीव संरक्षण' विषय पर कार्यशाला का उद्घाटन उदय प्रताप शिक्षा समिति के सचिव न्यायमूर्ति एसके सिंह ने किया।

उन्होंने अपने कहा कि आज प्रकृति अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। इसके लिए मानवीय सभ्यता का असंयमित विकास मूल रूप से उत्तरदायी है, क्योंकि शहरी बस्तियों और औद्योगिक अपशिष्ट को सीधे गंगा जैसी पवित्र नदियों में बहाया जा रहा है। नदियों में फेंका गया प्लास्टिक मछलियों के माध्यम से पुनः मनुष्य के शरीर में पहुंच रहा है और गंगा आदि नदियों पर बांध बनाकर उनके स्वाभाविक बहाव को रोका जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि गंगा की सफाई के लिए 'गंगा एक्शन प्लान ' की शुरूआत 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तथा ' नमामि गंगे' मिशन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस महान उद्देश्य को लेकर की थी, वह पूरा होता हुआ नहीं दिखाई देता। इसलिए आज गंगा की सफाई के लिए एक बड़े सामाजिक अभियान की नितांत आवश्यकता है।

कार्यशाला में अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। उन्होंने ने अपने वक्तव्य में कहा कि गंगा जैसी नदियों के किनारे की अधिकांश मानवीय सभ्यताओं का विकास हुआ है इसलिए जीवित सभ्यताओं का अस्तित्व गंगा जैसी पवित्र नदियों के संरक्षण पर ही निर्भर है। कार्यशाला का संचालन प्रो. सुधीर कुमार राय ने व आभार डा. संजय श्रीवास्तव ने दिया। इस दौरान सचिव एसके सिंह द्वारा जन्तु विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल व फिश बायोलाजी लैब का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर प्रो. बनारसी मिश्र, प्रो. नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. शशिकांत द्विवेदी, प्रो. संत राम बरई, डा. डीडी सिंह, प्रो. गोरखनाथ, प्रो. पंकज कुमार सिंह, एके सिंह, डा. बृजेश कुमार सिन्हा, डा. अनुराग उपाध्याय, डा. सतीश प्रताप सिंह, डा. अश्विनी कुमार निगम, डा. विनय कुमार सिंह, डा. कीर्ति सिंह, हिमांशु सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# काशी का वह शिवालय जहां यमराज को भी माननी पड़ी थी हार, लौटना पड़ गया था खाली हाथ

**अभिषेक सेठ**

**वाराणसी।** काशी से 30 किमी दूर एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां काल की भी एक नहीं चलती। कालांतर में जहां से काल को भी खाली हाथ लौटना पड़ा था। वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर गंगा-गोमती संगम तट पर मार्कण्डेय महादेव का मंदिर स्थित है। द्वादश ज्योतिलिंगों के समकक्ष इस धाम की चर्चा श्री मार्कण्डेय पुराण में भी की गई है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, मृकंडु और उनकी पत्नी मरुदवती नाम का एक जोड़ा था। वे भगवान शिव के अनन्य भक्त थे और उनकी कोई संतान नहीं थी। उन्होंने भगवान शिव की पूजा करने का फैसला किया और एक दिन भगवान शिव उसकी आराधना से प्रसन्न हुए और दोनों को अपना दर्शन दिया। दंपति ने भगवान शिव से संतान प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। भगवान शिव ने कहा कि आपके वैवाहिक जीवन में संतान सुख नहीं है। किन्तु आपने मेरी पूजा की है, इसलिए आपके सामने दो विकल्प हैं। काशी का कण-कण शंकर है। यहां के रग-रग में महादेव हैं। काशी में अनंतकाल से हजारों शिवालय हैं। हर शिवालय का अपना एक विशेष महत्त्व है। कहते हैं न कि काशी एक ऐसा शहर है, जहां लोग जीने से ज्यादा मरने के लिए आते हैं। सदियों से मान्यता रही है कि काशी में मरने से मोक्ष मिलता है।

वाराणसी शहर से 30 किमी दूर एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां काल की भी एक नहीं चलती। कालांतर में जहां से काल को भी खाली हाथ लौटना पड़ा था। वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर गंगा-गोमती संगम तट पर मार्कण्डेय महादेव का मंदिर स्थित है। द्वादश ज्योतिलिंगों के समकक्ष इस धाम की चर्चा श्री मार्कण्डेय पुराण में भी की गई है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मृकंडु और उनकी पत्नी मरुदवती नाम का एक जोड़ा था। वे भगवान शिव के अनन्य भक्त थे और उनकी कोई संतान नहीं थी। उन्होंने भगवान शिव की पूजा करने का फैसला किया और एक दिन भगवान शिव उसकी आराधना से प्रसन्न हुए और दोनों को अपना दर्शन दिया। दंपति ने भगवान शिव से संतान प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। भगवान शिव ने कहा कि आपके वैवाहिक जीवन में संतान सुख नहीं है। किन्तु आपने मेरी पूजा की है, इसलिए आपके सामने दो विकल्प हैं।

पहला यह कि आपको एक पुत्र की प्राप्ति होगी जिसकी उम्र 100 वर्ष होगी या एक असाधारण पुत्र जिसकी उम्र केवल 12 वर्ष होगी अर्थात वह केवल 12 वर्ष तक जीवित रहेगा। दंपति ने भगवान शिव से 12 वर्ष की आयु वाले पुत्र की कामना की। कुछ समय बाद, मरुदवती ने एक पुत्र को जन्म दिया और उसका नाम ङ्कमार्कण्डेयङ्क (मृकंडु का पुत्र) रखा। यह असाधारण पुत्र बचपन में ही बहुत बुद्धिमान हो गया। वह हमेशा भगवान शिव की पूजा-



आराधना में लीन रहता था। जब मार्कण्डेय ने अपने जीवन के 12 वर्ष पूरे कर लिए, तब यमराज उन्हें लेने के लिए पृथ्वी पर आए। उस समय मार्कण्डेय गंगा-गोमती संगम तट पर भगवान शिव की पूजा कर रहे थे। जब यमराज ने उसे अपने साथ चलने को कहा, तो वह बहुत डर गया और भगवान शिव से उसकी रक्षा करने को कहा। जैसे ही यमराज ने अपनी रस्सी लड़के पर फेंकी भगवान शिव प्रकट हो गए। यमराज के कठोर व्यवहार से भगवान शिव बहुत क्रोधित हुए। भगवान शिव ने मार्कण्डेय की जान बचाई और उन्हें 12 वर्ष की आयु के बाद भी जीवित रहने का आशीर्वाद दिया। उस समय भगवान भोलेनाथ ने अपने परम भक्त मार्कण्डेय ऋषि से कहा कि आज से जो भी भक्त इस स्थान पर आएंगे, वह मेरे साथ मार्कण्डेय की भी पूजा करेंगे।

भगवान शिव ने मार्कण्डेय जी को अमरत्व का आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस स्थान पर तुम्हारा धाम होगा जिसमें तुम्हारा स्थान मुझसे ऊँचा होगा। भक्तगण पहले तुम्हारी पूजा करेंगे फिर मेरी। तभी से यह अष्टधाम मार्कण्डेय महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मार्कण्डेय महादेव धाम में आज भी पहले मार्कण्डेय जी जो गर्भ गृह में ताखे पर विराजमान हैं उनकी पूजा होती है फिर भगवान शिव की पूजा की जाती है। मार्कण्डेय महादेव मंदिर में हर साल महाशिवरात्रि के अलावा सावन माह में बड़ी संख्या में कांवरिया बाबा का जलाभिषेक करते हैं। धाम में नियमित रूप से रुद्राभिषेक, श्रृंगार और पूजा अर्चना के अतिरिक्त संतान प्राप्ति के लिए हरिवंश पुराण का श्रवण और स्वास्थ्य लाभ और दीर्घ जीवन के लिए महामृत्युंजय अनुष्ठान कराने का विशेष महत्व है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां दो दिवसीय मेला लगता है।

दूर-दराज से भक्तगण यहाँ अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। सावन मास में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरिया यहां पहुचते हैं। मान्यता है कि गंगा गोमती संगम स्थल से जल लेकर मार्कण्डेय महादेव जी को अर्पित करने से सर्व सुख की प्राप्ति होती है।भारत सरकार के संस्कृति विभाग व उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा इस धाम के विकास के लिए विगत वर्षों में कई प्रोजेक्ट के तहत सुंदरीकरण किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आने लगे हैं। कैथी घाट, मार्कण्डेय महादेव घाट पर बोटिंग, चिड़ियों को दाना खिलाने, तैराकी आदि का लुत्फ लेने वालों की संख्या में दिनोदिन इजाफा हो रहा है। पर्यटक परिजनों एवं बच्चों के साथ कैथी गंगा घाट से संगम घाट तक रिजर्व नाव द्वारा प्रवासी चिड़ियों को दाना खिलाते हुए गांगेय डॉल्फिन का भी अवलोकन करते हुए तैराकी का आनंद लेते हैं। युवाओं के समूह के लिए पिकनिक मनाने के लिए यह स्थान बहुत प्रचलित होता जा रहा है।

# संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष को तैयार

**बोले उमाशंकर पाठक**

### जिला कांग्रेस कमेटी के सभागार में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक



**बलिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के सभागार में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि वर्तमान सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान कर रही है। संविधान की महत्ता को समाप्त करने पर तुली हुई है। कहा कि सरकार यह भूल चुकी हैं कि हम कांग्रेसजन अंग्रेजों से लड़कर आजादी को हासिल किए हैं। उसे इतनी आसानी से समाप्त नहीं होने देंगे। हम अपने संविधान की रक्षा, बापू और बाबा साहेब के सम्मान की रक्षा लिए किसी भी तरह का संघर्ष करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर सुशील श्रीवास्तव, जनार्दन उपाध्याय, संतोष चौबे, राजेन्द्र चौधरी, उषा सिंह, अखिलेश कन्नौजिया, राजनरायण उपाध्याय, विरेश तिवारी, पुनीत पाठक, जैनेन्द्र पांडेय, रुपेश चौबे, अभिजीत तिवारी सत्यम, खजांची राय, सहाब अहमद, अहमद कमाल लड्डू, राशिद कमाल, फैजान अहमद, हीरा राम, पशुराम, अमरनाथ राम, अवधेश कुमार राम, विवेक ओझा, अंजनी चौबे, सुनील सिंह पप्पू, वीर बहादुर सिंह, पारस नाथ वर्मा, विजेन्द्र पाण्डेय मुखिया, अशोक कुमार मिश्रा, राजेन्द्र सिंह गामा, शेषनाथ, आशुतोष कुमार चौबे, राकेश कुमार उपाध्याय, अजय कुमार, दिनेश राजभर, प्रेमनाथ वर्मा, लल्लन प्रसाद, दिनेश सिंह, मनु, मयंक कुमार त्रिपाठी, श्रीप्रकाश मिश्रा, अनुभव तिवारी, फहद बिन शराफत, ममता देवी, सगेंश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। संचालन सत्यप्रकाश मुन्ना उपाध्याय ने किया।

### आगसा के धरना को मिला माकपा का समर्थन

बलिया। ऑल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय का अनिश्चितकालीन धरना एक माह से जारी है। वक्ताओं ने कहा कि गोंड जाति प्रमाण पत्र के मुद्दे को कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से लगायत विधायक संग्राम सिंह यादव, मो. रिजवी द्वारा प्रमुखता से विधानसभा में उठाया गया। बावजूद इसके जिलाधिकारी एवं तहसीलदार गण द्वारा इसका संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। कहा कि गोंड जाति प्रमाण पत्र के लिए



आनलाइन आवेदन करने पर लेखपाल एवं तहसीलदार द्वारा आवेदन अस्वीकृत कर दिया जा रहा है। मंगलवार को धरना स्थल पर पहुंच कर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव रामकृष्ण यादव एडवोकेट ने समर्थन किया। कहा कि शासनादेश का अनुपालन कराने के लिए धरना देना पड़े, यह वर्तमान सरकार का कैसा लोकतंत्र है? इस अवसर पर संजय गोंड, सूचित गोंड, शिवशंकर गोंड, अरविंद गोंड, अमित शाह, संतोष गोंड, भीम प्रसाद, अशोक गोंड, श्रीपति गोंड, मनोज शाह, श्याम नारायण गोंड, वंश नारायण गोंड, स्वामीनाथ गोंड, संतोष गोंड, श्रीभगवान गोंड, रविशंकर प्रसाद, वकील गोंड, अवधेश गोंड, रघुनाथ गोंड आदि मौजूद रहे।

### किसानों के खाते में पहुंची सम्मान निधि की धनराशि

**बलिया।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त सोमवार को किसानों के खाते में पहुंच गई। दो हजार रुपये पहुंचने का मैसेज खाते में आते ही किसानों के चेहरे खिल उठे। जिले में 4.55 लाख किसानों के खाते में 91 करोड़ की धनराशि पहुंची है। 18वीं किस्त में जिले के 3.26 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिला था। इस बार 1.29 लाख अधिक किसानों को इसका लाभ मिला है। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव समेत 17 ब्लाकों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें पीएम के वर्चुअल संदेश को किसानों ने सुना। योजना की शुरुआत वर्ष 2018 में रबी के सीजन में ही हुई थी। उस समय जिले में 4.50 लाख किसानों को 2–2 हजार रुपये प्रति किसान खाते में आया था। जांच में पंजीकृत 1. 24 लाख किसान योजना से बाहर हो गए थे। हर साल किसानों को 6000 रुपये मिलते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि पर कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव पर मुख्य कार्यक्रम हुआ। साथ ही 17 ब्लाकों पर पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण किसानों के बीच किया गया। इस दौरान किसानों को सम्मानित किया गया। सोहांव विज्ञान केंद्र पर भाजपा नेता हर्ष सिंह व उप निदेशक कृषि मनीष कुमार सिंह ने 10 किसानों को उड़द एवं मूंग बीज का कीट प्रदान किया। उप निदेशक कृषि ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि पाने वाले किसान हर हाल में फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

### तरन्नुम खान को नेट–पीएचडी परीक्षा में सफलता

**दिलदारनगर।** बाजार स्थित वार्ड नंबर एक अम्बेडकर नगर की निवासीनी और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की मेधावी छात्रा तरन्नुम खान ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा और पीएचडी प्रवेश परीक्षा में बड़ी सफलता प्राप्त किया है। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–2024 में तरन्नुम खान ने 93 .49 पर्सेंटाइल हासिल किया है। पेशे से निजी ड्राइवर फीरोज खां की पुत्री तरन्नुम की इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्रथम श्रेणी में दिलदार नगर से और प्रथम श्रेणी में स्नातक, बीएड व एमपीएड की उपाधि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से प्राप्त किया है। मालूम हो कि तरन्नुम खान भांवरकोल ब्लॉक के महेन्द गांव की मूल निवासीनी हैं और दिलदारनगर बाजार स्थित अपने नानीहाल में रहती हैं। तरन्नुम की इस उल्लेखनीय सफलता पर क्रिसेंट कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य अब्दुल कलाम खा, इस्तेखार खा, शशांक पांडेय, जुनैद खां, जावेद खां, मंसूर खां, मसीहुल हक खां, इफ्तिखार खां, तौसीफ गोया, अख़्लाक अंसारी, दानिश खां, शहरयार अहमद, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तरन्नुम खान को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# तत्काल टिकट के लिए रात से ही लाइन, सुबह मिल रही मायूसी

**परेशानी**

### महाकुंभ,सहालग के कारण यात्रियों की ट्रेनों में हो रही भीड़

**गाजीपुर।** वाराणसी-छपरा रेल ट्रैक पर महाकुंभ, सहालग के कारण यात्रियों की भीड़ गई है। कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाना परदेशियों की यात्रा में बाधा बन रहा है। दिल्ली, मुंबई सहित अन्य स्थानों से आने वाली ट्रेनों में नो रूम या लंबी वेटिंग चल रही है। तत्काल आरक्षण का टिकट पाने के लिए बुकिंग काउंटर पर कुछ ही सेकंडों में बुक होने से भी टिकट नहीं मिल पा रहा है।

रात भर लाइन लगाकर टिकट की चाह में पहुंचने वालों को सुबह कांउटर खुलते ही सिर्फ एक-दो यात्रियों का ही टिकट बुक हो पा रहा है शेष को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। महाकुंभ स्नान, वैवाहिक कार्यक्रम व त्योहारों को लेकर ट्रेनों में आरक्षित कन्फर्म सीट के लिए मारामारी के हालात है। स्थिति यह है कि घर आने तथा त्योहार के बाद वापस जाने के लिए लोगों को ट्रेनों में



सीट नहीं मिल रही है। ट्रैक पर संचालित ट्रेनों में दो माह पूर्व ही सीट की बुकिंग फुल हो चुकी है। जिससे यात्रियों की समस्या बढ़ गयी है। घर, परिवार या रिश्तेदारी में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने घर आए लोग वापस मुंबई, दिल्ली गुजरात, हैदराबाद आदि स्थानों पर लौटने की तैयारी करने वालों की राह में कन्फर्म टिकट न मिलने से परेशान हैं। रेल ट्रैक पर संचालित स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, सुहेलदेव एक्सप्रेस, शब्दभेदी एक्सप्रेस, गाजीपुर-बाद्रा एक्सप्रेस, गाजीपुर-वैष्णों देवी कटरा समेत अन्य ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। कई ट्रेनों में नो रूम तक की स्थिति बनी है।

तत्काल कोटे का टिकट लेने के लिए रात भर स्टेशन पर लाइन लगाने के बाद कुछ ही सेकंड में टिकट बुक होने से यहां भी रेल यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है।

### एसी और न ही स्लीपर कोच में मिल रही जगह

शनिवार को तत्काल टिकट के लिए लाइन में लगे लोगों को न तो एसी में जगह मिली और न ही स्लीपर कोच में। ऐसे में कई यात्री मायूस होकर लौट गए। दिल्ली में रहने वाले सारीपुर निवासी अंजनी पांडेय बताया कि तीन दिन से तत्काल कोटे का टिकट लेने के लिए परेशान हैं लेकिन, टिकट नहीं मिल पा रहा है। सुजानपुर निवासी शफीक मुंबई में रहते हैं। बताया कि वैवहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मुंबई से मालिक का फोन आ रहा है, जाना भी जरुरी है। लेकिन कन्फर्म टिकट नहीं मिलने से लग रहा है कि अब वेटिंग के टिकट पर भीड़ में यात्रा करनी होगी। अन्य परदेशियों का भी यही हाल है। शनिवार को रेलवे स्टेशन पर एसी कोच में तत्काल टिकट के लिए 10 लोगों ने नंबर लगाया था, जिसमें अधिकांश मुंबई, गुजरात आदि क्षेत्रों के लिए जाने वाले थे। लेकिन सिर्फ तीन लोगों के ही टिकट बन सके और बाकी यात्री मायूस रहे। इसी तरह का हाल स्लीपर कोच की भी रहा। स्लीपर में तत्काल टिकट के लिए 20 लोगों ने नंबर लगाया था। इसमें आठ लोगों के ही टिकट बन पाए। स्लीपर कोच में ज्यादा मारामारी रही। अधिकांश यात्रियों को तत्काल का भी टिकट नहीं मिल पाया।

### नियमित हो रही बुकिंग

स्टेशन मास्टर ने बताया कि तत्काल कोटे का टिकट नियमित बुक हो रहा है, लेकिन भीड़ अधिक होने तथा समिति समय में तत्काल कोटे की आरक्षित टिकट बुक हो जा रहे है। फिर भी कोशिश रहती है कि तत्काल कोटे से अधिक से अधिक यात्रियों को टिकट बुक हो सके।